होली की शुभकामनाएं
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 | रांची, सोमवार, 25 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-55, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय सामाजिक समरसता का एक अनूठा ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
जदयू ने लोस चुनाव के लिए बिहार में ...12 देश-विदेश

## शुभकामनाएं

राष्ट्रीय नवीन मेल के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, कर्मयोगी एवं शुभचिंतकों को 'होली' की हार्दिक शुभकामनाएं।

– संपादक

## अवकाश की सूचना

'होली' के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 25 मार्च (सोमवार) से 26 मार्च (मंगलवार) तक बंद रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक 28 मार्च (गुरुवार) को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,850

चांदी (1 किलो) 80,500

## आज के मैच

समय : 25 मार्च, 7:30 बजे से

स्थान : बेंगलुरु

## रमजान मुबारक

सेहरी 04:24

इफ्तार 06:05



रविवार को ईसाई समुदाय के लोगों ने राजधानी रांची के रोमन कैथोलिक चर्च से 'पाम संडे' पर आयोजित जुलूस में हिस्सा लिया। *(आईएएनएस)*

### जिनकी कोठियों पर कभी सजती थी होली की महफिल

# आज वो काल कोठरी में मनाएंगे होली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सहित दो आईएएस अधिकारियों पूजा सिंघल, छविरंजन और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश सहित कई बिल्डर व रसूखदारों की होली इस बार होटवार जेल में ही मनेगी। पूजा सिंघल को छोड़ कर सभी की जेल में पहली होली मनेगी। पिछले साल भी पूजा सिंघल की होली जेल में ही मनी थी। कभी होली पर इनकी कोठियों में महफिल सजती थी, लेकिन आज ये काल कोठरी में होली मनाने को मजबूर हैं। सीएम होने के नाते हेमंत सोरेन होली में परिवार और लोगों के बीच मौजूद रहते थे, खूब उत्साह और मस्ती के साथ होली मनाते थे। लेकिन इस बार उन्हें



आमलोगों और परिवार से अलग होली जेल में मनानी पड़ेगी। उनके घर में इस बार होली फीका रहेगा। हेमंत के जेल जाने से पार्टी के कार्यकर्ता और नेता भी काफी मायूस और दास हैं, इसलिए वे लोग भी होली का जश्न नहीं मनाएंगे। उसी तरह आईएएस



छविरंजन और पूजा सिंघल का भी हाल है, जिन्हें परिवार से दूर जेल के काल कोठरी में ही होली मनानी पड़ेगी। इलोगों की तरह कई रसूखदार भी इन दिनों होटवार जेल में बंद है, उनमें पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेमप्रकाश, इंजीनियर



वीरेंद्र राम, अमित अग्रवाल, योगेंद्र तिवारी, दाहू यादव सहित करीब दो दर्जन लोग होटवार जेल के सलाखों के पीछे बंद हैं। ये सभी जमीन घोटाले, अवैध खनन सहित कई मामलों में आरोपी हैं। जिन्हें ईडी ने जांच के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# होली से एक दिन पहले पलामू में डबल मर्डर

### एक की हत्या के बाद दूसरे युवक को कोयल नदी में खदेड़कर रेता गला

### मृतकों की थी अपराधिक छवि, वर्चस्व की रंजिस में हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

शहर और शहर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के कोयल तटीय सेमरटांड में रविवार को सुबह सवेरे दो युवकों की कला रेत कर हत्या कर दी गई। इस घटना की खबर फैलते शहर में सनसनी फैल गई। हालांकि दोनों मृतकों की छवि अपराधिक रही थी। दोनों के खिलाफ चैनपुर व पाटन थाने में कई गंभीर मामलो से जुड़ी एफआईआर दर्ज है। मृतकों में राजेश साव पिता देवनंदन साव उम्र करीब 22 वर्ष तथा सुजीत भुईयां पिता बौध भुइयां उम्र करीब



22 वर्ष शामिल हैं। दोनों सेमरटाड के रहने वाले थे। हत्या के पीछे क्षेत्र में वर्चस्व के लिए दो गुटों में चल रही आपसी रंजिश को कारण माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवो को एमएमसीएच पहुंचाया। समाचार लिखने तक इस हत्या की प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी। हालांकि पुलिस तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार राजेश साहू की हत्या कोयल नदी किनारे कब्रिस्तान के पीछे घात लगाये हमलावरों ने गला काटकर कर दी। जिसके बाद मौके से भाग रहे सुजीत भुईयां की हत्या कोयल नदी में खडेड़कर शहर नावाटोली शिव मंदिर के पास कोयल नदी के किनारे कर दी। जानकारी के अनुसार राजेश साहू सुबह करीब 7:00 बजे शौच के कोयल नदी किनारे गया हुआ था। वहीं उसकी मुलाकात सुजीत भुईयां से हो गई। दोनों कब्रिस्तान के पीछे पेड़ के नीचे मिलकर बैठा करते थे। रविवार को भी दोनों मिलकर बैठे हुए थे कि अचानक दूसरे गुटके लोगों द्वारा हमला कर दिया गया। जब तक दोनों कुछ समझ पाते तब तक राजेश साव की हत्या कर दी गई। हत्या होते देख सुजीत भुईयां नदी में भागने लगा। अपराधियों ने उसे नदी में दौड़ाते हुए नदी के दूसरे तरफ नावाटोली के नजदीक पहुंचे तो सूचित भुईयां अचानक नदी में गिर गया और अपराधियों ने दबोच कर उसकी भी हत्या कर दी और फरार हो गए।

घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने मेदिनीनगर शाहपुर पूल को जाम कर दिया। करीब एक घंटा जाम रहने के बाद एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद तथा थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी दल बल के साथ पहुंचे और समझा बुझाकर जाम हटवाया।

### भाजपा ने 111 लोकसभा उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी की

# चतरा से कालीचरण सिंह, धनबाद से ढुलू महतो व दुमका से सीता सोरेन को टिकट

### अरुण गोविल और कंगना रनौत उम्मीदवार, वरुण गांधी व अश्वनी चौबे का टिकट कटा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

भाजपा ने रविार की रात 111 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पांचवीं सूची जारी कर दी है। इसमें झारखंड के चतरा से कालीचरण सिंह, धनबाद से ढुलू महतो व दुमका से सीता सोरेन को टिकट दिया गया है। मालूम हो कि चतरा से सुनील सिंह दो टर्म से लगातार सांसद चुने जाते रहे थे। वहीं दुमका सीट से पहली सूची में घोषित सुनील सोरेन का टिकट काटकर दिशोम गुरु के परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन को मैदान में उतारा गया है। पार्टी ने लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पांचवीं सूची में उत्तर प्रदेश के मेरठ से 'रामायण' सीरियल में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल को और हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से प्रसिद्ध अभिनेत्री कंगना रनौत को उम्मीदवार घोषित



किया है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से वरुण गांधी का टिकट काट कर जितिन प्रसाद को और बिहार के बक्सर से केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे का टिकट काट कर मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि वरुण गांधी की माता और वर्तमान सांसद मेनका गांधी को सुल्तानपुर से उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी ने थोड़ी देर पहले ही भाजपा में शामिल होने वाले नवीन जिंदल को हरियाणा के कुरुक्षेत्र सीट से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने ओडिशा के संबलपुर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं पुरी से संबित पात्रा को उम्मीदवार घोषित किया है। केंद्रीय मंत्री और गाज़ियाबाद से वर्तमान लोकसभा सांसद जनरल (रिटायर्ड) वी.के. सिंह और कानपुर से सांसद सत्यदेव पचौरी ने लिस्ट आने से पहले ही इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया था। इस वजह से पार्टी ने दोनों संसदीय क्षेत्रों से नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। गाजियाबाद से अतुल गर्ग और कानपुर से रमेश अवस्थी को उम्मीदवार घोषित किया है। अन्य बड़े उम्मीदवारों की बात करें तो भाजपा ने आंध्र प्रदेश के राजामुंदरी से डी. पुरंदेश्वरी एवं राजमपेट से एन किरण कुमार रेड्डी, बिहार के पश्चिम चंपारण से संजय जायसवाल, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### कांग्रेस ने वाराणसी से पीएम मोदी के खिलाफ अजय राय को उतारा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आगामी लोस चुनाव के लिए शनिवार शाम को अपने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की, जिसमें 45 उम्मीदवार शामिल हैं। पार्टी ने राजस्थान की नागौर सीट आरएलपी के लिए छोड़ी है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची के मुताबिक, पार्टी ने अजय राय को वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मैदान में उतारा है। 2012 में कांग्रेस में शामिल हुए राय उत्तर प्रदेश में पांच बार के विधायक हैं। उन्हें वाराणसी क्षेत्र में मजबूत नेता माना जाता है। सूची में पश्चिम बंगाल, असम, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और छत्तीसगढ़ से एक-एक उम्मीदवार शामिल हैं, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, मणिपुर और राजस्थान से दो-दो, महाराष्ट्र से चार, तमिलनाडु से सात, उत्तर प्रदेश से नौ और मध्य प्रदेश से 12 उम्मीदवार।

## आजकल




# हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में दी हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

### जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत में होगी सुनवाई

### हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई एक अप्रैल को होगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई एक अप्रैल को होगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत में यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। हेमंत सोरेन



ने विधानसभा सत्र की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति नहीं देने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर उन्होंने कहा है कि जेल में बंद जन प्रतिनिधियों को सत्र के दौरान शामिल होने की अनुमति मिलती है। हाई कोर्ट और ईडी कोर्ट में इससे संबंधित अदालतों के आदेश को पेश भी किया गया था, लेकिन हाई कोर्ट ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# आरपीएफ ने 24 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन से एक तस्कर को 24 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम गुलशन कुमार बताया गया है। वह उत्तर प्रदेश के कुशीनगर का रहने वाला है। इसके पास से चार पैकेट में कुल 24 किलो गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा का बाजार मूल्य दो लाख 40 हजार बताया जा रहा है। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर हटिया स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर एक को व्यक्ति काले रंग का पिट्ठू बैग और एक ट्रॉली बैग के साथ संदेहास्पद स्थिति में देखा गया। संदेह के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### लातेहार में 44 लाख रुपये के मादक पदार्थ बरामद, दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के सेमरसोत गांव में छापेमारी कर लगभग 44 लाख रुपये का मादक पदार्थ बरामद किया है। बरामद सामग्रियों में 46.5 किग्रा डोडा, 32 किग्रा गांजा और 4.2 किग्रा अफीम है। पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें 29 वर्षीय इंद्रदेव गंझू (पिता लादु गंझू) ग्राम सेमरसोत, चौकीदार टोला, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार और 28 वर्षीय ज्योतिष गंझू (पिता महजिद गंझू) ग्राम सेमरसोत, चौकीदार टोला, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार शामिल हैं। इस संबंध में एसपी अंजनी अंजन ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना पर बालूमाथ डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने सेमरसोत गांव में छापेमारी की। इस दौरान ज्योतिष गंझू और इंद्रदेव के घर में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# मैं यह चुनाव 5 लाख से ज्यादा वोटों से जीतूंगा : गडकरी

### मेरी राजनीतिक विरासत पर कार्यकर्ताओं का अधिकार

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

इतने विश्वास व दमदारी से कम ही नेता अपने जीत का दावा कर सकते हैं जैसा पूर्व भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मैं 5 लाख से ज्यादा वोटों से जीतूंगा। उन्होंने कहा कि मैं नागपुर (संसदीय क्षेत्र) को कभी नहीं भूला हूं और कभी भूलूंगा भी नहीं। गडकरी ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि मैं यह चुनाव 5 लाख से ज्यादा वोटों से जीतूंगा। आप सभी ने मुझे प्यार दिया है, मैं देश में जो भी काम कर पाया हूं वह आपके प्यार व समर्थन



की वजह से है। जो भी काम कर रहा हूं, इसका श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता को जाता है। मैं नागपुर को कभी नहीं भूला हूं और कभी भूलूंगा भी नहीं। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन व ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# इंडिया सोशल मीडिया से आभासी होती होली और फीके पड़ते रिश्ते

शहर से लेकर कस्बों तक खुलते



सुनील बादल

अंग्रेजी माध्यम के स्कूल, आधुनिकता की दौड़ में लगे युवा, वीरान होते गांव और चमकते महानगरों के बीच सनातनियों के लाख प्रयास के बाद भी धीरे-धीरे बसंतोत्सव होली रंगों का त्यौहार न होकर आभासी होती जा रही है और नौकरी या व्यवसाय के लिए घर छोड़ चुके लोग और आधुनिकता के नाम पर युवा पीढ़ी होली से विमुख हो रही है या होली के मैसेज तक सीमित हो गई है। कुछ दशकों पूर्व होली भारत का सबसे रंगारंग त्योहार था जिसमें कीचड़, रंग और हुड़दंग से सड़कें सूनी हो जाती थीं पर आज नशे में झूमते आधुनिक युवाओं की टोली भले बिहार, झारखंड, यूपी में राह रोक पर अब वो बात नहीं जो महीनों तक उत्सव का माहौल होता था और हर कोई विद्यार्थी से लेकर नौकरीपेशा अपने गांव या कस्बे तक पहुँचने के लिए बेचैन रहता था। अब दो दिनों की छुट्टियाँ या तो सो कर बिताई जा रही या बड़े शहरों के युवा से लेकर बड़े तक घूमने तक निकल जाते हैं। अब वो बेचैनी या उत्सुकता नहीं रही जिसमें अपने गांव कस्बे या शहरों में पुराने साथियों संबंधियों से मिलने और पुरानी यादों को ताजा करने की गर्मजोशी हुआ करती थी। यही कारण है कि कई होली स्पेशल ट्रेनें खाली चली जबकि पहले होली के समय तिल रखने की जगह नहीं हुआ करती थी। इसका एक बड़ा कारण महंगाई भी है। ऑटो से लेकर हवाई जहाज तक कोरोना के बाद जो किराया बढ़ा वो कम नहीं हुआ। बहुत लोगों ने यह भ्रम भी फैलाया कि होली में पानी की बहुत बबार्दी होती है और सभी रंग या गुलाल त्वचा के लिए बहुत हानिकारक हैं। यह बात भी सही है कि शिक्षा



और जागरूकता से लोग सजग हुए हैं और होली के नाम पर हुड़दंग या अश्लीलता से बहुत से लोग इससे दूर हो गए हैं पर सवाल यह भी उठता है कि जिस समाज ने मयार्दा का उल्लंघन किया है क्या वही समाज इसे कम नहीं कर पा रहा । होली असल में ऋतुराज बसंत का त्योहार है जिसके पीछे धार्मिक कारणों से अधिक वैज्ञानिक कारण भी हैं। फाल्गुन की पूर्णिमा को होली का त्यौहार पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। लगभग हर प्रांत में अलग रिवाजों का चलन है। होली का त्यौहार उस समय मनाया जाता है जब जाड़े का मौसम समाप्त होने के बाद गर्मी की शुरूआत होती है ठंड के बाद मौसम की गर्माहट की वजह से शरीर में सुस्ती आना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। ऐसे समय में होली का आना, शरीर की सुस्ती को दूर करने का एक अच्छा माध्यम भी है। रंगों की मस्ती और ढोल-नगाड़े के बीच जब लोग जोर से गाते हैं या बोलते हैं, ये सभी बातें शरीर को नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। इसके अलावा जब प्राकृतिक शुद्ध रंग और अबीर शरीर पर डाला जाता है, तो इसका उस पर अनोखा प्रभाव होता है। पहले जब आज की तरह दवाएं या एंटीबायटिक की खोज नहीं हुई थी तब ये धोने के क्रम में शरीर को स्वच्छ कर देते थे। पहले होली पर लोग ढाक(पलाश) के फूलों या अन्य प्राकृतिक फूलों से रंगीन पानी और विशुद्ध अबीर और गुलाल तैयार किया करते थे, जिसका शरीर पर शांति देने वाला प्रभाव पड़ता था।हालांकि आज होली में केमिकल रंगों का इस्तेमाल होने लगा है, जिसे स्वास्थ्य की दृष्टि से बिल्कुल भी सही नहीं कहा जा सकता। होली में एक-दूसरे पर रंग-गुलाल आदि डालकर प्रेम और मित्रता का वातावरण उत्पन्न किया जाता है, जिससे सामाजिक सौहार्द्र बढ़ता है। सामाजिक सौहार्द के साथ-साथ रंगों का सेहत पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।

# लोस चुनाव : दिल्ली की राजनीति में झारखंड की आवाज बनने को तैयार हैं महिला विधायक

**राणा अरुण सिंह, मेदिनीनगर**

झारखंड की राजनीति हमेशा से राष्ट्रीय फलक पर झलकती रही है। लेकिन इस लोकसभा चुनाव में झारखंड के राजनीतिज्ञ केन्द्र तक प्रदेश की आवाज को बुलंद करना चाहते हैं। यही कारण है कि झारखंड के कई विधायक लोकसभा संसदीय सीट से दावेदारी पेश कर रहे हैं। इसमें महिला विधायक भी पीछे नहीं हैं। यूं तो भाजपा ने 14 लोकसभा सीटों के लिए 11 सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। जबकि विपक्षी गठबंधन की ओर से अभी तक प्रत्याशियों की नाम की घोषणा अधिकृत रूप से नहीं की है। इससे झारखंड की राजनीति में सरगर्मी तेज हो गयी है। झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता इस बार चतरा संसदीय सीट से राजद

### टिकट मिलने पर आजमाएंगी किस्मत



की टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। वे चतरा से भी विधायक हैं। दूसरी ओर हजारीबाग से विधायक रहे मनीष जायसवाल को इस बार भाजपा ने हजारीबाग से उम्मीदवार घोषित किया है। दूसरी ओर उनके खिलाफ कांग्रेस मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। वे अभी कुछ दिन पूर्व भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि महत्वाकांक्षा के कारण वे भाजपा की ओर से प्रत्याशी की घोषणा के बाद पाला बदल कर कांग्रेस खेमा में शामिल हुए हैं। झारखंड की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनानेवाली कुछ महिला विधायक भी इस बार दिल्ली का रास्ता तय करना चाहती हैं। यही कारण है कि इंडी गठबंधन से टिकट पाने के लिए इन महिला विधायकों के समर्थकों की ओर से दावा किया जा रहा है कि टिकट मिल सके। टिकट पाने की दौर में मांडर की कांग्रेस विधायक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## रांची की एक बात खास है, यहां का आदमी झकास है : सुरेंद्र दुबे

# देश मांगता एक ही दान, तुम केवल कर दो मतदान : सुरेंद्र शर्मा

◆मारवाड़ी भवन में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने लोगों को खूब गुदगुदाया

◆जो सरहदों पर खेलते हैं खून की होली, हमारे देश के रणबांकुरे को सौ नमन मेरा : साक्षी तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। होली के अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति ने मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजकुमार गाड़ोदिया एवं विशिष्ट अतिथि मुंबई स्टॉक एक्सचेंज के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने समिति द्वारा विगत कई वर्षों से कराए जा रहे हास्य कवि सम्मेलन की प्रशंसा की। तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल, सचिव अनिल अग्रवाल, विनोद जैन, ललित कुमार पोद्दार, पवन शर्मा, पवन पोद्दार, रतन मोर, किशोर मंत्री, कमल जैन, कौशल राजगढ़िया, मनोज चौधरी, रमन बोडा, प्रवक्ता संजय सर्राफ सहित अन्य सदस्यों ने कवि सम्मेलन मे पधारे ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र दुबे, अनिल अग्रवाल अग्रवंशी, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी एवं कवियत्री साक्षी तिवारी को होलीयाना अंदाज में सब्जी की माला, पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया।

स्वागत भाषण देते हुए समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने कहा कि समिति विगत 8 वर्षों से कवि सम्मेलन का आयोजन करा रही है। अब तक देश के कई नामी-गिरामी हास्य कवियों इस आयोजन में शिरकत की है। यह आठवां आयोजन है। कवि राजेश अग्रवाल कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए हंसी के फव्वारे की बौछार करते तीखे वाण व्यंग का मधुर संगम पेश किया। हास्य रस के विख्यात कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा ने अपने चुटीली हास्य कविताओं एवं अपनी 'चार लाइणै लुगाई पर' कविताओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उन्होंने कहा कि जिंदगी हंसने के लिए है। हजार टेंशन हैं, इसमें हंस लीजिए तो सारे टेंशन रफूचक्कर हो जाएंगे। चुनावी मौसम भी है। उन्होंने कहा 'देश मांगता एक ही दान तुम केवल कर दो मतदान...', 'राम शबरी का झूठा बेर खा सकता है, पर सबरी राम के मंदिर में क्यों नहीं जा सकती...', 'मैं आजतक नहीं समझ पाया कि जो मेरा गंदगी उठाता है, वह मेरे से गंदा कैसे हो सकता है', 'झारखंड में एक आदमी भांग के नशे में भैंस पर ही रंग लगाता रहा, जब हाथ पूंछ पर गया तो बोला, रामू की मां रोज दो चोटी बनाती है, आज एक ही चोटी बनाई', 'इस देश में राजा रावण हो या राम, जनता तो बेचारी सीता है...।'

पद्मश्री हास्य कवि सुरेंद्र दुबे ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। कहा, 'तेरा वजूद किस्तों में बिकता है, बावला है जो कविता लिखता है' और 'रांची की एक बात खास है, यहां का आदमी झकास है।' अनिल अग्रवाल अग्रवंशी एवं लाफ्टर चैलेंज के चैंपियन दीपक सैनी ने अपने-अपने तीखे व्यंग अंदाज से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। कवियों ने अपने अलबेले अंदाज से अपनी हास्य कविताओं के जरिए लोगों को हंसाते-हंसाते लोटपोट कर दिया। उन्होंने वर्तमान राजनीति, देश की हालात, आतंकवाद, सामाजिक बुराइयों पर भी जमकर कटाक्ष किया। वीर रस की कवयित्री लखनऊ की साक्षी तिवारी ने कई चुटकुले व्यंग कविताओं की लड़ी लगा दी। साक्षी तिवारी ने अपने कविता के जरिए कहा, 'रजत लटके सितारों से मुझे मतलब नहीं कोई, मेरा हीरो है हर सैनिक, उन्हीं की शान लिखूंगी', 'जो सरहदों पर खेलते हैं खून की होली, हमारे देश के रणबांकुरे को सौ नमन मेरा...।' कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में पंकज पोद्दार, महावीर सोमानी, कमल सिंघानिया, भगवती सिंघानिया, मनोज सिंघानिया, रविंद्र मोदी, संजीव विजयवर्गीय, कुणाल अजमानी, ललित कुमार पोद्दार, पवन पोद्दार, अनिल अग्रवाल, विनोद जैन आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रतिबंधित मांस बेच रहा व्यक्ति गिरफ्तार, जेल भेजा गया

खलारी। खलारी थानान्तर्गत जी टाइप कालोनी में प्रतिबंधित मांस बेचने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिल रही थी कि जी टाइप में गो मांस लाकर बेचा जा रहा है। सोमवार को औचक छापेमारी के दौरान मांस बेचने वाला रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी तौहीद कुरैशी, ग्राम लातुर, थाना कुडू (लोहरदगा) का रहने वाला है। तौहीद बाहर से प्रतिबंधित मांस लाकर जी टाइप कालोनी में बेचा करता था। सोमवार को वह मांस बेचते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने करीब 25 किलो प्रतिबंधित मांस जब्त कर नष्ट किया। वहीं आरोपी तौहीद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### खलारी पुलिस ने चलाया अवैध शराब के खिलाफ अभियान



**खलारी** । खलारी थाना प्रलिस ने सोमवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया। थानाक्षेत्र के करकट्टा विश्रामपुर में छापेमारी कर महुआ शराब बनाने वाले भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान 20 लीटर तैयार महुआ शराब तथा 70 किलो जावा महुआ को जब्त कर नष्ट कर दिया गया। खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

### झंडा क्षतिग्रस्त करने के मामले में एक को जेल

**मांडर।** मांडर पुलिस ने रविवार को मारिया टोली निवासी मनोज खलखो नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके ऊपर सोसई आश्रम मैदान में लगे एक धार्मिक झंडे को काटकर फेंक देने का आरोप था । मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से एक धार्मिक झंडा सोसई आश्रम मैदान में गड़ा हुआ था ।रविवार की सुबह लगभग 10:00 बजे मारिया टोली निवासी सेवानिवृत फौजी मनोज खलखो मैदान में पहुंचा और झंडे को किसी धारदार हथियार से काटने लगा।उसके द्वारा किए जा रहे इस कार्य को किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड भी कर लिया। यह घटना क्षेत्र में तेजी से आग की तरह फैली और देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में लोग मैदान में जमा हो गए। इस घटना को लेकर मनोज खलखो के खिलाफ लोगों में काफी आक्रोश दिखा । कुछ बुद्धिजीवी लोगों से सूचना मिलते ही मांडर थानेदार राहुल घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों के आक्रोश को शांत कराया। आरोपी को तत्काल जेल भी भेज दिया गया। थाना प्रभारी और कुछ बुद्धिजीवियों के सूझबूझ के कारण सांप्रदायिक सौहार्द लोगों के बीच कायम रहा।

### सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण जरूरी : दुर्गा कच्छप

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के जिबलोंग में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति शाखा अरहरा के तत्वावधान में सरना झंडागड़ी सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। अजय तोपनो, जोहान तोपनो व ग्रेस तोपनो की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई और विभिन्न मंडलियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सरना भजन प्रस्तुत कर भक्तिमय बनाया। समारोह में मुख्य अतिथि कें तौर पर धर्मगुरु बगरय मुंडा और विशिष्ट अथिति दुर्गा कच्छप उपस्थित थे। इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराइयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है। विशिष्ट अतिथि दुर्गा कच्छप ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित विश्व का प्राचीनतम धर्म है।इसमें आज भी सच्चाई, अच्छाई, ईमानदारी व निष्ठा है परंतु धार्मिक प्रतिस्पर्द्धा में धीरे-धीरे अपनी मूल अस्तित्व व अस्मिता लुप्त होती जा रही है। इससे न केवल धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था कमजोर हुई है, बल्कि जल-जंगल-जमीन से भी बेदखल होना पड़ रहा है। मानव जीवन के समुचित विकास कें लिए सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण व संवर्धन जरूरी है।

### खूंटी जिले में दो दिन मनाई जाएगी होली



**खूंटी।** जिले में दो दिन मनाई जाएगी होली। कुछ जगहों पर सोमवार को तो कुद जगहों पर मंगलवार को होली मनाई जाएगी। इस संबंध में गणेश पंडित जी ने बताया कि रविवार को रात्रि 10.28 तक भद्रा है। भद्रा की समाप्ति के बाद 10.29 से 12.15 तक होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। उन्होंने बताया कि सोमवार को दिन के 11.31 तक पूर्णिमा तिथि है। उदया तिथि को मानने वाले मंगलवार को होली मनायेंगे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को होली मनाना ही शास्त्रसम्मत है। इधर कुछ लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में होलिका दहन फगुवा या संवत काटने की परंपरा है। संवत या फाग कटने के दूसरे दिन ही रंगोत्सव मनाने की सदियों पुरानी परंपरा है। इसलिए कुछ जगहों पर सोमवार को ही मनाई जायेगी। मुरहू प्रखंड के राजा कुंजला में होली को लेकर ग्राम अध्यक्ष काशीनाथ महतो की अध्यक्षता में ग्रामीणों की हुई बैठक में सोमवार को होली मनाने का निर्णय लिया गया।

### दर्जनों गांवों में होलिका दहन के साथ हुई होली की शुरुआत



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के देवगांव सहित दर्जनों गांवों में होलिका दहन के साथ होली पर्व का शुभारंभ किया गया। होलिका दहन असत्य में सत्य की विजय एवं बुराई के ऊपर अच्छाई की जीत का प्रतीक है इस दिन सभी लापुंग वासियों ने नए जोश और नए उमंग के साथ होली का शुभारंभ किया गया है लापुंग प्रखंड के देवगांव में मौके पर श्यामलाल शेखर सिंह, नंदलाल शेखर सिंह , सुदर्शन महतो, सुकटा महतो, पिटूल महतो, रामानंद महतो, संजय कुमार , प्रदीप सिंह, नवदीप सिंह, मनीष सिंह के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड के फतेहपुर, ककरिया, दोलैचा, लालगंज, सुकुरहुटू, दानेकेरा, महुगांव, गुदगुद, बोकरन्दा बड़काकुरा, सरसा, नावाटोली लतरातु सहित दर्जनों गांवों में होलिका दहन कार्यक्रम देर रात धूमधाम से आयोजित की गई। इस दौरान प्रतीकात्मक रूप से होलिका का दहन किया गया। वहीं भगवान विष्णु के भक्त प्रहलाद की पूजा अर्चना की गई। होलिका दहन कार्यक्रम के दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई।

## एक नजर

### रिम्स अस्पताल के ट्रामा सेंटर में इलाजरत कैदी फरार

रांची। रिम्स अस्पताल के ट्रामा सेंटर में इलाजरत कैदी पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) का कुख्यात राजा सिंह उर्फ राजू दो पुलिसकर्मियों को चकमा देकर रविवार को फरार हो गया। राजा सिंह को जमशेदपुर के घाघीडीह जेल से इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल लाया गया था। जमशेदपुर से उसे दो जवानों की सुरक्षा में भेजा गया था लेकिन दोनों जवानों और रिम्स की सुरक्षा को चकमा देकर वह फरार हो गया। अपराधी राजा सिंह उर्फ राजू को जमशेदपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घाघीडीह जेल जमशेदपुर में रहने के दौरान राजा सिंह को पेट की बीमारी हुई थी, जिसके बाद उसे जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में पहले भर्ती करवाया गया था। उसे 22 मार्च को रांची के रिम्स अस्पताल रेफर किया गया था। थाना प्रभारी बरियातू ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी की तलाश की जा रही है। उसका इलाज रिम्स के ट्रामा सेंटर में चल रहा था।

### होली सद्भावना और भाईचारा का पर्व : राजकमल गोप

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। श्यामलाल शेखर सिंह और बेड़ो निवासी मोतीलाल गुप्ता ने अपने फगुआ गीत से सभी को खूब झुमाया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप ने कहा कि होली सद्भावना और भाईचारा का पर्व है। होली पर्व एक भाईचारगी का पर्व है, यह लोगों को अपने सभी गिले सिकवे मिटा कर एक दूसरे के साथ मिलकर रहने का संदेश देता है । इस मौके पर प्रसिद्ध लोक कलाकार मोतीलाल गुप्ता, समिति के सचिव संजय कुमार महतो, जयनाथ शेखर सिंह, मंतर मिस्त्री, बिहारी सिंह के साथ दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं : के रवि कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को कहा कि चुनाव प्रबंधन के संबंध में हरेक स्तर के लिए जिम्मेदारियां तय हैं। इसलिए निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारी, कर्मी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। मतदान की तैयारी में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। जानकारी की कमी से कहीं भी मतदाताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए। रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन संचालन के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ से लेकर निवार्ची पदाधिकारी तक के लिए स्पष्ट प्रावधान किए हैं। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। ऐसे किसी भी शिकायत पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य के जिन-जिन मतदान केन्द्रों पर पूर्व के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है, वैसे चिन्हित मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कराकर मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम का मिलान करें। मतदाताओं की उदासीनता को दूर करने के लिए उन्हें जागरूक करें। साथ ही यदि मतदाताओं को पूर्व में यदि कोई असुविधा हुई हो, तो उसका तत्काल निराकरण करते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। रवि कुमार ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 प्राप्त करने की प्रक्रिया में गति लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने डोर टू डोर सर्वे के दौरान छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए पंचायत/वार्ड स्तर पर उपलब्ध मानव संसाधन के बेहतर इस्तेमाल का निर्देश दिया।

### इन तिथियों तक संग्रह किए जाएंगे फॉर्म 6

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में फार्म 6 प्राप्त करने के लिए अलग-अलग तिथि निर्धारित की है। एक अप्रैल को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयुवर्ग के छूटे हुए अन्य योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर नामांकन की अंतिम तिथि के 10 दिन पूर्व तक फॉर्म 6 प्राप्त करने की तिथि निर्धारित है। सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा एवं पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 15 अप्रैल तक निर्वाचक सूची में नाम जुड़वाने से संबंधित फॉर्म 6 प्राप्त किया जायेगा। चतरा, कोडरमा एवं हजारीबाग के लिए 23 अप्रैल जबकि गिरिडीह, धनबाद, रांची एवं जमशेदपुर के लिए 26 अप्रैल तक फॉर्म 6 प्राप्त किया जाएगा। इसके अलावा राजमहल, दुमका एवं गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए चार मई तक फार्म 6 प्राप्त किये जा सकेंगे।

### खूंटी में 24 कुंडीय राष्ट्र चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का समापन

**खूंटी।** मनुज देवता बने, बने यह धरती स्वर्ग समान, यही संकल्प हमारा जैसे युग गायन के साथ प्रारंभ हुए 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति के साथ रविवार को हो गया। 21 मार्च को लगभग 1100 मंगल कलशधारी श्रद्धालु महिलाओं-युवतियों की भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए चार दिवसीय महायज्ञ का आयोजन स्थानीय खूंटी क्लब में चल रहा था। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित इस यज्ञीय कलश शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान यज्ञ एवम हवन के साथ प्रातः कालीन यज्ञ हवन के साथ कई संस्कार कराये गये। इनमें गुरुदीक्षा, विद्यारंभ, पुंसवन, नामकरण, यज्ञोपवीत, मुंडन संस्कार आदि शामिल हैं। भी कराए गए। साथ ही शाम में भव्य संगीतमय दीपयज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाएं अपने अपने घरों से थाल में दीप लेकर यज्ञस्थल पहुंची थी।

हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन

## समय को ध्यान में रखकर सूखी होली खेलें : डॉ सुनील कश्यप



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया द टेंपल ऑफ वॉरियर्स गुडियारी बाग में 24 मार्च को होली के शुभ अवसर पर हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें .जिले के कोने-कोने से काफी संख्या में समाजसेवी ,साहित्यकार और कवि पहुंचे और होली के साथ-साथ सभी लोगों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत. हंसगुल्ले. हास्य व्यंग्य काव्य पाठ प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। साथ ही एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी । मौके पर सूखी होली खेलने का संकल्प लेते हुए अतिथियों को होली के रंग में रंग गया । मूर्ख अतिथि समाजसेवी विजय मेवाड,. महामूखार्धीरज संस्कृत के विद्वान प्राचार्य डॉ सुनील कुमार कश्यप, मूर्ख अध्यक्ष गणेश पांडेय, मुर्ख मंत्री पुष्पा पांडेय, मूर्ख राजा शशि कुमार पांडेय ,मूर्ख कवि राहुल पांडेय ,महामूर्ख राजा कृतिका चोपड़ा, मुर्ख प्रजा स्मृति भारद्वाज, दीपक चौहान, देवेंद्र कुमार और विनय कुमार को बनाया गया।

पारसोतिया मनसा मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन

## होली का त्योहार एकता व खुशी का संदेश देता है : मनोज कुमार महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

पारसोतिया कोयरी टोला हाई स्कूल के निकट स्थित मनसा मंदिर में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि सरस्वती देवी जिला पार्षद गोला एवं रीना साह मौजूद थे। मौके पर मुख्य अतिथि का बुके देकर उत्साह का साथ स्वागत किया गया। इसके उपरांत सबों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि रंगों का पर्व होली हम सबों को आपस में मिल जुलकर रहने और खुशियां मनाने का संदेश देता है। उन्होंनें ने कहा कि होली का पर्व लोगों के बीच सामाजिक बंधन को मजबूत बनाने का कार्य करता है। क्योंकि इस पर्व में लोग एक दूसरे के साथ खुशियां साझा करते हैं और समृद्धि की शुभकामनाएं देते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस पर्व में लोग विविधता का सम्मान करते हैं और भाईचारगी के साथ इस पर्व को मनाते हुए एकता का संदेश देते हैं। मौके पर दिनेश कुशवाहा, लेखराज महतो, सिंधी मेहता, मनोज महतो, पंकज महतो, दिनेश स्टील, कालीचरण महतो कमेटी के संस्थापक लेखराज महतो, सदस्य बबलू प्रसाद, टिंकू कुशवाहा, कपिल कुमार, सरवन कुमार, अंकित कुमार, जय प्रकाश, पंकज, आनंद, चंदन, चिंटू, विशाल, अमन, अमित, कृष, रंजीत, संजय, पप्पू, धीरज, सरवन आदि उपस्थित थे।

**उत्साह** पतंजलि परिवार का होली मिलन समारोह संपन्न

## पूर्वाग्रह और पुरानी वैमनस्यता को त्याग कर प्रेम व भाईचारगी से मनाएं होली : अनिल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** एपीजे चिल्ड्रेन पार्क में योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा के सान्निध्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया. जिसमें पतंजलि प्रखंड प्रभारी, योग शिक्षक, योग प्रशिक्षक, योग प्रेमी सहित कई योग साधकों ने हिस्सा लिया. सबों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने लोगों से पूर्वाग्रह व वैमनस्यता त्यागकर प्रेम पूर्वक भाईचारगी के साथ होली मनाने का संदेश दिया. साथ ही लोगो से निरोग रहने के लिए नियमित योग करने की अपील किया. मौके पर उन्होंने अष्टांग योग के लाभ और तरीको की जानकारी दिया. महिला प्रखंड प्रभारी रंजू देवी ने भी होली को एक दूसरे के बीच श्रद्धा भाव से मनाने की अपील किया. योग शिक्षिका रचना साहू ने भी आपसी द्वेष व भेद भाव भुलाकर सौहार्दमय वातावरण में होली खेलने की बात कही. कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान के प्रखंड प्रभारी नरेश यादव, सहयोग शिक्षक दीपक सोनी आदि ने भी अपनी की बातें को रखते हुए सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील किया. अंत में सबों ने गुलाल का तिलक लगाकर व बांटकर होली की मुबारकवाद दिया।

## बेड़ो प्रखंड में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के बेड़ो बस्ती, महावीर चौक, हरिहरपुर जामटोली, तुको, बारीडीह, जरिया, कटरमाली, मासू मुडामु, हुटार पुरियो सहित दर्जनों गांवों में में होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित कर विधिवत रूप से होलिका दहन किया गया। बेड़ो बस्ती के मुख्य अखरा के समीप रविवार की रात होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गाय के गोबर से होलिका और प्रहलाद की प्रतिमा बनाकर थाली में रोली, फूल, मूंग, नारियल, अक्षत, साबुत हल्दी, बताशे, कच्चा सूत, फल, बताशे और कलश में पानी भरकर विधिवत पूजा अर्चना की गई। मुहुर्त के आधार पर सिकन्दर सिंह के नेतृत्व में होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के पाहन पुजार सहित कई गाने मान्य लोगों ने हिस्सा लिया। वहीं दूसरी ओर हरिहरपुर जामटोली में लखो महतो , पूजार मंगु उरांव ,पाहन सोमरा उरांव, पाड़हा राजा विशाल उरांव, ग्राम प्रधान रामप्रसाद लोहरा ,समाजसेवी सह मत्स्य मित्र चरवा उरांव, दिलीप उरांव, पंचु उरांव, मनीष महली, सोमा उरांव, गोयंदा उरांव, छोटे सुका उरांव , धनंजय महतो ,चामु हजाम एवं गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं दूसरी ओर तुको, खुखरा, दिघिया, ईटाचिल्दरी, नरकोपी, मुरतो, महुगांव, पाकलमेडी, फादिलमरचा सहित अन्य गांवों में होलिका दहन कार्यक्रम के दौरान देर रात तक लोगों ने होलिका दहन कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# संगीत के ताल पर गीतों की मोहकता में खो गए श्रोता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच ने लालपुर स्थित होटल सिटी पैलेस में रविवार को होली मिलन समारोह सह वसंतोत्सव का आयोजन किया। मंच के स्थानीय कवियों के साथ जमशेदपुर, रामगढ़, धनबाद आदि स्थानों से आए कवियों ने होलियाना अंदाज में एक से बढ़कर एक मस्ती भरे गीतों और कविताओं का पाठ किया। संगीत के ताल पर गीतों की मोहकता ने श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

इस अवसर पर सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह मुख्य अतिथि तथा रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय विशिष्ट अथिति थे। झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के संरक्षक विनय सरावगी विशेष रूप में उपस्थित थे। आगत अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की। सचिव



विनोद सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रेणु बालधर के 'विद्या देने वाली मां सरस्वती तेरा वंदन' से किया गया। प्रसिद्ध पत्रकार सुनील बादल की कविता 'समझो आज होली है', प्रवीण परिमल की 'करो न प्यार होली में', कुमार बृजेंद्र की 'तुम्हारा आना', डॉ अंजेश की 'बांध लो पांव में घुंघरू, दिखा दो चाल होली में', प्रतिभा सिंह की 'कोयल कू कू बोल रही', चंद्रिका ठाकुर देशदीप की 'रंग तो है हजारों चमन में मगर', कामेश्वर सिंह कामेश की 'तुम्हारा तरंग उमंग बधाई है होली में', ऋतुराज वर्षा की 'योगी जी वाह', प्रतिमा मिश्र की 'रंगों की फुहार लाया जीवन में बहार' आदि होली के गीतों और कविताओं की प्रस्तुति से सभागार में बैठे श्रोता झूम उठे।

**झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच ने होली मिलन समारोह सह वसंतोत्सव का किया आयोजन**

झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजीव शर्मा द्वारा मधुशाला के गीतों की प्रस्तुति भी मोहक रही। इन कवियों के अलावे डॉ सुरिंदर कौर नीलम, राज रामगढ़ी, मुक्ति शाहदेव, गिरिजा कोमल, मीरा सोनी, कल्याणी झा, कृष्णा विश्वकर्मा, रेणु झा रेणुका, डॉ राजश्री जयंती, सावन कुमार, ज्योत्स्ना जयंती, डॉ आशीष प्रसाद, मंच के सचिव विनोद सिंह, संयुक्त सचिव वैद्यनाथ मिश्र, रीना गुप्ता आदि कवियों ने भी मस्तीभरे गीतों की प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि गोपाल सिंह ने होली के पर्व को संस्कार, संस्कृति, बंधुता, एकता का प्रतीक मानते हुए कहा कि होली हजारों वर्षों से समाज में चली आ रही परम्परा है। यह पर्व संस्कृति की समग्रता का सूचक है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता में साहित्य के योगदान पर भी प्रकाश डाला। डॉ जेबी पांडेय ने मंच द्वारा साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा होली पर्व की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मंच के उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में भारत के पारंपरिक पर्वों की व्याख्या की। होली के गीतों में राष्ट्रीयता, धार्मिकता, एकता, पारस्परिक प्रेम की भावनाओं की बृहद व्याख्या की। उन्होंने कहा कि सात रंगों की छटा को इंद्रधनुष कहते हैं और सात रंगों के मेल से एकतालीस रंगों का जन्म होता है। ये रंग जीवन के खुशियों के प्रतीक हैं।

कार्यक्रम का संचालन अर्पणा सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के सह सचिव डॉ वैद्यनाथ मिश्र ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय राजगढ़िया, ममता, मनीष सिन्हा, ऋतुराज, वर्षा, सुनीता कुमारी, निशिकांत पाठक, अनुपम श्री, नरेश अग्रवाल, घटा गिरि आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## न्यूज बॉक्स

### होली मिलन समारोह में अबीर-गुलाल से सराबोर हुए रांची के रंगकर्मी



**रांची।** ऑड्रे हाउस परिसर में रांची के रंगकर्मियों ने रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें रांची के करीब 100 रंगकर्मियों ने भाग लिया। सभी अबीर-गुलाल से सराबोर थे।

आयोजन में मां के गीत, भजन, गजल चर्चा आदि के माध्यम से बहुरंगी होली के बहुरंगी तेवर और बजरंगी मिजाज की प्रस्तुति हुई। इस भव्य आयोजन में सबने बढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में रांची रंगमंच की तीन पीढ़ियों के रंगकर्मियों ने भाग लिया। रंगकर्मियों द्वारा अभिनय की प्रस्तुति में नृत्य का समावेश भी प्रस्तुत था। मौके पर कमल कुमार बोस, आशुतोष प्रसाद, सूरज खन्ना, सुकुमार मुखर्जी, अशोक गौड़, जयदीप सहाय, सौराह खन्ना, ओम प्रकाश, संजय लाल, अनिल ठाकुर, शशिकला पौराणिक, रागिनी, नमिता, अंजू बरवा, दिव्या गुप्ता, मोनिका, कुमकुम गौड़, मृदुला प्रिया, रीना सहाय, शैलजा बाला, विनोद जायसवाल सहित अनेकों रंगकर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर शशिकला पौराणिक का जन्मदिन केक काटकर बड़े उल्लास से मनाया गया।

### पलामू स्पोर्ट्स एसोशिएशन के होली मिलन में जमकर हुआ धमाल, लगे जोरदार ठुमके



**रांची।** पलामू स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह राज्यमंत्री सुबोधकांत सहाय थे। राजधानी रांची के पर्ल रेसिडेंसी में आयोजित होली मिलन में एसोसिएशन के सदस्य परिवार के साथ शामिल हुए और जमकर धमाल किया। होली के रंगभरे गीतों पर सभी ने जोरदार ठुमके लगाए। जब सीआरपीएफ के डीआईजी धर्मेंद्र नारायण लाल और जितेंद्र कुमार सिन्हा ने गाना शुरू किया, तो लोग झूम उठे और खूब थिरके। पूरे कार्यक्रम के दौरान अबीर-गुलाल उड़ते रहे। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के सचिव ब्रजेश कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस नेता सुनील कुमार सहाय ने किया। उन्होंने कहा कि होली तो आत्मिक मिलन का पर्व है। आज इस मौके पर एक साथ जुटकर पलामू स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने आत्मिक मिलन किया है। आगे भी ऐसे ही आयोजन होते रहने चाहिए। होली मिलन समारोह में पूर्व डीएसपी अरविंद कुमार सिन्हा, झारखंड विधानसभा के डिप्टी सेक्रेटरी अनूप कुमार लाल, राजेश कुमार सिंह मुन्ना, डॉ अरविंद, पुलिस अधिकारी दयानंद कुमार, दूरदर्शन में इंजीनियर जितेंद्र कुमार सिन्हा (नानजी), निखिल कुमार, दीपक चटर्जी, राजा बागची, राकेश रंजन, अरविंद पाल, निक्की वर्मा, तपस्या सिंह, राजीव मिश्र, अनूप कुमार लाल एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### सृजन संसार की काव्य गोष्ठी 'फागुनोत्सव' में जमकर बरसे होली के रंग




**रांची।** सृजन संसार के तत्वावधान में काव्य-गोष्ठी 'फागुनोत्सव' का आयोजन जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र मेकॉन कॉलोनी श्यामली में रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र की प्राचार्य लिली मुखर्जी और सृजन संसार के संरक्षक सुनील सिंह बादल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सुरिंदर कौर 'नीलम' ने तथा मंच संचालन डॉ रजनी शर्मा 'चंदा' ने किया। इस अवसर चंद्रिका ठाकुर देशदीप, डॉ अंजेश कुमार, प्रणव प्रियदर्शी, प्रवीण परिमल, कामेश्वर सिंह कामेश, चंचल झा, खुशबू बरनवाल, रेनू वाला धार, सूरज श्रीवास्तव, रंजना वर्मा उन्मुक्त, विभा वर्मा वाची, प्रियंका कुमारी, हर्ष मोहन झा, संगीता यादव, रिमी वर्मा, जितेंद्र यादव सहित दर्जनों कवियों ने अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया। मौके पर अरुण कुमार झा, इंद्रजीत यादव भी उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सृजन संसार के अध्यक्ष सह संस्थापक सदानंद सिंह यादव ने किया।

## एक नजर

### सोनम वांगचुक की मांगों के समर्थन में फ्रेंड्स ऑफ लद्दाख ने किया उपवास



**रांची।** शिक्षक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक 'लद्दाख को राज्य का दर्जा' और 'छठी अनुसूची के कार्यान्वयन' की मांग को लेकर विगत 6 मार्च से 21 दिनों की भूख हड़ताल पर हैं। लद्दाख में हो रहे 21 दिवसीय अनशन के समर्थन में नेहा सिन्हा के नेतृत्व में लोग मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में रविवार को दिन में 10:00 बजे से 2:00 बजे के बीच उपवास पर बैठे। इनमे कुमार वरुण, सीबी चौधरी, सुदामा महतो, श्रीनिवास, डॉ करुणा झा, बिपिन लाहिड़ी जैसे झारखंड और रांची के महत्वपूर्ण लोग शामिल थे। ये सभी लोग सोनम वांगचुक और लद्दाख के लोगों के समर्थन में, लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलवाने और छठी अनुसूचि में शामिल करने की मांग को पूरा करवाने के लिए एकजुट हुए थे।

### ईद एक्सपो के निर्माणाधीन परिसर का निरक्षण करने पहुंचे डोरंडा थाना प्रभारी

**रांची।** डोरंडा रिसालदार बाबा दरगाह कमिटी और पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा आयोजित ऐतिहासिक ईद एक्सपो का आयोजन डोरंडा रिसालदार बाबा उर्स मैदान मे आगामी 28 मार्च से 7 अप्रैल तक होगा। रविवार को ईद एक्सपो स्थल का निरक्षण करने डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद पहुंचे। मौके पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर सहित कमिटी के तमाम सदस्यों ने थाना प्रभारी को पगड़ी और माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पहुंचे संरक्षक शाहरूख खान को भी दरगाह कमेटी के अध्यक्ष ने पगड़ी और माला पहनाकर स्वागत किया।

मौके पर थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने ईद एक्सपो आयोजन को खूब सराहा। थाना प्रभारी ने कमिटी के अधिकारियों और सदस्यों के साथ दरगाह परिसर में बैठक भी की, जिसमें ईद एक्सपो बाजार की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। वहीं, उन्होंने कहा कि ऐसे एक्सपो के आयोजन से डोरंडा, रांची के लोगो को रोजगार और ईद के मौके पर खरीदारी के लिए काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर अध्यक्ष अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, उप सचिव जुल्फीकार अली भुट्टो आदि मौजूद थे।

# हुड़दंगियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुस्तैद है बाइक दस्ता



**रांची एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी ने 5-5 बाइक दस्ते को किया रवाना**

**होली पर ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान का भी दिया गया निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर राजधानी रांची में होली पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बाइक दस्ता मुस्तैद है। शहर के आठ थाना क्षेत्रों में 40 बाइक पर 80 पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को तैनात किया गया है। प्रत्येक थाना क्षेत्र में पांच-पांच बाइक दस्ते को सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने रविवार को ब्रीफिंग कर रवाना किया। एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि माहौल खराब करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर है। यदि किसी को जबरन परेशान किया गया, तो कार्रवाई की जाएगी। माहौल खराब करने वालों की पहचान पहले ही कर ली गई है और धारा 107 के तहत नोटिस जारी किया गया है। संवेदनशील इलाकों में भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।

एसएसपी ने बताया कि लगातार ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है।

साथ ही, सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। होली पर रांची जिला बल के अलावा रैफ, रैप और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है। सभी पुलिस स्टेशनों में क्विक रिस्पांस टीम की भी तैनाती की गई है। इस मौके पर सीसीआर डीएसपी राम सामद, इंस्पेक्टर बिमल किंडो सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# होली में फूहड़ गानों का प्रयोग नहीं करें : रवि कुमार पिंकू

**सोना चांदी व्यवसायी समिति ने किया होली मिलन का आयोजन**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोना चांदी व्यवसायी समिति रांची के तत्वावधान में श्री जानकी सोनार मंदिर में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में श्री महावीर मंडल रांची के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अजय कुमार वर्मा, सुनील कुमार, रूपेश कुमार, जीतेंद्र वर्मा, विजय सोनी, राजेश सोनी, अरविंद सोनी, संतोष प्रसाद, विजय पाठक, अन्नू कुमार, राजकुमार सोनी, संजय प्रसाद, प्रदीप बर्मन, सुरेंद्र प्रसाद आदि भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और पुआ पकवान का आनंद लिया। इस अवसर पर श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष ने कहा कि होली रंग और खुशियों का त्यौहार है। इसे खुशियों के साथ शांतिपूर्वक मनाएं। साथ ही, रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि रंग उन्हीं को लगाएं, जिन्हें रंग पसंद हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली में फूहड़ गानों का प्रयोग ना करें। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में शांतिपूर्वक होली मनाएं।

# लोगों को भा रही 'कमल्स द कैटरर्स' की रंगीन व स्वादिष्ट गुझिया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व 'कमल्स द कैटरर्स' प्रतिष्ठान के संचालक कमल अग्रवाल ने होली के अवसर पर विशेष रूप से फलों व चॉकलेट के स्वाद वाली रंगीन व स्वादिष्ट गुझियों की वेराइटी उपलब्ध कराई है। इसमें स्ट्रॉबेरी, ठंढई, पान व चॉकलेट फ्लेवर के गुझियों की विस्तृत श्रृंखला शामिल है। उन्होंने विशेष रूप से होली स्पेशल मिठाई के तौर पर विभिन्न फ्लेवर में हरे, लाल, गुलाबी और पीले रंगों में गुझिया तैयार कर बाजार में उतारा है। कमल अग्रवाल ने लोगों से अपील भी की है कि इस बार होली में विभिन्न रंगों के अबीर-गुलाल सिर्फ लगाएं ही नहीं, बल्कि हरा, गुलाबी, पीला गुझिया भी खाएं। उन्होंने लोगों से होली का भरपूर आनंद उठाने की अपील करते हुए कहा है - 'रंगों की फुहार, फागुन की बहार, गुझियों की मिठास से मनाएं होली मजेदार।' उन्होंने कहा है, होली के अवसर पर एक दूसरों को शुभकामनाओं के साथ रंग-बिरंगे गुझियों का उपहार देकर होली के मजे को दोगुना किया जा सकता है। गौरतलब है कि कमल अग्रवाल विभिन्न पर्व-त्योहारों के मौके पर विशेष रूप से अनोखी व स्वादिष्ट मिठाइयों की विस्तृत श्रृंखला बाजार में उपलब्ध कराते हैं। उनके सौजन्य से निर्मित मिठाइयों को ग्राहक काफी पसंद करते हैं। विशेष रूप से पर्व-त्यौहार के मौके पर उनके प्रतिष्ठान द्वारा निर्मित अनोखी मिठाइयों व नमकीन की मांग बढ़ जाती है।

इस संबंध में कमल अग्रवाल ने बताया कि मिठाइयों व नमकीन आदि की आपूर्ति होटल-रेस्टोरेंट संचालकों की मांगों के अनुरूप की जाती है। विशेष रूप से पर्व त्यौहार के मौके पर कुछ अनूठी मिठाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं, जिसे ग्राहक काफी पसंद करते हैं।

# उत्साह के साथ मनाया गया खजूर पर्व





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मसीही विश्वासियों ने रविवार को खजूर पर्व उत्साह के साथ मनाया। विश्वासियों ने खजूर की डाली हाथ में लिए प्रभु येसु के यरुशलम प्रवेश को याद किया।

रविवार की सुबह 6:00 बजे खजूर डाली के साथ हजारों मसीही विश्वासियों ने लोयला ग्राउंड से संत मारिया महागिरजाघर तक शोभायात्रा निकाली और गिरजाघर पहुंचकर चर्च की परिक्रमा की। चर्च प्रांगण में मिस्सा अनुष्ठान हुआ। इसके मुख्य अनुष्ठाता नए आर्च बिशप विंसेंट आइंद थे। इनका सहयोग अन्य पुरोहितों ने किया।

आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने अपने प्रवचन संदेश में कहा कि येसु खीस्त का यरुशलम प्रवेश करना ही अंतिम यात्रा नहीं थी, बल्कि उनकी यात्रा तो स्वर्ग राज रहा है। उनकी इस यात्रा के हम सहयात्री बनते हैं। उनके दुखभोग द्वारा हमें मुक्ति मिली है। इसके माध्यम से उन्होंने ईश्वर की मानव मुक्ति योजना को पूरा किया। येसु के दुख का चिंतन करते हुए उनकी मुक्ति योजना में हम भी शामिल होकर स्वर्ग राज की ओर यात्रा करें।

उन्होंने कहा कि येसु के गधे पर सवार होना उनकी विनम्रता का प्रतीक है। शांति के लिए नम्रता का गुण आवश्यक है। येसु खीस्त सत्ता पलटने के लिए नहीं, बल्कि शांति और न्याय के राज्य की स्थापना के लिए पृथ्वी पर आए। उन्होंने पिता ईश्वर की योजना को मनुष्य के पाप और मृत्यु मुक्ति के लिए ही नहीं, बल्कि नए जीवन प्रदान करने के लिए बताया। जब हम इस त्योहार को मनाते हैं, तो अपने नए स्वाभाव और सोच धारण करें। संत मारिया महागिरजा में पहले मिस्सा के दौरान पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो ने कहा कि येसु ने दुःख केवल अंतिम समय में ही नहीं, बल्कि बचपन से लेकर क्रूस मरण तक उठाया था। हमें पाप और मृत्यु से उठाने के लिए उन्होंने दुख सहा।

# सर्वदा ज्वेलरी शॉप से दो करोड़ के जेवर का गबन, दो गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित सर्वदा ज्वेलरी शॉप से दो करोड़ के जेवर गबन का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। इस मामले का पता तब चला जब ज्वेलरी शॉप के मालिक अनुराग सिंधानिया ने स्टॉक ऑडिट कराया। गबन के मामले में स्टोर मैनेजर मोहित नारंग और जीवन हाजरा (कारीगर) की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इस मामले में अनुराग सिंधानिया ने लोअर बाजार थाना में दोनों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। संदिग्ध दोनों कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने बताया कि ज्वेलरी गबन का पैसा शेयर मार्केट और डिमेट एकाउंट में लगाया है। स्टोर मैनेजर मोहित नारंग ने पिछले छह माह में स्टॉक से 2277.657 ग्राम सोने का गबन किया था। इस पूरे खेल में कारीगर जीवन हाजरा भी शामिल था। ग्राहकों को स्टॉक से ज्वेलरी दिखाने के नाम पर मैनेजर निकालता था, लेकिन स्टॉक में दोबारा जमा नहीं करता था। प्रतिष्ठान का स्टॉक ऑडिट होने पर पूरा मामला सामने आया। थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।




# सूक्ष्म आध्यात्मिक रहस्य छिपे हैं होली पर्व में : ब्रह्माकुमारी निर्मला

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चौधरी बगान सेवा केंद्र में मना होली उत्सव**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत में त्योहारों की भरमार है। इसमें होली के त्योहार का एक विशेष महत्व है। होली हम सभी बड़ी खुशी के साथ मनाते हैं। होलिका दहन करते हैं, एक-दूसरे को बड़े प्यार से रंग लगाते हैं। यह त्योहार हम ऐसे ही नहीं मनाते हैं, बल्कि इसके पीछे सूक्ष्म आध्यात्मिक रहस्य छिपे हुए हैं। ये उद्गार होली के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला ने व्यक्त किए। मौके पर चौधरी बगान स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय



विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र में होली उत्सव के दौरान नृत्य द्वारा खुशी व्यक्त की गई।

उन्होंने कहा, वास्तव में हमारे सभी त्योहार हमारी जीवन यात्रा से जुड़े हुए हैं। ये हमारे ही दिव्य परिवर्तन की यादगार हैं। भारत में 33 करोड़ देवी-देवताओं का गायन है और सभी त्योहार किसी न किसी रूप में देवी-देवताओं से संबंधित है। हम यह भी जानते हैं कि एक समय था, जब भारत सोने की चिड़िया हुआ करता था। इसे हम स्वर्ग सतयुग कहते हैं और इसी युग में इसी धरा पर 33 करोड़ देवी-देवताएं थे। क्या हम जानते हैं, वे अभी कहां हैं। ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा कि सृष्टि चक्र का नियम ही है युग परिवर्तन। सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग से गुजरते हुए हम आत्माएं अपनी दिव्यता से दूर होते गए और देवता साधारण मनुष्य बन गए। कभी पवित्रता, शांति, प्रेम, सुख, समृद्धि के हम अधिकारी हुआ करते थे। परंतु, पांच विकारों - काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार - में गिरने से शोकवाटिका अर्थात कलियुग दुखों की दुनिया या नर्क में आ गए। लेकिन, अति के बाद अंत और घोर रात्रि के बाद नया सबेरा सुनिश्चित है। उन्होंने कहा इस घोर कलियुग के बाद सतयुग लाना किसी भी साधारण आत्मा का काम नहीं है और इसीलिए ऐसे समय में कल्प के अंत में निराकार परमात्मा शिव स्वयं इस धरा पर अवतरित होते हैं सतयुग की स्थापना के लिए। इस समय से लेकर सतयुग की शुरुआत के समय को संगमयुग कहते हैं। हमारे सभी त्योहार वर्तमान समय की यादगार हैं, जब हम परमात्मा से सीधा संबंध जोड़कर अपने जीवन को सुखमय बनाते हैं और सृष्टि पर स्वर्ग निर्माण में अपना योगदान देकर फिर से स्वर्ग के मालिक बनते हैं। ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा, होली अर्थात पवित्रता। विकारों पर जीत पाने से ही सतयुग की स्थापना होती है।

# फ्रीज बैंक खाता और चुनावी बॉन्ड पर कांग्रेस व भाजपा आमने-सामने

## राजनीतिक दलों के बैंक खाते फ्रीज कर वित्तीय रूप से पंगू बनाना चाहती है मोदी सरकार : कांग्रेस

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

झारखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटि के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा के आम चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है, देश का हर राजनीतिक दल चुनाव की तैयारियों में जुटा है। देश का हर नागरिक चुनाव में भाग लेने के लिए उत्सकु है। भारत पूरी दुनिया में अपने लोकतंत्र मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता है। किसी भी लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव अनिवार्य होता है। लेकिन देश में आज ऐसा माहौल नहीं है। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार लोकतंत्र के साथ एक खतरनाथ खेल खेल रही है, जिससे लोकतंत्र के उपर खतरा मंडरा रहा है, जिसके दूरगामी प्रभाव होंगे। प्रदेश अध्यक्ष रविवार को प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में भाजपा और मोदी सरकार पर की गंभीर आरोप लगाए।

**बैंक खाता फ्रीज कर लोकतंत्र पर हमला कर रही केंद्र सरकार**

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों के फ्रीज कर वित्तीय रूप से पंगू बना देना चाहती है। ये केवल कांग्रेस पार्टी के खातों पर नरेन्द्र मोदी सरकार का हमला नहीं है, बल्कि भारत के




लोकतंत्र पर हमला है। अगर प्रमुख विपक्षी पार्टी वित्तीय तौर पर पूरी तरह से पंगू हो जाए, कोई कार्य नहीं कर सके, पब्लिसिटी के उपर पैसा नहीं खर्च कर सके, कैंपेन के उपर पैसा नहीं खर्च कर सके, अपने कैंडिडेट को पैसे नहीं दे सके, तो कैसे चुनाव लड़ा जा सकता है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले एक महीने से हमारे अपने बैंक अकाउंट्स में पड़े हुए 285 करोड़ रुपये का हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। 2017-18 के एक केस को लेकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 2017-18 के बेसिस के उपर सात साल बाद में कांग्रेस के बैंक के खाते अब जाकर फ्रीज कर दिया हैं, जिससे हम लोगों को पब्लिसिटी के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अंदर स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। हमें सोशल मीडिया के अंदर इस्तेमाल करना है। हमें पोस्टर छपवाने हैं, हमें पैम्पलेट छपवाने है। अगर हम लोग वो काम भी नहीं कर सकते, तो किस प्रकार से लोकतंत्र जिंदा रहेगा और कैसा लोकतंत्र है ये।

**14 लाख रूपए पर 210 करोड़ का पेनाल्टी**

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हर राजनीतिक दल इनकम टैक्स से एग्जेम्प्टेड होती है। कभी किसी ने भी पैनेल्टी इस तरह से नहीं दी, तो कांग्रेस पार्टी को अकेले क्यों चुना जा रहा है? 2017-18 में मोती लाल वोरा के समय का और 1994-95 में सीताराम केसरी के समय और चुनाव से एक माह पहले जानकारी दी जाती है और भैंक खाता फ्रीज किया जाता है । सिर्फ 14 लाख 40 हजार जो हमारा 0.07 प्रतिशत है, उसकी वजह से हमारे उपर 210 करोड़ रुपये से भी अधिक का हमारे उपर लीएन मार्क करके हमें पेनाल्टी लगाई गयी है। तो आप सोचिए 14 लाख 40 हजार के बदले 210 करोड़ रुपये की पेनाल्टी हमारे उपर लगाई गयी है, ये कहॉ का लोकतंत्र है?

**ईडी और सीबीआई के माध्यम से हफ्ता वसूली कर रही भाजपा**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा पर जोरदार हमला करते कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सरकारी जांच एजेंसियों ईडी, सीबीआई या आयकर के माध्यम से किसी कंपनी पर छापा मारना, और फिर कंपनी को छोड़ने के लिए हफ्ता वसूल रही है। इस तरह 94 कंपनियों को निशाना बनाया गया, जिनमें शीर्ष 30 दानदाताओं में से 14 शामिल थीं। पिछली चुनावी ट्रस्ट योजना के माध्यम से दान देने वाली 30 कंपनियों ने एजेंसियों द्वारा छापे जाने के बाद अपना दान दिया था।

## कांग्रेस फ्रीज खाते के बहाने छाती पीट-पीट कर चुनाव में सहानुभूति वोट हासिल करना चाहती है : भाजपा

**रांची ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आरोपों का भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक भानु प्रताप शाही ने पलटवार करते हुए कहा कि चुनाव में संभावित हार को देखते हुए कांग्रेस अब छाती पीट रही है । भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ही नहीं पूरा इंडिया गठबंधन चुनाव से पहले ही हार मान चुका है, इसलिए चुनाव में सहानुभूति के लिए भाजपा, ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के उपर ठिकरा फोड़ना चाहती है। जिस फ्रीज बैंक खाते और चुनावी बॉड पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेता विधवा विलाप कर रहे हैं, दरअसल वे लोग जनता के सामने सच्चाई को छुपा रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के संवाददाता सम्मेलन के ठीक डेढ़ घंटे बाद ही भाजपा नेता भानु प्रताप ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कांग्रेस के एक-एक आरोपों का ना सिर्फ जवाब दिया, बल्कि राजेश ठाकुर को पूरे कागजात के साथ मीडिया के समक्ष बहस करने की भी चुनौती दी।

**फ्रीज खाते के आलावा भी कई बैंक खाते हैं कांग्रेस के पास**




भाजपा नेता ने कहा कि जिस बैंक खाते के फ्रीज होने की बात कांग्रेस कह रही है, वह 2017-18 और 2019 का मामला है, जिस पर कांग्रेस 2.50 करोड़ का पहले ही पेनाल्टी भर चुकी है और शेष राशि जमा नहीं कराने पर खाता फ्रीज कर दिया गया है, इस खाते में पेनाल्टी के साथ कुल 135 करोड़ की राशि है, जो कांग्रेस को चुकाना है। इनकम टैक्स ने इसका नोटिस फरवरी माह में ही कांग्रेस को भेज दिया था, इसके बावजूद कांग्रेस ने यह राशि नहीं जमा की, अब जब इनकम टैक्स ने खाता फ्रीज किया, तो जनता के सामने छाती पिट रहे हैं, विधवा विलाप कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस के खाते में अभी 1 लाख करोड़ से भी अधिक की राशि जमा है। जो बैंक खाता फ्रीज किया गया है, वे सभी बैंक खाते कांग्रेस के अन्य खातों में आते हैं। 60 साल तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस को अच्छी तरह पता है कि चुनाव के समय सभी सरकारी संस्थाएं एक्सन मोड में आ जाती है। तब कांग्रेस ने बकाया राशि और पेनाल्टी क्यों नहीं भरा । भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस विलाप कर रही है कि बिना फंड के वह चुनाव कैसे लडेगी, तो राजेश ठाकुर को बताना चाहिए कि उनके नेता राहुल गांधी देश में घूम-घूम कर चार्टर प्लेन से कैसे चुनावी प्रचार कर रहे हैं।

**इंडिया गठबंधन को मिला सबसे अधिक चुनावी बॉन्ड**

भाजपा नेता ने कहा कि एसबीआई के चुनावी बॉन्ड से कुल 20 हजार करोड़ रूपए का दान विभिन्न राजनीतिक दलों को मिला है, जिसमें भाजपा को से 6 हजार करोड़ से अधिक की राशि मिली, जबकि इंडिया गठबंधन को 14 हजार करोड़ से अधिक की राशि मिली है। 300 से अधिक सांसद और विश्व के सबसे बड़ी पार्टी को 6 हजार की राशि मिली, लेकिन 200 से अधिक सांसदों वाली गठबंधन को भाजपा से दो गुणा से भी अधिक दान मिला है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को तो इस मामले में बोलने का नौतिक अधिकार भी नहीं है।

**वो जीते तो ईवीएम ठीक, हम जीते तो खराब**

भाजपा नेता ने कहा कि ईवीएम को लेकर इंडिया गठबंधन का हमेशा दोहरा मापदंड अपनाता रहा है। जब किसी राज्य में इंडिया गठबंधन जितता है तो उस पर वे लोग सवाल नहीं करते हैं, लेकिन जैसे भाजपा की जीत होती है, तो ईवीएम पर सवाल करने लगते हैं।

## सोनिया और राहुल गांधी खुद को संविधान से ऊपर समझते हैं : अरुण उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव ने कहा कि कांग्रेस के अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार भाजपा एवं आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें कर रही है।लेकिन न्यायालय में अपने बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है। जबकि आयकर विभाग ने डिफाल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ रुपए के प्रयोग पर रोक लगाई है ना कि बैंक अकाउंट को फ्रिज किया है। अपनी गलतियों को बताने के बजाय अपने खाते फ्रीज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या से करना देश का अपमान है। जबकि कांग्रेस ने 180000 करोड़ रुपया का कोयला 176000 करोड़ का टू-जी स्पेक्ट्रम 3600 करोड़ का हेलीकॉप्टर 70000 करोड़ का कॉमनवेल्थ गेम्स और 5000 करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाला किया है। अरुण उरांव रविवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी स्वयं चार्टर प्लेन में घूम रहे हैं। लेकिन कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने जाने का भी पैसा नहीं है। सारे प्रावधानों की जानकारी होने के बावजूद कांग्रेस ने 14 लाख नगर चंदा लिया है और 105 करोड़ का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र 2.5 करोड़ ही जमा कराया। कांग्रेस ने उस समय कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है। क्योंकि कांग्रेस इस बात से सहमत थी कि 105 करोड रुपए का आयकर वैध है। आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया है लेकिन उन्हें हर जगह मुंह की खानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई खाते संचालित हैं और कांग्रेस के पास एक से अधिक पैन कार्ड भी हैं। एक से अधिक पैन कार्ड होना स्वयं कांग्रेस के संविधान के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत के हर नागरिक और संस्था को भी आयकर नियम मानने होंगे और फिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी ही खुद को संविधान से ऊपर क्यों समझते हैं। कांग्रेस द्वारा जब तक टैक्स की पूरी राशि नहीं जमा की जाएगी ब्याज की राशि बढ़ती रहेगी और यह राशि 135 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ भी हो सकती है। कांग्रेस के इस मामले को वसूल की जाने वाली राशि पर रोक के लिए पहले कमिश्नर अपीलेट में अपील की, जहां नोटिस पर रोक लगाने की अर्जी को खारिज कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय पहुंची दोनों ही जगह पर कांग्रेस को फटकार मिली और नोटिस पर रोक लगाने से मना कर दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने न सिर्फ आदेश को सही ठहराया, बल्कि आयकर विभाग पर नोटिस देने से रोकने के लिए मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद 13 फरवरी 2024 आयकर विभाग रूटिंग नोटिस देखकर तीन-चार बैंक खातोऔ को अटैच कर दिया इसके बावजूद कांग्रेस के कई बैंक खाता संचालित हैं। उरांव ने कहा कि कांग्रेस के बैंक खाते में 1000 करोड रुपए की राशि और 500 करोड रुपए के अचल संपत्ति अभी भी है।

## सुनील सिंह का कटा टिकट कालीचरण सिंह पर भाजपा ने जताया भरोसा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी के चतरा से सांसद सुनील सिंह ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट किया जिसके बाद राजनीतिक हल्कों में हलचल मच गई। चतरा सीट के लिए अभी भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। अपने पोस्ट में सुनील सिंह ने लिखा है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आभार, जिन्होंने मेरे जैसे कार्यकर्ता को 10 साल तक चतरा लोकसभा परिवार की सेवा करने का अवसर दिया। पोस्ट के अनुसार तो उन्हें किसी स्तर से बता दिया गया है कि इसबार उनके नाम पर विचार नहीं किया जा रहा है। 1919 के चुनाव के वक्त भी क्षेत्र में उनका काफी विरोध थाञ बावजूद इसके पार्टी ने उनपर भरोसा जताया था। पोस्ट में सुनील सिंह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र परिवार का उल्लेख





करते हुए विशेष आभार जताया है कि उन्हें दस साल बहुमूल्य साथ सहयोग आर आशीर्वाद दिया। इस पोस्ट को लेकर कई तरह की चर्चा है। वहीं रात होते होते सब कुछ स्पष्ट हो गया कि सुनील सिंह ने यू ही पोस्ट नहीं किया था। राज को भाजपा ने एक सूची जारी कर चतरा से कालीचरण सिंह को टिकट देने की घोषणा कर दी। पथलगड्डा चतरा निवासी भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह को टिकट मिलने से स्थानीय लोगों में काफी खुशी का माहौल दिख रहा है। वहीं राजद के सत्यानंद भोक्ता को चतरा से टिकट मिलना लगभग तय माना जा रहा है। कुछ दिन पूर्व उन्होंने खुद ही अपने को चतरा से राजद का प्रत्याशी घोषित कर दिया था। पार्टी की ओर से इसपर कोई आपत्ति नहीं जताई गई। ऐसे में माना जा रहा है कि उनका टिकट पक्का है।

## कक्षा व पाठ्यक्रम एक फिर भी किताबों की कीमतें अलग-अलग



**रांची।** एक ही कक्षा और एक ही पाठ्यक्रम मगर पुस्तकों की कीमत अलग-अलग। वजह है प्रकाशन। शिक्षा नहीं, प्रकाशन की कीमत चुका कर ही ज्ञान का प्रकाश मिलेगा। स्कूल अलग है तो मर्जी भी अपनी-अपनी है।प्रत्येक स्कूल में एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ाने का नियम है भले हो, मगर स्कूल प्रबंधक पैसे की उगाही के लिए दूसरे पब्लिकेशन की पुस्तकें पढ़ाते हैं। जहां केंद्रीय विद्यालय में पुस्तक की कीमत 600 रुपये है तो वहीं निजी स्कूल में उसी पुस्तक की कीमत 6000 रुपये से अधिक है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिक्षा के नाम पर शहर में किस दर्जे का व्यापार चल रहा है। पुस्तकों से भारी है फीस और उससे भी भारी है महंगी पुस्तक का बोझ। राजधानी में सीबीएसई-आइसीएससी की किताबों के मूल्य में इस वर्ष लगभग 30 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। इस इजाफे से आम आदमी की कमर टूट गई है।

## राजधानी में होली का छाया खुमार



**होली का खुमार तो बसंतोत्सव से छाने लगता है लेकिन होली नजदीक आते ही रंग-गुलाल का आकर्षण सभी को अपनी ओर खींच लेता है, राजधानी में होली के उंमग में डूबी युवतियों ने एक दूसरे को लगाया गुलाल।**

### एचईसी आवासीय परिसर में सरकारी अस्पताल व वृद्धाआश्रम खोलने की मांग

**रांची।** एचईसी सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में आवासीय परिसर की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। एचईसी आवासीय परिसर में सरकारी अस्पताल व वृद्धाआश्रम खोलने की मांग की गयी। चुनाव में सभी राजनीतिक दलों के लोगों से इसकी मांग करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, लीज के क्वार्टरों से मेंटनेंस चार्ज वसूले जाने के बाद भी मेंटनेंस नहीं किए जाने पर रोष जताया गया। इसके लिए जल्द एचईसी के कार्मिक निदेशक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

## सरकार ने जेड श्रेणी सुरक्षा मुहैया कराने से किया इंकार, रांची नहीं आ सकीं सीता

**डीजीपी ने कहा सीता सोरेन को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली है, इससे जुड़ा कोई पत्र पुलिस विभाग को नहीं मिला है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो छोड़कर हाल ही में भाजपा में शामिल हुईं दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन की सुरक्षा को लेकर शनिवार से झारखंड में सियासत गरम रही। दरअसल, सीता सोरेन को शनिवार को रांची आना था, लेकिन वह नहीं आ सकीं। आरोप है कि राज्य सरकार की ओर से उन्हें जेड सुरक्षा मुहैया कराने से इनकार कर दिया गया। हालांकि, इस संबंध में



डीजीपी का कहना है कि सीता सोरेन को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली है, इससे जुड़ा कोई पत्र पुलिस विभाग को नहीं मिला है।जानकारी के अनुसार सीता सोरेन के रांची आने की सूचना उनके निजी कार्यालय से स्पेशल ब्रांच, रांची डीसी, एसएसपी को भेजी गई थी। पत्र भेजकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, जेड श्रेणी सुरक्षा देने का आग्रह किया गया था। हालांकि, रांची जिला प्रशासन ने जेड सुरक्षा देने से मना कर दिया। इस बाबत पूछने पर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जेड सुरक्षा देने संबंधी कोई पत्र नहीं मिला है। डीसी ने जेड सुरक्षा या अन्य सुरक्षा प्रोटोकॉल की जानकारी पुलिस मुख्यालय के स्तर से होने की बात कही। इधर, सीता सोरेन के निजी सहायक राकेश चौधरी ने बताया कि उन्होंने पुलिस मुख्यालय समेत सभी जगह पत्राचार किया था। इसके बाद उन्होंने रांची डीसी व एसएसपी से बात की, पर चुनाव होने की वजह से जेड सुरक्षा नहीं देने की बात पदाधिकारियों ने कही।

## न्यूज बॉक्स

### होली के बाद चुनाव प्रचार तेज करेगी भाजपा पीएम सहित बड़े नेता होंगे शामिल



**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए व इंडी गठबंधन अपने-अपने स्तर पर काम कर रही है लेकिन रणनीतिक तौर प्रारंभिक बढ़त एनडीए को मिलती दिख रही है। सूत्र बताते हैं कि होली की छुट्टियां खत्म होने के बाद भाजपा लोकसभा चुनाव प्रचार तेज करने की रणनीति पर काम कर रही है। राज्य की 14 में से 11 सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। अब केंद्रीय नेताओं की सभा और प्रदेश के नेताओं के दौरे से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान को गति दी जाएगी। हालांकि, झारखंड में चुनाव चौथे चरण से प्रारंभ होने हैं, लेकिन इससे पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह जैसे बड़े नेताओं की बड़ी सभाएं हो सकती हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा के भी झारखंड में प्रचार करने की योजना है।बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा होंगे स्टार प्रचारकलोकसभा चुनाव के लिए राज्य में बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, हाल ही में शामिल हुई सीता सोरेन स्टार प्रतारक होंगी। हालांकि इसके लिए अभी आधिकारिक सूचना जारी होनी बाकी है, लेकिन इन नेताओं का क्षेत्र में दौरा और कार्यक्रम होगा। अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी स्वयं भी उम्मीदवार हैं। बाबूलाल मरांडी झारखंड के अलावा मध्यप्रदेश, बंगाल समेत अन्य राज्यों में भी प्रचार करने जाएंगे।

### सावधान : राज्य में 25 को हो सकती है बारिश

**रांची।** राज्य के कई हिस्सों में 25 मार्च को बारिश होने की संभावना है। इससे राज्यवासियों की होली में इस बार खलल पड़ सकती है। राज्य के उत्तरी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने और वज्रपात के आसार हैं जबकि अधिकांश हिस्से में बादल छाए रहेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रांची, रामगढ़, खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला, देवघर, दुमका, धनबाद, जामताड़ा, गिरिडीह, पाकुड़ और साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। इसके साथ 26 से 30 मार्च तक राज्य में आंशिक बादल का असर देखा जायेगा। ऐसे में संभावना है कि इस बार होली खेलने में लोगों को खलल होगी। बारिश और बादल का असर राज्य में बना रहेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में छह डिग्री तक की वृद्धि होगी। इसके तीन दिनों के बाद तापमान में कोई वृद्धि नहीं होगी। ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को गर्मी का एहसास भी होगा लेकिन बादल और बारिश से लोगों को राहत मिलेगी। राजधानी रांची की बात करें तो 25 से 30 मार्च तक बादल छाए रहने की संभावना व्यक्त की गयी है।




## लोकसभा चुनाव 2024: चुनावी मैदान में कूदे एक और रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर

**राजीव कुमार लातेहार में उपायुक्त रह चुके हैं**

**किसी पार्टी से टिकट मिला तो ठीक, अन्यथा निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे : राजीव कुमार**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव 2024 झारखंड के संसदीय एवं विधानसभा चुनावों में भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी भी भाग्य आजमाते रहे हैं। इनमें से कुछ बड़े दल में सम्मिलित होकर चुनाव लड़ते हैं तो कुछ किसी ऐन वक्त पर किसी छोटे दल का दामन थामकर या निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर जाते हैं। कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं जिन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर चुनवा लड़ा है। इस कड़ी में एक और नाम जुड़ने वाला है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त पदाधिकारी राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वे चतरा संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे,




जहां आइएनडीआइ से सीट शेयरिंग की घोषणा हुए बिना झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

राजीव कुमार लातेहार में रह चुके उपायुक्त वहीं, भाजपा ने अभी अपना पत्ता नहीं खोला है। राजीव कुमार ने कहा कि यदि उन्हें किसी राजनीतिक दल का टिकट मिलता है तो ठीक है, अन्यथा वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। राजीव कुमार लातेहार में उपायुक्त रह चुके हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में आने से पहले ये लंबे समय तक झारखंड में मत्स्य निदेशक के पद पर कार्य कर चुके हैं। मत्स्य निदेशक के रूप में इन्होंने झारखंड में केज कल्चर को बढ़ाया दिया। इधर, कई अन्य अधिकारी भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमाने की तैयारी में हैं। उनकी अलग-अलग दलों से बात चल रही है। हाल ही में पूर्व डीआइजी संजय रंजन ने भी आजसू की सदस्यता ग्रहण की थी। पार्टी ने इन्हें महासचिव बनाया है।

## एक नजर

### बरलंगा में होली मिलन सह रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़ / गोला।** डीएबी पब्लिक स्कूल बरलंगा में शनिवार को होली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्रथम से लेकर 10वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा एक की खुशबू कुमारी, कक्षा 2 से तृषा कुमारी, कक्षा 3 की खुशी कुमारी, कक्षा 4 से अंशु प्रिया कुमारी, कक्षा 5 से अदिति गुप्ता, कक्षा 6 से शुभांगी कुमारी, कक्षा 7वीं की मधुमिता कुमारी, कक्षा 8वीं से अलीशा कुमारी व खुशी कुमारी, कक्षा 9 से ईशिका गुप्ता और कक्षा 10वीं की सपना कुमारी ने आकर्षक रंगोली बनाकर सभी को प्रभावित किया। इसके बाद साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों को बच्चों ने अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। छोटे-छोटे बच्चों ने अबीर गुलाल के साथ जमकर होली खेली।

### भीम आर्मी का होली मिलन समारोह आयोजित

# 15 वर्षों से जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते आया हूं : गौतम कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भीम आर्मी कमिटी के द्वारा विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन गैड़ा में किया गया। वहीं बरकट्ठा, चलकुशा व जयनगर के भीम आर्मी के कमिटी लोग शिरकत की। जिसका आगाज मुख्यातिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना कर की। होली मिलन समारोह के अवसर पर बिजली विभाग के पहल से लगाया गया ट्रांसफार्मर का भी उद्घाटन गौतम ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौतम कुमार ने कहा कि मैं हजारीबाग जिला समेत बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में विगत 15 वर्षों से लगातार सेवा दे रहा हूँ।इन 15 वर्षों में दर्जनों आंदोलन के माध्यम से पब्लिक को फायदा पहुंचने का कार्य किया।आपलोग का प्यार और आभार कभी मुझे थकने व झुकने नहीं देता। मुझे सौभाग्य है कि आप अपने परिवार जैसे मुझे प्यार व सम्मान दिया।मैं इसका जीवन भर त्रीणि रहूंगा।होली मिलन समारोह में जयनगर प्रखंड के मनोज सोनी के टीम ने होली के गीत, ताल नाल व हारमोनियम के साथ देर रात्रि तक शमा बांधते नजर आए।

# भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने किया होली मिलन का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी के नेतृत्व में महिला पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री मंजुलता देवी, जिला मंत्री रामगढ़ किरण देवी एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा सहित महिला मोर्चा रामगढ़ की स्नेहलता देवी, रीति श्रीवास्तव, खुशबू, रूपा कुमारी सहित दर्जनों महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाईयां बांटी। महिला मोर्चा की महिलाओं ने कहा कि यह होली भाईचारे और सौहार्द्र के साथ मनाने का पर्व है। इस त्योहार में एक-दूसरे को गले लगाकर और पूराने गिले शिकवे को मिटाकर मिलजुलकर होली मनाना चाहिए। यही हमारी एकता और अखंडता की पहचान है। यह होली का पर्व भारत नहीं बल्कि पूरे विश्व में सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। इस पर्व में हर धर्म के लोग शामिल होते हैं और एक दूसरे के घरों में जाकर गुलाल अबीर लगाकर बड़ों का आशीर्वाद लेते हैं और साथ बैठकर घरों में बने पकवान को ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम में नृत्य संगीत के बाद सभी महिलाओं ने स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाते हुए सभी को रंगों का त्योहार होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## न्यूज बॉक्स

### ताला तोड़कर सहायक अध्यापिका के घर हुई चोरी



**बरही ।** सहायक अध्यापिका बबिता सिन्हा के आवास का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है. भुक्तभोगी से मिली जानकारी के अनुसार होली की छुट्टी के कारण वह शनिवार को ही अपने घर मयूरहंड गई थी. इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके आवास का ताला तोड़कर घर में रखे जेवरात और नकद राशि की चोरी कर ली. घटना की जानकारी उन्हे रविवार के सुबह दूरभाष से मिली. अपने आवास आने पर उन्होंने बाहरी दरवाजा का ताला टूटा और अंदर के दरवाजा का ताला लगा हुआ कुंडी कटा हुआ मिला. साथ ही अलमीरा में रखे सोने का झुमका, चेन, लॉकेट, मंगलसूत्र, दो अंगूठी, दो नाक का बेसर सहित पांच हजार नकद राशि गायब था. उन्होंने बताया कि वह न्यू कॉलोनी स्थित बिनोद सिन्हा के घर के नीचे तल्ला पर पिछले कई वर्षो से किराया पर रह रहे थे. घटना वाले दिन उनके आस पास का कोई भी किरायेदार नही था. पीड़िता ने इस संबंध में थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली : मुखिया रीता देवी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी पंचायत के लाल मैदान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय मुखिया रीता देवी ने फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया रीता देवी ने कहा कि होली का त्योहार हम सभी को आपसी मतभेदों को दूर कर एक रंग में रंगने का संदेश देता है। इसलिए आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली त्योहार मनायें वहीं सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने नशा मुक्त होली मनाने की अपील लोगों से की कार्यक्रम में किशुन सिंह के द्वारा गाये होली के गीतों पर लोग जमकर ठुमके लगाए कार्यक्रम में पंसस लालमुनि देवी, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, महेश मांझी,उप मुखिया ममता देवी, राजाराम मांझी, मनोज मुर्मू, अर्जुन मांझी, संजय हांसदा, राजकुमार सिंह, राजेश साव,राजू साव, गणेश मांझी,किशुन सिंह, कार्तिक सिंह समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### सामाजिक समरसता व भाईचारे का प्रतीक है होली : मुन्ना सिंह



**हजारीबाग।** शहर के हरनगंज स्थित शिवम् बैंक्वेट में समाजसेवी व नेता मुन्ना सिंह द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान जमकर रंग-गुलाल उड़े। इसमें शामिल लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोगो का आगमन हुआ। मौके पर श्री सिंह समेत हजारो की संख्या में उपस्थित लोगो ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया एवं गले मिल कर रंगोत्सव का भरपूर आनंद उठाया। मौके पर मुन्ना सिंह ने उपस्थित लोगो को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार विविधता में एकता तथा भाईचारे का प्रतीक है। इस दिन लोग गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।

### सहारा इंडिया में डूबे करोड़ों की जिम्मेवार मोदी सरकार : डॉ आरसी प्रसाद मेहता



**हजारीबाग।** भारत सरकार के द्वारा लाइसेंस मिलने के बाद सहारा इंडिया पूरे भारत में गरीबों से 10 से लेकर हजार रुपए तक जमा किया। भारतीय प्रतिभूत विनिमय सेबी में 35% रुपए सरकार द्वारा काटकर रखा जो भारत सरकार के खजाने में है जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं थे तब सहारा का पैसा सुरक्षित था और सहारा प्रमुख सुब्रत राय भी सुरक्षित थे लेकिन नरेंद्र मोदी सहारा के पैसा अपने जिम्मा में ले लिए और सहारा प्रमुख सुब्रत राय को जेल भेजा गया। जेल में ही सुब्रत राय की मौत हो गई। अब लोकसभा चुनाव आ गया है अब एनडीए के लोग सहारा से पैसा दिलाने के नाम पर भोली भाली जनता को बहला कर वोट मांगेंगे। उक्त बातें कांग्रेस प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कहा। डॉ मेहता ने कहा की देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है सहारा इंडिया के भुक्त भोगी वोट का उपयोग सोच समझ कर करें। शहारा का रुपए नहीं तो वोट नहीं का मुहिम चलावे।

### थाना प्रभारी ने किया अवैध शराब बरामद अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के बेडमक्का गांव में अवैध तरीके से देशी महुआ शराब वा अंग्रेजी शराब की भंडारण कर बिक्री कर रही अभियुक्त संगीता देवी पति स्व. दिनेश्वर प्रसाद उम्र लगभग 50 वर्ष के दुकान में अवैध शराब की बिक्री भंडारण मामले में थाना कांड संख्या - 18/2024 के आलोक में टाटीझरिया थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने 24 मार्च दिन रविवार को अपने पुलिस दल बल के साथ छापामारी अभियान चलाया जिसमे देसी महुआ का शराब 10 लिटर और अंग्रेजी शराब विभिन्न ब्रांड की कुल 63 पीस बरामद किया गया। थाना प्रभारी ने गिरफ्तार कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत के लिए हजारीबाग जेल भेज दिया।

### नन्हें बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मनाईं खुशियां

**रामगढ़ / पतरातू।** आदर्श शिशु मंदिर हेसला और रसदा के नन्हे बच्चों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। बताया गया कि इन दोनों स्कूलों में शनिवार को परीक्षा का आखरी पेपर के साथ परीक्षा सम्पन हुआ। इसके बाद नन्हें बच्चों ने होली के आगमन पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक विन्देश्वरी प्रसाद, प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार, सहायक शिक्षक रवि कुमार, नरेश कुमार, कुमारी रिंकूआदि के अलावा दर्जनों नन्हे बच्चे शामिल थे।

# होली को लेकर प्रशासन चौकस, निकाला फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रंगोत्सव होली को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है. क्षेत्र में पुलिस की गश्तियां तेज कर दी गई है. रविवार को एएसपी सह एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया. जिसमे बीडीओ सी आर इंदीवार, सीओ आर एन खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चद्रवशेखर कुमार सहित बरही थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे. फ्लैग मार्च बरही थाना से प्रारंभ होकर शहर के सभी प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया. इस दौरान लोगो से शांति और सौहार्द वातावरण में नशामुक्त होली मनाने की अपील की जा रही थी. एसडीपीओ ने बताया कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया और असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर होगी. वर्तमान समय में आदर्श चुनाव आचारसंहिता के तहत धारा 144 लगाए गए है. रमजान का पावन महीना चल रहा है. ऐसे में कोई भी व्यक्ति किसी को जबरन रंग या गुलाल नही लगाए और न ही शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करे. ऐसा करते पकड़े जाने पर विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जायेगी. वही इंस्पेक्टर ने अभिभावकों से भी ट्रैफिक सुरक्षा के मद्देनजर होली के दौरान बच्चो को वाहन चालन से दूर रखने की अपील किया.
बीडीओ ने कहा कि पुलिस प्रशासन आपकी सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर है. किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना या वारदात के लिए प्रशासन को त्वरित खबर करें. किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में नहीं लेने की बात कही।

### हजारीबाग लोस संसदीय क्षेत्र से एआईएमआईएम का प्रत्याशी तय

# नदीम खान को बनाया गया उम्मीदवार : सूरज



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** लोक सभा चुनाव की तिथियां नजदीक होते ही सभी राजनीतिक पार्टियां अपने पत्ते खोलने प्रारंभ कर दिए है. एआईएमआईएम ने भी हजारीबाग के ब्लू डायमंड होटल में बैठक कर हजारीबाग लोकसभा से उम्मीदवार उतारने की रणनीति तय कर ली है. उक्त जानकारी भीम आर्मी व एआईएमआईएम के बरही विस प्रभारी सूरज दास ने प्रेस बयान जारी कर दी. उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पार्टी फोरम ने हजारीबाग लोस क्षेत्र से उम्मीदवारी को लेकर गहन मंथन किया. जिसमें स्थानीय व समर्पित तेज तर्रार व जुझारू युवक नदीम खान को पार्टी से उम्मीदवार बनाने की सहमति बनी. इस संबंध में पार्टी सुप्रीमो से कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से इस समर्पित युवक को उम्मीदवार बनाने की मांग की है. उन्होंने बताया कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य जातिगत आंकड़ों पर आधारित नजर आता है. इसके आधार पर जिसकी जितनी साझेदारी उतनी भागीदारी के आधार पर लोस क्षेत्र में दलित, हरिजन व अल्पसंख्यकों का पचास फीसदी जनसंख्या है. ऐसे में हम सभी पार्टियों से ज्यादा भारी है. हमारी फतह होगी और लोस चुनाव में पार्टी के जीत का झंडा लहराएगा. बैठक में जिलाध्यक्ष महमूद आलम, जिला उपाध्यक्ष मिसबाहउल इस्लाम, जिला सचिव एडवोकेट नईम साहब, जिला महासचिव एडवोकेट आफताब आलम, जिला प्रवक्ता सोहेल कुरेशी सहित बरही विस व जिला टीम के कार्यकर्ता शामिल थे.

### लोकसभा चुनाव के मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथि में संशोधन

**हजारीबाग।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण की तिथि पूर्व में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 28 मार्च से 2 अप्रैल 2024 तक एवं तृतीय चरण का प्रशिक्षण 3 अप्रैल से 6 अप्रैल तक निर्धारित थी, परन्तु 14 हजारीबाग लोक सभा चुनाव के मतदान की तिथि 20 मई 2024 को निर्धारित है। मतदान में लंबी अवधि होने के कारण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण की तिथि में संशोधन किया गया है। 23 अप्रैल 2024 को पीठासीन पदाधिकारी इंटर साइंस कॉलेज, जबरा,हजारीबाग में प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। वहीं 24 अप्रैल 2024 को प्रथम मतदान पदाधिकारी,25 अप्रैल 2024 को द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं 26 अप्रैल 2024 तृतीय मतदान पदाधिकारी इंटर साइंस कॉलेज, जबरा हजारीबाग में प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। 10 मई 2024 पीठासीन पदाधिकारी का प्रशिक्षण इंटर साइंस कॉलेज,हजारीबाग में प्रशिक्षण लेंगे।

### दुकानदार के खिलाफ मारपीट का आरोप

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** भुरकुंडा बाजार स्थित सुलभ शौचालय के व्यवस्थापक नेपाल नायक ने दुकानदार अजय गुप्ता पर गाली-गलौच कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस संदर्भ में नेपाल नायक ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि शनिवार को भुरकुंडा पूनम मार्केट स्थित विजय स्टोर के संचालक अजय गुप्ता अपने पुत्र के साथ शौचालय आए थे। इस दौरान उन्होंने कार्यरत कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया। जब वे बीच-बचाव के लिए आए तो अजय गुप्ता ने उनके साथ गाली-गलौच और मारपीट की। नेपाल नायक ने पुलिस से अजय गुप्ता के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। इधर पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने भी घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### कानूनविदों ने भी गुलाल लगाकर एक-दूसरे को दीं होली की शुभकामनाएं

# नशामुक्त रहकर व कानूनी डंडे से बचकर खेलें होली : बार एसोसिएशन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शनिवार को बार एसोसिएशन बरही में कानूनविद अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकानाएँ दी. अध्यक्ष झारखंडी साहा ने नशामुक्त और सुखी होली के लिए लोगो को प्रेरित किया. सचिव राजकुमार प्रसाद ने युवाओ से सोशल मीडिया के दुरुपयोग और भ्रांतियों से दूर रहने की बात कही. वही संयुक्त सचिव रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि वर्तमान आदर्श आचारसंहिता के कारण धारा 144 लगाया जा चुका है. रमजान का भी पाक माह चल रहा है. लोगो को अफवाहों से हटकर कानूनी डंडों से बचकर शांति वा सौहार्द वातावरण में होली मनाएं. खुद सुरक्षित रहे व औरों को सुरक्षित रहने में सहयोग करे. अंत में सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष आशीष ओझा, कोषाध्यक्ष राधेलाल चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य सुजीत प्रधान, सुशील सिंह, रामचंद्र चौधरी, बैजनाथ प्रसाद, रामकृत सिंह, राजेश चौधरी, आर के नटवर, कुंजल साव, रविशंकर कुमार, मणिलाल चौधरी, सौरभ कुमार सिन्हा, मंजीत कुमार, विलासिनी रॉय, राजेंद्र राणा, गोविंद प्रसाद, हरेंद्र ठाकुर, सतीश कुमार, सुखदेव शर्मा, डॉ सुनील दत्ता, कृष्ण कुमार चौधरी, श्याम कुमार, सत्यशरण प्रसाद, राजीव प्रसाद गुप्ता आदि बार एसोसिएशन के सभा अधिवक्ता मौजूद थे।

# भाजपा मंडल कमिटी ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया** भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल कमिटी के सौजन्य से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम झरपो के नोडल केंद्र पर आयोजित था। जिसमें कार्यकताओं ने एक -दूसरे को अबीर -गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। कार्यक्रम वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कौलेश्वर मिश्र के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर होली के गीत - भजन से माहौल होलियाना हो गया। कार्यकर्ता,बच्चे -बूढ़े और जवान सभी जमकर थिरके। मौके पर लोगो ने लजीज व्यंजन का भी स्वाद लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता मिथिलेश पाठक,प्रखंड महामंत्री सह प्रमुख संतोष मंडल, उप प्रमुख रवि वर्णवाल ने कार्यकताओं को कहा कि होली अधर्म पर धर्म की जीत, बुराई पर अच्छाई के जीत का पर है। इस पर पर सभी ईर्ष्या -द्वेष भूलकर एक दूसरे से प्रेम व स्नेह से गलें लगें और प्रेम पूर्वक जिंदगी बताएं। इस अवसर पर उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, कैलाशपति सिंह, दिनेश्वर रविदास समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लापता युवक का शव खेत में बने गड्ढे से दो दिन बाद बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घसकोडीह पंचायत चुगलामों से लापता 17 वर्षीय युवक मनोज कुमार का शव दो दिन बाद गांव के ढोभा में मिली है। मृतक मनोज कुमार (एकलौता पुत्र) के पिता महादेव महतों उर्फ मेघी महतो ने बरकट्ठा थाना में लापता युवक की सनहा दर्ज कराई थी। ग्रामीण सुबह शौच के लिए गये तो देखा की डोभा में शव पड़ा है। तत्पश्चात जानकारी परिजनों को दी गई। जिसके बाद घटना की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और पूरे गांव में मातम पसर गया। वही घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद डीएसपी सुरजीत कुमार, इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी,थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता समेत अन्य दल बल पहुंचे जहां ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि शव को बाहर निकालने के बाद आंख, नाक और कान से खून निकल रहा था। साथ ही चेहरे पर कई निशान मिली है। बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि रात को किसी ने हत्या कर डोभा में फेंक दिया। मामले की छानबीन के लिए प्रशासन से डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। घटना की सूचना मिलते ही विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गोरी शंकर प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि मनोज यादव, उपमुखिया किशोर मोदी, विजय प्रसाद समेत अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। वही मृतक के पिता ने साजिश के तहत हत्या कर शव को डोभा में फेंके जाने की बात कही। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

### भाजपा ने प्रेसवार्ता में कांग्रेस पर बोल हमला, कहा

# कांग्रेस घोटालेबाजों की पार्टी है



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार मौजूद थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की घोटालेबाज पार्टी है। जो घोटाला पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा कर बच निकलने का प्रयास कर रही है। लेकिन जब अदालत में तथ्य पेश करने का अवसर आता है तो कांग्रेस पार्टी वहां अपना बचाव नहीं कर पाती है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा डिफॉल्टर होने पर कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ के प्रयोग पर रोक लगायी है। बैंक एकाउंट फ्रीज नही किया है। कहा कि आयकर मामले में कांग्रेस द्वारा खाता फ्रीज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या से करना देश का अपमान है। प्रदेश प्रवक्ता श्री कुमार ने कहा कि कांग्रेस द्वारा 1 लाख 80 हजार करोड़ का कोयला घोटाला, 1 लाख 76 हजार करोड़ का 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, 3600 करोड़ का हेलीकॉप्टर घोटाला, 70 हजार करोड़ का कॉम्नवेल्थ गेम्स घोटाला, 5 हजार करोड़ का नेशनल हेरॉल्ड घोटाला किया है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उस समय प्रेस वार्ता नही किया गया कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है। कहा कि देश के हर नागरिक और संस्था को सभी आयकर नियमों को मानना होगा। लेकिन राहुल गांधी और सोनिया गांधी खुद को संविधान से उपर समझते हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस खाते में 1000 रूपए करोड़ की राशि और 500 करोड़ की अचल संपत्ति है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को देश के कानून मानने होंगे और आयकर विभाग अपना कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा की आयकर विभाग की कार्रवाई से सरकार का कोई लेना देना है और कांग्रेस के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व प्रत्याशी रंणजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल उपस्थित थे।

### होलिका दहन को लेकर हुआ डांडा पूजन

**रामगढ़।** प्राचीन होलिका दहन स्थल लोहार टोला में शनिवार की शाम को होलिका दहन उत्सव को लेकर डांडा पूजन किया गया। डांडा पूजन का आयोजन श्रीसत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर एवं धर्मशाला संस्था ने किया। इस दौरान पूजन स्थल पर होलिका तैयार की गई। मंदिर के प्रधान पुजारी मदन मोहन शास्त्री एवं सहायक पुजारी विजय मिश्रा ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन करवाया। जबकि, बतौर यजमान संस्था के कई लोग पूजन किया। पुजारी ने बताया कि डांडा पूजन भक्त प्रह्लाद की पूजा की जाती है। पूजन के बाद होलिका व डांडा की आरती की गई। कार्यक्रम में हनुमान प्रसाद गोयल, सीताराम गोयल, सुरेश पी अग्रवाल, संजीव कुमार बरेलिया, जगदीश प्रसाद गोयल, सुनील गोयल, विनोद पंकज, प्रवीण अग्रवाल, विकास साह, सोहन लाल अग्रवाल, दयाचंद्र शर्मा, नरेश अग्रवाल, महेश रानीलिया बंटी, दिनेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, बद्री विश्वकर्मा, रवि कुमार, अनमोल सिंह, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### होली पर्व आपसी प्रेम का संदेश देता है : अन्नपूर्णा

**कोडरमा।** सामाजिक सौहार्द और प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव का पर्व होली का उत्साह दिखने लगा है। जिले के विभिन्न हिस्सों में होली मिलन का आयोजन भी शुरू हो गया है। झुमरीतिलैया के रॉयल सेलिब्रेशन में समाजसेवी महावीर यादव ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें जिलेभर के समाजसेवी और आम लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान होली पर लोग झूमते और एक- दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सभी को अबीर लगाकर होली की बधाई देते हुए कहा कि होली ऐसा पर्व है, जो एक- दूसरे को प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

### चाटुओड़ा में आयोजित तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम का हुआ समापन

**बानो।** प्रखंड के चाटुओड़ा गांव में तीन दिवसीय अखड हरि कीर्तन कार्यक्रम का समापन हुआ।अखण्ड हरि कीर्तन समापन के अवसर पर नगर भ्रमण व पूणार्हुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर भवन कार्यक्रम यज्ञ परिसर से आरंभ होकर पूरे गांव का परिक्रमा किया इस दौरान बच्चे राधा कृष्ण के वेश में शामिल हुए .यजमान की भुमिका धन सिंह सह पत्नी शामिल हुए. पुरोहित की भुमिका विजय पंडित ,गोपाल दास शामिल थे.कार्यक्रम को सफल बनाने में मुरारी सिंह हविन्द्र सिंह, नारायण सिंह ,जगेश्वर सिह, लोदो सिंह खतू सिंह, जगरनाथ सिंह, धीश्वरी देवी, ममता देवी, गौरी देवी, रामकेश्वर सिंह, राधेश्याम, जय सिंह,हनी सिंह फूल सिंह, खिरोधरी देवी आदि लोगो का सहयोग रहा।

### बिजली मिस्त्री के साथ मारपीट, थाने में आवेदन

**सतगावां।** थाना के दोनैया में बिजली मिस्त्री के साथ मारपीट और दुर्व्यहार का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में बिजली मिस्त्री मोहनपुर निवासी नीतीश कुमार ने थाना में आवेदन देकर कहा है कि शुक्रवार को ग्राम दोनैया में बिजली बिल बांटने के लिए गए थे। इसी क्रम में दोनैया निवासी गणेश राय ने मेरे साथ गाली- गलौज और मारपीट किया। और मुझ पर बिजली चोरी करवाने का आरोप लगाया। इस घटना की बिजली मिस्त्री ने कड़ी निंदा की है।

### शहीदों के सपनों का भारत बनाना है : संदीप

**कोडरमा / झुमरी तिलैया।** स्थानीय भाकपा माले कार्यालय में शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गयी। पार्टी नेता संदीप कुमार ने कहा कि भगत सिंह ने कहा था देश की आजादी के बाद गोरे अंग्रेजों की जगह पर काले अंग्रेज का शासन हो जाने के बाद फिर से मनुष्य द्वारा मनुष्य का शोषण करने का विचार विकसित हो जाएगा। काले अंग्रेज फासीवादी और सांप्रदायिक राजनीतिक ध्रुवीकरण से देश में नफरत के बीज बो देंगे।

# भक्ति भाव से चर्चों में मनाया गया खजूर पर्व




**नवीन मेल संवाददाता। बनो** बानो प्रखंड के आरसी चर्च बांकी, आर सी चर्च जितुटोली जी ई एल चर्च बानो एवं आरसी चर्च साहुबेडा आदि चर्चो में भक्ति पूर्वक खजूर पर्व मनाया गया। साहुबेड़ा पंचायत अन्तर्गत आरसी चर्च साहुबेड़ा में खजूर पर्व बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। समारोही ख्रीस्तयग का समापन पल्ली पुरोहित फादर भितुस केरकेट्टा द्वारा किया गया। फादर ने संदेश में ख्रीस्त विश्वासियों से कहा खिजूर रविवार के दिन ही प्रभु यीशु येरूशलम में प्रवेश किया। और इस्त्राइलियों ने येसु ख्रीस्त को राजा मानकर खजूर डालियों से स्वागत किया। इसी तरह हम ख्रीस्तीय विश्वासी भी येसु को अपना राजा माने। इस अवसर पर मुख्य रूप से फादर भितुस केरकेट्टा,फादर बिमाल जोजो, प्रचार विजय कन्डुलना, सुशील कन्डुलना, दोमनिक किड़ो, निर्मला होरो, मरसेल भेंगरा, मंगल, तोपनो, सरोजिनी, जयमसीह बडिंग एवं काफी संख्या में ख्रीस्त विश्वासी उपस्थित हुए। कोयरदल का संचालन मिस अलविसिया भेंगरा की अगुवाई में बड़ी हर्षोल्लास के साथ किया गया। आर सी चर्च बांकी में फा अलेक्जेंडर कुलु ने मिस्सा। पूजा किये।इधर लचरा गढ़ स्थित चर्च में खजूर पर्व के अवसर आयोजित मिस्सा पूजा में भाग लिया। इस अवसर पर बेदी को आकर्षक रूप सेसजाया गया था।फादर केलेमेंट लकड़ा ने कहा नित प्रतिदिन प्रभु येशु का जय जय कार करें। फादर केलेमेंट के अगुवाई में खजूर रविवार जुलूस निकाली गई।मिस्सा पूजा में फा डीन जोसेफ एरिक कुल्लू ,फा पीटर बारला,फा फबीयन व काथलिक सभा के विभिन्न विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।

### होली पर्व को लेकर सिमडेगा शहर में सजी रंग एवं पिचकारी की दुकान

**सिमडेगा।** रंगों का पर्व होली को लेकर सिमडेगा का माहौल पूरी तरह से रंगीन हो गया है, चारों तरफ होली के गीत बज रहे हैं एवं रंग से पूरा क्षेत्र सरोबार हो गया है। दूसरी और बाजारों में भी होली की खुमार देखने को मिल रही है और शहरी क्षेत्र में होली को लेकर अस्थाई दुकानों की संख्या बढ़ने लगी है। इधर होली को लेकर कपड़ों की दुकानो में भी भीड़ दिखने लगी है। इसके अलावे मिठाई और रंग अबीर की खरीदारी भी शुरू हो गई है। जिले के प्रसिद्ध वस्त्र विक्रेता विजय क्लॉथ स्टोर के विजय अग्रवाल ने बताया कि इस बार लड़कियों के द्वारा वन पीस लहंगा की मांग ज्यादा है। जबकि लड़के कुर्ता पायजामा और वेर्स्टन पैटर्न की मांग कर रहे है। महिलाएं चुनरी प्रिंट साडी की डिमांड कर रही है। उन्होंने कहा कि आज सोमवार बाजार होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र से भी खरीदारी के लिए सिमडेगा शहर में लोगों की भीड़ उमड़ेगी जिससे की खरीदारी में इजाफा होने की संभावना है।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों को प्रचार प्रसार के लिए अनुमति लेना अनिवार्य



**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला जन-संपर्क पदाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों एवं मीडिया प्रतिनिधि के ब्यूरो चीफ संग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला जन-संपर्क पदाधिकारी ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोशल मीडिया, केबल नेटवर्क एवं अन्य माध्यम से प्रचार प्रसार से संबंधित जानकारी दी उन्होंने कहा कि प्रिंट, सोशल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचार-प्रसार हेतु मीडिया कोषांग से सर्टिफिकेशन लेना होगा। कोई भी राजनीतिक दल व अभ्यर्थी बिना सर्टिफिकेशन प्राप्त किए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, में राजनीतिक प्रचार नहीं करेंगे। मतदान दिवस तथा मतदान पूर्व दिवस पर राजनीतिक प्रचार प्रिंट मीडिया में प्रसारित करने के लिए भी मीडिया प्रमाणन लेना होगा।साथ ही पेड न्यूज से संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने सभी मीडिया प्रभारी ब्यूरोचीफ को भी निर्वाचन आयोग, द्वारा जारी निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने अन्य जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति कोषांग के प्रावधानों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।मौके पर समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, राजनीतिक दल के सभी प्रतिनिधि, जिले के मीडिया ब्यूरो चीफ एवं प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिमडेगा ताइक्वांडो संघ ने होली मिलन सामारोह का किया आयोजन



**सिमडेगा।** ताइक्वॉण्डो संघ के सचिव दयाराम मेहर, सह सचिव पप्पू कुमार, कोषाध्यक्ष गोबिंद प्रधान सभी ताइक्वॉण्डो प्रशिक्षक और ताइक्वॉण्डो के बच्चे बच्चीयों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन सिमडेगा गाँधी क्लब ताइक्वॉण्डो प्रशिक्षण सेंटर में किया गया। जिसमें हर कोई एक दूसरे पर प्यार के रंग बरसाए। मौके पर संघ के सचिव दयाराम मेहर ने बताया कि इस दिन सभी धर्म और जाति के लोग होली त्योहार को मनाते है इस दिन ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है और होली महत्व रंगों की भरमार खुशियो का प्रकटीकरण और बुराई पर अच्छाई की जित को दशार्ते है। साथ में यह भी जानकारी दी की आगामी 27 से 29 अप्रैल 2024 को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वॉण्डो चैम्पियनशिप में भाग ले रहें बच्चों के अच्छे प्रदर्शन करने के लिए 27 अप्रेल से एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण रखा गया है ताकि राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर जिला एवं राज्य का नाम रोशन कर सकें। मौके पर ताइक्वॉण्डो संघ होली मिलन समारोह में दयाराम मेहर, पप्पू कुमार, गोबिंद प्रधान, जगदीश बिंझिया, महाबीर, आकाश कीड़ो, सूरज बड़ाईक, अतुल कीड़ो, नैशा कुमारी, पूजा कुमारी, आरती कुमारी, रूचि कुमारी, आशा कुमारी, अनीषा कुमारी, आचल कुमारी, प्रीति कुमारी, रितु रानी डुंगडुंग आदि शामिल थे।

### बोलबा प्रखंड के अवगा गांव में मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के अवगा गाँव मे मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल.। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ठेठईटांगर प्रखण्ड के कोरोमियाँ गाँव के अशोक सिंह उड़ीसा के झारसुगड़ा काम करने गया था, होली त्योहार को लेकर अपना घर लौट रहा था ,इसी क्रम में अवगा गाँव के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से गिर गया ।सिर में हेलमेट होने के कारण सिर में कम चोटें है किंतु शरीर मे गम्भीर चोटें है पूर्व मुखिया जोगेंद्र माँझी के सहयोग से एम्बुलेंस मंगाकर बोलबा अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया गया अस्पताल में डॉ देबोतोष भुटिया मि देखरेख में ईलाज किया जा रहा है।

### सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में कालीचरण मुंडा ने भाजपा को बनाया निशाना



**सिमडेगा।** सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।मौके पर उन्होंने भाजपा को निशाना बनाते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की दादागिरी चल रही है लगातार कांग्रेस पार्टी को टारगेट करते हुए कार्य किया जा रहा है यहां तक की कांग्रेस के बैंक खातों को भी फ्रीज कर दिया है ताकि यह लोग चुनाव ना लड़ सके। उन्होंने कहा कि जो लोग विपक्ष को चंदा देते हैं उन्हें एड एवं सीबीआई के नाम पर दर्द धमकाकर उन्हें दबाने का प्रयास किया जाता है लेकिन भाजपा को जो लोग चंदा देते हैं । उन लोगों को कुछ भी नहीं होता है।वही कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि देश में केंद्र सरकार द्वारा लोकतंत्र को पूरी तरह से खत्म करते हुए तानाशाह शासन चलाना चाहती है और इलेक्ट्रोल बोंड के माध्यम से करोड़ों रुपए लिया गया है ।उन्होंने यह भी कहा कि देश में भाजपा द्वारा गौ हत्या बंद करने के लिए कानून लाई जिसे हम समर्थन करते हैं ।लेकिन बीफ का बिजनेस करने वाली कंपनियों से भी इलेक्ट्रोल बांड के नाम पर भाजपा चंदा लिया है। कांग्रेस पार्टी के खाता को फ्रीज कर दिया गया है इसके अलावा लगातार ईडीसीबीआई सहित अलग-अलग प्रकार के केंद्रीय एजेंसी का प्रयोग कर विपक्ष को पूरी तरह से खत्म करना चाहती है जो की आने वाले चुनाव में यहां की जनता ने जवाब देगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन सहित कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आदिम जनजातियों के साथ भाजपा नेता ने मनाई होली

**सिमडेगा।** कुरडेग प्रखंड बड़कीबीउरा पंचायत के पहाड़ - जंगलों के बीच स्थित अत्यंत निर्धन एवं पिछड़ा क्षेत्र रावणखोल ग्राम में भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा पहुंचा और वहां के निवासी कोरवा आदिम जनजाति समुदाय के लोगों से मुलाकात किया।श्री बेसरा ने उनके साथ मुलाकात करते हुए एक दूसरे पर अबीर गुलाल लगाया एवं अबीर गुलाल और मिठाई वितरण कर होली की शुभकामनाएं दिया। इस दौरान रावण खोल के कोरवा आदिम जनजाति समुदाय के लोगों ने श्री बेसरा को बताया कि सरकार द्वारा आदिम जनजाति समुदाय के नाम पर अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है पर हमारे गांव तक नहीं पहुंच पाती है। मौके पर कुरडेग उप प्रमुख अजय जयसवाल, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दीप नारायण दास ग्रामीण महिला पुरुष एवं बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने एक घर को किया क्षतिग्रस्त

# 10 वर्षीय बच्चा मिट्टी में दबकर हुआ घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखंड के मंयगसोर में जंगली हाथी ने एक महिला के घर को क्षतिग्रस्त किया। घर में रखे अनाज को भी खा गया ।इस घटना में 10 वर्षीय अजय बुढ़ मिट्टी में दब गया वहीं घटना में दो अन्य लोग घायल हो गये. घायलों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जंगली हाथी शनिवार रात्रि 10-11 बजे मंयगसोर गांव पहुंच गया.बहालेन जोजो के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया. तथा घर में रखे अनाज को खा गया ,घटना में 10 वर्षीय आयुष बुढ़ मिट्टी के नीचे दब गया घटना में विश्राम बुढ और जॉनसन जोजो घायल हो गए गांव में जंगली हाथी पहुंचने से अपना तफरी मच गयी। ग्रामीणों के प्रयास से हाथी को जंगल की ओर भगाया गया.कुछ देर बाद ग्रामीणों के द्वारा मिट्टी में दबे आयुष बुढ़ को निकाला गया । तथा बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद घायलों को छुट्टी दे दिया गया इधर घटना की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम और मुखिया अनिल लुगुन ने घटनास्थल पहुंचकर क्षतिपूर्ति की जानकारी ली।

### भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मना खजूर रविवार

## खजूर डाली लेकर मिस्सा अनुष्ठान में शामिल हुए मसीही धर्मावलंबी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिले में भक्तिभाव से मना खजूर रविवार। मौके पर आरसी चर्च परिसर में हुई मिस्सा पूजा। खजूर की डाली पकड़कर मिस्सा पूजा में शामिल हुए मसीही धर्मावलम्बी। जिला मुख्यालय स्थित संत अन्ना महागिरजाघर में विकार जनरल फा इग्नासीयूस की अगुवाई में सम्पन्न हुई मिस्सा पूजा। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा भी शामिल हुए। अपने संदेश में विजी फा इग्नासीयूस टेटे ने कहा कि आज से प्रभु अपने दुख भोग में प्रवेश किये। आज प्रभु के येरूसलम में प्रवेश करने की घटना को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन सभी लोग उनका स्वागत करते हैं। ईश्वर ने अपने एकलौते पुत्र को हमारे लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पाम संडे की खुशी की भावना आपके दिल को भर दे और प्रभु का आशीर्वाद हमेशा आपके साथ रहे। उन्होंने कहा कि येसु के यीरुशलम के प्रवेश को ही खजूर रविवार के रूप में मनाया जाता है। यहां पर जैतून नहीं है। इसलिए खजूर की डालिया लेकर विश्वासी गिरजाघर में एकत्र हो मुक्तिदाता प्रभु यीशु की अराधना करते हैं।

## सिमडेगा के विभिन्न क्षेत्रों में होली को ले निकाला गया फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा जिलेभर में रंगों का पर्व होली मनाया जाएगा जिसको लेकर सिमडेगा पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। इधर रविवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में होली से पूर्व फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। सिमडेगा मुख्यालय में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद पासवान की मौजूदगी में सिमडेगा थाना से फ्लैग मार्च की शुरूआत हुई जो की पैदल मार्च करते हुए सिमडेगा झूलन सिंह चौक ,बस स्टैंड नीचे बाजार होते हुए आगे बढ़ी और वापस आते हुए समाप्त हुई ।मौके पर थाना प्रभारी ने सभी लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से होली का पर्व बनाने को लेकर अपील किया ।उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार के उपद्रव के लिए सिमडेगा पुलिस निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इधर बानो सर्किल तीनो थाना क्षेत्र में फ़्लैग मार्च निकाली गई।प्रखण्ड प्रसाशन बानो द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये बानो में फ्लैग मार्च निकाला।

### होली पर्व में समाप्त हो रही पारंपरिक लोकगीतों की परंपरा

## डीजे और फूहड़ गानों ले लिया है स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** होली के त्यौहार का स्वरूप बदल गया है। होली से एक सप्ताह पूर्व गीत गोविंद का चलने वाला दौर समाप्त हो गया है। होली के दिनों में अब परिवार के लोग अपने परिवार में सिमट कर रह गए हैं।होली के अवसर पर बच्चों के नए कपड़े रंग गुलाल की परंपरा धीरे-धीरे बदलता जा रहा है। होली लोकगीतों का स्थान फूहड़ डीजे ने ले लिया है। प्राकृतिक रंगों का स्थान अब लोग केमिकल डाले हुए रंगों से होली खेलते हैं। ग्रामीण इलाकों में होलिका दहन का उमंग भी कम हो गया है, होलिका दहन के लिए लकड़ी इकट्ठा करना एवं दूसरे के घरों से लकड़ीयो का चोरी करना एवं सार्वजनिक रूप से होलिका दहन करने का भी स्वरूप बदल गया है। पहले लोग होलिका दहन में यदि शामिल नहीं होते थे उनके घरों में कीचड़ कादो का घड़ा मुख



दरवाजे पर चोरी छुपे पटक दिया जाता था और घर के मुखिया को जब सुबह में पता चलता था तो तू खूब गाली गलौज करते थे जिससे युवाओं की मंडली खूब होली का मजा लेते थे। 65 वर्षीय बसंत प्रसाद ने बताया होली पर्व में अब सामूहिकता की कमी आई है, पहले सभी धर्म के लोग मिलजुल कर होली खेलते थे। 85 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद ने बताया होली पहुंचने से 10 दिन पहले ही लोग लाल झांझर ढोलक लेकर युवाओं एवं बुजुर्गों की टोली के एक साथ मिलकर

**65 वर्षीय बसंत प्रसाद ने बताया, होली पर्व में अब सामूहिकता की कमी आई है पहले की बात कुछ और थी**

पारंपरिक होली लोक गीत गाकर मनोरंजन किया करते थे।65 वर्षीय सुदामा सिंह ने बताया पहले और अब होली खेलने का तरीका बदल गया है पहले होली सामाजिक रिश्ते के अनुरूप बड़े छोटे के अनुरूप होली खेला जाता था एवं बुजुर्गों के पैर पर अबीर डालकर उनसे आशीर्वाद दिया जाता था। लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है।55 वर्षीय आदित्य प्रसाद ने बताया पहले होली के पूर्व से गाना बजाना का दौर शुरू होता था जो त्यौहार बीतने तक चलता रहता था लेकिन अभी स्थिति नहीं है अब होलिका दहन से दूसरे तीसरे दिन अमीर गुलाल के साथ होली समाप्त हो जाती है।

## आयकर विभाग ने कांग्रेस के खातों पर कसा नकेल

# भाजपा का इससे कोई लेना देना नहीं : मनीष

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में भाजपा के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के चुनाव कार्यालय से एक महत्वपूर्ण प्रेस- वार्ता का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने प्रेस/मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस ने आयकर मामले में अपने खाते फ्रिज होने की तुलना देश में लोकतंत्र की हत्या से की है, जो की बेहद शर्मनाक है। कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी है जो अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार आयकर विभाग और भाजपा को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें करती है लेकिन न्यायालय में अपने बचाव पक्ष के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है। मनीष जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता इस मामले को लेकर जनता को बरगलाने में जुटे हैं लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि आयकर विभाग ने




डिफाल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड रुपए के प्रयोग पर रोक लगाई है, न कि बैंक अकाउंट को फ्रिज किया है। एक और कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि उनके पास ट्रेन में आने जाने का पैसा नहीं है, जबकि उनके नेता राहुल गांधी स्वयं चार्टर्ड प्लेन में घूम रहे हैं। सारे प्रावधानों की जानकारी होने के बावजूद भी कांग्रेस ने 14 लख रुपए नगद चंदा लिया। 105 करोड रुपए का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र 2.5 करोड़ रुपए जमा कराया। कांग्रेस ने उस समय नहीं कहा कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है। क्योंकि कांग्रेस इस बात से सहमत थी कि 105 करोड रुपए का आयकर वैध है। कांग्रेस ने आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया लेकिन उन्हें हर जगह मुंह की खानी पड़ी। भाजपा सांसद प्रत्याशी सह विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस के कई बैंक खाता संचालित हैं और कांग्रेस के पास एक से अधिक पैन कार्ड भी है। एक से अधिक पैन कार्ड होना स्वयं कांग्रेस के संविधान के विरुद्ध है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि भारत के हर नागरिक और संस्था को सभी आयकर नियम मानने होते है फिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी खुद को संविधान से ऊपर क्यों समझते हैं यह जनता को समझने की जरूरत है ।

### जमाना बदलने के साथ बदला है होली का स्वरूप

**झुमरी तिलैया ।** होली का स्वरूप बदल चुका है। अब लोग सूखी होली और फूलों की होली खेल कर होली का पर्व मनाते हैं। भले ही होली का रूप बदला है,पर आज भी बुजुर्गों के दिल में वही पुरानी होली की याद आती है। पहले होली के पर्व को लेकर पूरा का पूरा गांव तैयारी में जुट जाता था। होलिका दहन के लिए लकड़ी, तो हुड़दंग के लिए मटका और उसमें डाले जाने वाले सामान। लेकिन अब यह मस्ती घरों, परिवारों तक सिमट गई है। पहले बसंत पंचमी के बाद मंदिरों में फगुआ गाया जाता था। यह सिलसिला होली तक चलता था। जबकि होलिका दहन की रात को रातभर फगुआ की बौछार और होली के दिन दिनभर कीचड़ वाली होली के अलावा रंग और अबीर की होली होती थी। अब ऐसा नहीं होता है। सेवानिवृत्त शिक्षक दीनानाथ पांडेय ने कहा कि पहले होली आने से कई दिन पहले हंसी-ठिठोली का सिलसिला शुरू हो जाता था। गली, मुहल्लों में बच्चों की टोलियां हाथों में रंग, अबीर, गुलाल के साथ पिचकारियां लेकर धमा-चौकड़ी करते थे।

## होलिका दहन से पूर्व राम जानकी मंदिर में की गई होलिका माता और प्रह्लाद की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला मुख्यालय सहित कई जगह में रविवार की रात 10:30 बजे के लगभग होलिका दहन से पूर्व रविवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं के द्वारा होलिका माता और प्रहलाद जी की पूजा की गयी। होलिकादहन स्थल पर डांडा स्थापित किया गया । भक्त प्रहलाद का प्रतीक स्थापना की गई है। इधर मारवाड़ी समाज की महिलाएं अपनी पारंपरिक वेशभूषा में पूजा की। पूजा के क्रम में महिलाओ ने दहन स्थल की परिक्रमा करते हुए डांडा के चारों ओर गोबर से बने बिटकुले डाला। कई अन्य लोगों ने भी पूरे श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। जानकारी देते हुए आचार्य वासुदेव गौतम के द्वारा बताया गया कि हमारा सनातन समाज हमेशा सभी पर्व एवं त्योहार को सामूहिक रूप से मानता है और हर ऋतु के अनुसार हमारा त्यौहार आता है इसी प्रकार होली का पर्व है जिसे हम सभी आपसी भाईचारे और एकता के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि होलिका दहन का विशेष महत्व है कि अपने अंदर की छुपी बुराइयों को भस्म करते हुए अच्छाइयों को जन्म देकर सभी लोगों को आपसी प्रेम बंटनी चाहिए।

## एक नजर

### होली पर ट्रेनों एवं बसों में रही भारी भीड़



**धनबाद।** होली पर घर जाने के लिए ट्रेन व बसों में टिकटों की मारा-मारी हो रही है। धनबाद होकर गुजरने वाली ट्रेनों में नो रूम की स्थिति है। होलिका दहन के दिन रविवार को बड़ी संख्या में लोग अपने घर के लिए रवाना हुए। धनबाद रेलवे स्टेशन और बरटांड़ बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। गंगा-सतलज, गंगा-दामोदर, मौर्य एक्सप्रेस समेत धनबाद से खुलने या यहां से होकर गुजरने वाली एक दर्जन ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ थी। एक्सप्रेस-मेल ट्रेनों में स्लीपर व एसी कोच का जेनरल से भी बुरा हाल था. यही स्थिति बरटांड़ बस स्टैंड की रही। लोग सीट के लिए इस बस से उस बस में दौड़ते रहे। सासाराम, आरा, बक्सर, छपरा, सीवान की कई बसों में छत पर बैठकर लोग गांव गए. ज्ञात हो कि धनबाद से रोजाना 150 से अधिक बसें खुलती हैं, जो बिहार व बंगाल के विभिन्न शहरों को जाती हैं।

### कोल्हान में सरकारी कार्यालयों पर 81 करोड़ का बिजली बिल बकाया

**आदित्यपुर।** बिजली विभाग (जेबीवीएनएल) का कोल्हान के सरकारी कार्यालयों पर करीब बिजली बिल का 81 करोड़ रुपए बकाया है. जिसकी वसूली के लिए विद्युत महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने 31 मार्च तक वसूलने की रणनीति बनाई गई है औ? सभी सरकारी विभागों को बिल अदायगी का पत्र भी भेजा है. विद्युत महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने बताया कि सरकारी विभागों करोड़ों बकाया है। इसकी अदायगी हो जाए तो हमारा डीवीसी का कर्ज भी आसानी से अदायगी हो जाएगा। बता दें कि आदित्यपुर विद्युत अवर प्रमंडल के अधीन आनेवाले सरकारी विभागों और बड़े उद्योगों पर ही करीब 7 करोड़ से अधिक का बिजली बिल बकाया है।

### चुनाव की नाइट ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मियों का भत्ता बढ़ा

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव कराने के लिए आयोग दिन रात तैयारियों में जुटा है। चुनाव कार्य में ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अलग भत्ता देने का भी प्रावधान किया जा रहा है। इसके मद्देनजर चुनाव कार्य में नाइट ड्यूटी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को दिए जाने वाले अतिरिक्त पारिश्रमिक भत्ता को बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके अनुसार कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में हुई वृद्धि एवं सप्तम वेतन आयोग द्वारा संशोधित वेतनमान आदि को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी-कर्मचारी को निर्धारित अवकाश के दिनों सहित सामान्य कार्यावधि में अधिक देर रात्रि तक काम करने के लिए संशोधित पारिश्रमिक का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। पारिश्रमिक की राशि पाने वाले पदाधिकारियों-कर्मियों की पात्रता निर्धारण राज्य मुख्यालय स्तर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा जिला स्तर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी तय करेंगे। पारिश्रमिक राशि बैंक अकांउट में सीधे भेजी जायेगी। प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री के अनुमोदन से हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अवधि के अंतर्गत आम, उप चुनाव का संपादन कराना अनिवार्य होता है। चुनाव कार्य में संलग्न पदाधिकारी कर्मी को सामान्य कार्य दिवस तथा अवकाश के दिन की देर रात्रि तक श्रमसाध्य पैंतालिस से साठ दिनों की अवधि होती है। इस दौरान कर्मियों के मनोबल को ऊंचा रखने के लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक दी जाती है। अविभाजित बिहार में निर्धारित दरों को झारखंड ने अपनाया था, लेकिन समय और बढ़ती महंगाई को देखते हुए इन दरों में संशोधन किया गया है।

इस तरह मिलेगा पैसा अवकाश के दिन क्षतिपूरक अवकाश देय नहीं होगा। राजकीय पदाधिकारी क्लास-2 और ऊपर : 850 रुपये प्रतिदिन।

# अपनत्व और भाईचारे को बढ़ावा देता है होली महापर्व, हम एकता का संकल्प लें : अनंत लाल

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने होली महोत्सव मनाते हुए एक-दूसरे को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता ।गिरिडीह ।** सरिया स्थित राजदाह धाम में सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने होली महोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वस्तिवाचन व भगवान परशुराम एवम संत शिरोमणि तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के महामंत्री अनन्तलाल शर्मा व संचालन देवाशीष बादल ने किया।





होली सम्मान समारोह में महासंघ के पदाधिकारीगण मौजूद वक्ताओं ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्षों की अपेक्षा को आज के युवाओं ने कर दिखाया हैं अब जरूरत हैं संगठित होने का एवम एकदूसरे के प्रति सम्मान तथा भाईचारे का परिचय देने का। कहा कि हमारे अनादि संस्कृति कहती हैं कि ब्राह्मण समाज अपने समाज के साथ अन्य समाज के उन्नति करने के लिए मार्गदर्शित किया हैं लेकिन वर्तमान स्थिति में ब्राह्मणों में राजनीति प्रवेश कर एक विशाल खाई उतपन्न कर रही हैं जिससे लोग एक दूसरे के खिलाफ खड़े रहते हैं जिसे हमसबों को मिलकर इस खाई को भरते हुए पुनः हमसब अपनी पौराणिक संस्क्रति की ओर प्रवेश करेंगे और फिर अपनी इतिहास को दुहरायेंगे। वक्ताओं ने कहा कि आज होली महोत्सव के इस पावन पर्व पर हमसबो को संकल्पित होने की जरूरत हैं कि जो कुछ हम खो रहे हैं उसे वापस करें एवम बुराई को खत्म करते हुए अच्छाई की ओर आगे बढ़ेंगे।

वहीं कार्यक्रम में में पहुंचे मुख्य अतिथि अनंत लाल शर्मा ने कहा निपुणता का शाब्दिक अलंकार हैं ब्राह्मण। कहा कि हम परसुराम भी हैं, संत शिरोमणि तुलसीदास भी हैं, आर्यभट्ट भी हैं और हमहि चरक सुश्रुत हैं जिन्होंने देश के स्वाभिमान ओर अस्मिता को बचाने के लिए अपनी भूमिका निभाया हैं परन्तु आज की स्थिति विपरीत दिशा में जा रही हैं जिसमे बदलाव लाने की बेहद जरूरत हैं यदि ऐसा नही होता हैं तो आने वाले समय मे इसकी स्थिति भयावह होगी। श्री शर्मा ने कहा कि भिन्नता में बंट कर सम्राज्य स्थापित करने की सोच किसी भी राजा के साथ उसके प्रजा को भी हानि ही पहुंचाती हैं इसलिए विमुख हुए लोग जल्द मुख्यधारा से जुड़ेंगे ऐसी अपेक्षा हैं। उन्होंने कहा कि होली महापर्व अपनत्व ओर भाईचारे को बढ़ावा देता है। हम होली पर एकता का संकल्प लें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासंघ के उप महामंत्री कामदेव पांडेय, उपाध्यक्ष नकुल भारत भूषण पांडेय, बासुदेव पांडेय, हरिहर शर्मा, दामोदर पांडेय, डोमन पांडेय, अशोक पांडेय, विनोद शर्मा, राम किशोर शास्त्री, रविन्द्र पांडेय, कैलाश पांडेय, नवल किशोर पांडेय ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान फागुन गीत पर महासंघ , मोर्चा एवम प्रकोष्ठ के सदस्य झूमे तथा एक दूसरे को अबीर लगेते हुए एक दूसरे को बधाई दिया। वंही इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के कार्यकरणी अध्यक्ष रविन्द्र पांडेय ने महासंघ को संगठन का रजिस्ट्रेशन आईडी भेंट की तथा महासंघ के नक्शे कदम पर चलने के लिए वचन दिया।

इस कार्यक्रम में विकास पांडेय, बसंत पांडेय, उमाशंकर पांडेय, सन्तोष शर्मा, राजदेव रंजन, पंकज पांडेय, दया पांडेय, विकास पांडेय, भोला पांडेय, शब्यसाँची पांडेय, सुदामा पांडेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

# पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों के छिपाए गए साढ़े दस लाख रुपये समेत कई सामान बरामद

### कोल्हान में पुलिस ने गिरफ्तार नक्सलियों की निशानदेही पर चलाया विशेष अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा/ रांची।** कोल्हान में पुलिस ने गिरफ्तार दो नक्सलियों की निशानदेही पर छिपाकर रखे गए साढ़े दस लाख रुपये नकद और अन्य सामानों को बरामद किया है। रविवार को पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन के अपने दस्ते के सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील होने की जानकारी के बाद एक संयुक्त अभियान दल गठित कर क्षेत्र में लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।



**बरामद सामग्री :** दस लाख पच्चास हजार रुपये नकद, लेवी प्राप्त करने वाला लेवी रसीद, लगभग 100 ग्राम अर्ध ठोस गुलाबी संदिग्ध विस्फोटक सामग्री, पुल थ्रू-2 नग, वायरलेस सेट-3 नग, रेडियो सेट-1 नग, टैबलेट-1 नग, वायरलेस चार्जर-1 नग, चश्मा 1 नग, पॉवरबैंक-1 नग, गर्दन बैंड-1 नग एवं अन्य दैनिक उपयोग के सामान।

इस अभियान के दौरान मिली सूचना पर ग्राम सरजोमबुरू के राजेश देवगम एवं जयपाल देवगम (दोनों ममता देवगम) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने स्वीकारोक्ति बयान में बताया था कि टोंटो थानांतर्गत वनग्राम जिम्की इकीर और राजाबासा के आसपास जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र में शीर्ष नक्सलियों द्वारा पूर्व में प्राप्त लेवी का पैसा छुपाकर रखा गया है। इसके बाद विशेष अभियान संचालित कर शनिवार को को टोंटो थानांतर्गत वनग्राम जिम्की इकीर और राजाबासा के आसपास जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र से भारी मात्रा में नकदी एवं अन्य दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया। संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

### डीजल-बैटरी लूट के एक घंटे के भीतर दो आरोपी गिरफ्तार

**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल की एसटीजी आउटसोर्सिंग से 45 हजार रुपए के डीजल व बैटरी की लूट में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने घटना के एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए पुटकी 10 नंबर खटाल निवासी दिनेश यादव व पवन कुमार चौधरी को रविवार को जेल भेज दिया गया. पुटकी थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बताया कि आरोपियों के पास से लूटे गए 150 लीटर डीजल भरा गैलन व तेल मापने की कूपी बरामद किया गया है। ज्ञात हो कि शनिवार की रात करीब 10 की संख्या में आए नकाबपोश अपराधियों ने पुटकी 17 नम्बर स्थित आउटसोर्सिंग के ओबी डंप के पास खड़े डोजर से दो बैटरी खोल ली।

## प. सिंहभूम में ट्रक ने बाइक को रौंदा, महिला सहित दो की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा पश्चिमी सिंहभूम।** रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75ई पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। इस हादसे में महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

बताया जाता है कि रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75ई पर चाईबासा मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरदा पुल के समीप खरसावां मोड पर रविवार अपराह्न 3:30 बजे तेज रफ्तार एक ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गंभीर अवस्था में चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेजा। दुर्घटना में महिला समेत दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक चक्रधरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत केरा गांव के रहने वाले हैं।

पुलिस ने ट्रक को जब्त कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा भेज दिया है। जब्त ट्रक जमशेदपुर के एक ठेकेदार का है, जो सरकारी राशन लेकर चक्रधरपुर आया था। वह अनाज को खाली कर के वापस जमशेदपुर जा रहा, तभी घटना हुई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल, पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

# रांची में हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने लगाई बैरिकेडिंग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** होली पर रांची पुलिस ने सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए हैं। होली पर्व पर किसी तरह का विघ्न ना पड़े इसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। हुड़दंगियों के साथ सड़कों पर तेज स्पीड वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

त्योहार में सड़क पर हाई स्पीड बाइक चलाने से कई बार लोग दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इससे बचने के लिए यातायात पुलिस ने रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों में टेढ़ी-मेढ़ी बैरिकेडिंग लगाने का निर्णय लिया है, जिससे रफ्तार पर रोक लगाने के साथ संभावित हादसे को टाला जा सके।

**यहां रहेगी बैरिकेडिंग**

सिद्धू-कान्हू मोड़, चांदनी चौक, कैब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड, जोड़ा पुल कॉके रोड, न्यू मार्केट गौशाला के बीच, किशोर गंज गाड़ी खाना के बीच, कटहल मोड़, शालीमार बाजार, सेटेलाईट चौक, हिनू चौक, कमान्डेंट आवास, चापू टोली, सहजानन्द चौक, अरगोडा चौक, चांदनी चौक हटिया, तिरिल मोड़, शहीद मैदान, अल्बर्ट एक्का चौक, रेडिसन ब्लू, बहुबाजार दक्षिणी, जयपाल सिंह स्टेडियम, रतन पीपी, सुजाता चौक, मिशन चौक, कोकर चौक, नामकुम चौक, नेवरी विकास, करमटोली चौक, खेलगांव चौक और नामकुम से रामपुर चौक के बीच।

प्रशासन का इस बारे में कहना है कि प्राप्त सूचनानुसार सोमवार और मंगलवार को होली पर्व मनाया जाना है। होली पर्व के अवसर पर प्रायः ऐसा देखा जाता है कि लोग तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटना होने की संभावना होती है। पूर्व में भी होली के दिन ओवर स्पीड के कारण दुर्घटनाओं के मामले सामने आए हैं। इसी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देशानुसार होली पर्व को देखते हुए ओवर स्पीड और दुर्घटना को नियंत्रण करने के लिए रांची शहरी में रविवार की रात 11 बजे से लेकर 27 मार्च की सुबह सात बजे तक टेढ़ी-मेढ़ी बैरिकेडिंग लगा रहेगा।

## न्यूज बॉक्स

### मतदाता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन




**गिरिडीह।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से जमुआ प्रखंड में मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज के कलाकारों द्वारा जमुआ प्रखंड के ग्राम नई टांड़ पंचायत बालगो, ग्राम काजिमागा, ग्राम ग्राम बॉबी, ग्राम जमुना में नुक्कड़ नाटक जन जागरण हेतु किया गया। जिसमें कलाकारों ने लोगों को बताया की इस बार होने वाले चुनाव में माताएं बहने भाई साथी चाचा चाचा सभी लोग जिनकी उम्र 18 से ऊपर और वोटर लिस्ट में नामांकन हो चुका है। वह सभी मतदान के दिन मतदान केंद्र पर जाकर अपना मत दे तथा अपने विवेक द्वारा नेताओं का चयन करें जो उनके भाग्य भविष्य के लिए कारगर सिद्ध हो आग के कलाकारों ने अपने अभिनय द्वारा लोगों में मतदान के प्रति जागरूक होने के लिए बतलाया । कलाकारों में कलाकारों में मदन मंजरवे, उत्तम चक्रवर्ती, विकास कुमार, संतोष कुमार, कविंद्र भट्टाचार्य, सहदेव, और शंकर शामिल थे।

### पासी समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह में उड़ाए रंग और गुलाल



**गिरिडीह।** शहनाई बैंक्वेट हॉल गिरिडीह में डॉक्टर शैलेन्द्र कुमार चौधरी की अगुआई में पासी समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली के इस पावन मौके पर समाज के लोगों ने एक दूसरे को मिलकर बधाई दिए और रंग और गुलाल लगाकर एक दूसरे का सम्मान करते हुए होली का मुबारकबाद दिए। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए डॉक्टर शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि यह पासी समाज के लिए बहुत ही खुशी की बात है कि हम सब कम संख्या में होने के बावजूद भी एक दूसरे को जान रहे हैं और एक दूसरे से मिलने की अपेक्षा रखते हैं। यह होली का त्यौहार है जो एक दूसरे को आपस में भाईचारा के लिए जोड़ता है ऐसे मौके पर समाज के लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर न सिर्फ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई बल्कि आपसी एकता का परिचय भी दिया। हम सभी समाज के लोग सारे जिले वासियों को देशवासियों को होली की बधाई और शुभकामनाएं देते हैं और यह अपील करते हैं की शांति और स्वादपूर्ण वातावरण में इस पावन पर्व को मनाई इस पर्व का आनंद ले और ज्यादा से ज्यादा एक दूसरे के साथ प्रेम बांटने का कार्य करें। मौके पर पासी समाज के महिला और पुरुष सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

### जमशेदपुर एसएसपी ने होली के दौरान हुड़दंगियों पर खास नजर रखने के दिए निर्देश



**पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)।** होली पर जिला पुलिस कड़ी सतर्कता बरत रही है। होली के पूर्व एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को साकची सीसीआर परिसर में पीसीआर और टाईगर मोबाइल के जवानों को होली में लगातार गश्त करते रहने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि हुड़दंगियों पर खास नजर रखें। लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करे। एसएसपी ने सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में पैदल मार्च किया। साथ ही शहर के अन्य थाना क्षेत्रों में संबंधित डीएसपी और थानेदारों ने फ्लैग मार्च निकाला। एसएसपी ने बताया कि होली को लेकर जिला पुलिस सक्रिय है। पूरे शहर को छह जोन में बांटा गया है। इसमें डीएसपी और मजिस्ट्रेट प्रभार में रहेंगे। विशेष तौर पर बाइक दस्ता बनाया गया है जो शहर में भ्रमणशील रहेंगे। रैश ड्राइविंग को लेकर 19 चेकपोस्ट बनाया गया है। उन्होंने कहा कि होली उत्साह के साथ मनाएं और नशे में गाड़ी ना चलाए। उन्होंने शहर वासियों को आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील करते हुए होली की शुभकामनाएं दी।

# राज्य के आदिवासी समाज में होलिका दहन की जगह काटा जाता है फगुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राज्य का आदिवासी समाज अलग-अलग तरीकों से होली मनाता है। कहीं पानी से होली खेलने की परंपरा है, तो कहीं फगुआ काटने की परंपरा है। होली प्रेम का त्योहार है। यह शिकवे दूर करने का भी त्योहार है। हालांकि, वक्त के साथ होली पर फैशन का रंग भी चढ़ा है। बड़े शहरों में मास्क, मॉडर्न पिचकारियां और गुलाल भरे पटाखे चलन में आ गए हैं। डीजे की धुन पर रेनवाटर डांस का कल्चर शुरू हो गया है। लेकिन, गांव-देहात में आज भी गोबर, कीचड़, रंग और गुलाल ही नफरत मिटा रहे हैं।



आदिवासी समाज में होली का त्योहार मनाने का चलन नहीं है, लेकिन बदलते दौर के साथ आदिवासी समाज के लोग भी होली खेलने लगे हैं। हालांकि, खास पकवान बनाने का कोई चलन नहीं है। 'संथाल' समाज में बाहा पर्व मनाया जाता है। कहीं-कहीं होली के पहले, तो कहीं होली के बाद इस पर्व को मनाया जाता है। इसे फूलों का पर्व भी कहा जाता है। गांव के लोग जाहेरथान नामक पूजास्थल में साल के फूल और पत्तों को कान में लगाकर पारंपरिक हथियारों की पूजा करते हैं और बाद में पानी से होली खेलते हैं। यह अनूठी होली है। इसमें महिला और पुरुष अलग-अलग होली खेलते हैं। फिर पारंपरिक वस्त्र पहनकर नाच गान करते हैं, खुशियां मनाते हैं। यह पर्व प्रकृति से जुड़ा है।

'हो' आदिवासी बहुल सिंहभूम में उपरूम जुमूर पर्व मनाया जाता है। आमतौर पर इसे जनवरी माह में मनाया जाता है। गांव में साल के वृक्ष के डाल की पूजा होती है। इसके बाद हो समाज के लोग एक जगह इकट्ठा होकर एक-दूसरे को अपना परिचय देते हैं। फिर नाच-गान करते हैं। यह पर्व संस्कृति से खुद को जोड़े रखने और आपस में पहचान कायम रखने का महत्व बताता है। 'उरांव' समाज में फगुआ काटने की प्रथा है। होली के एक दिन पहले पूर्णिमा की रात को सेमल की डाली जलाई जाती है।

मान्यता है कि सारु पहाड़ स्थित सेमल के पेड़ पर दो गिद्धों का डेरा था, जो बच्चों को निवाला बना लेते थे। समाज के लोगों ने आराध्य से बचाने की फरियाद की तो वह खुद आए और दोनों गिद्धों का वध किया। इसी वजह से सेमल की डाली को जलाकर समाज के लोग जंगल में जाते हैं और यह देखते हैं कि उनके ईर्द-गिर्द किस तरह के पशु-पक्षी वास कर रहे हैं।

# झारखंड में जल, थल और वायु मार्ग से मतदान कराने जाएंगे निर्वाचनकर्मी

## संवेदनशील इलाके में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना और पोलिंग पार्टी को सुरक्षित पहुंचाना प्रशासन के लिए चुनौती है। राज्य में लोकसभा चुनाव चार चरणों में होगा। इसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। चार चरणों में होनेवाले चुनाव के लिए आयोग ने 29521 मतदान केंद्र बनाए हैं, जो पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव के तुलना में 57 मतदान केंद्र अधिक हैं। इन मतदान केंद्रों में कई ऐसे मतदान केंद्र हैं जो काफी दुर्गम क्षेत्र में हैं, जहां शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराना चुनाव आयोग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। लोकसभा चुनाव के दौरान जल, थल और वायु मार्ग से निर्वाचनकर्मी मतदान कराने जाएंगे। राज्य में कुल 29521 मतदान केंद्रों में से करीब 80 प्रतिशत मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में हैं। इनमें से 10 फीसदी ऐसे मतदान केंद्र हैं, जहां मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टी को या तो हेलीकॉप्टर या ट्रेन या नाव से जाना होगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि राज्य की भौगोलिक बनावट की वजह से कुछ मतदान केंद्र ऐसे जरूर हैं जो दुर्गम इलाके में हैं, वहां पोलिंग पार्टी को जाने के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।




हेलीकॉप्टर के अलावा ट्रेन, नाव और सड़क मार्ग से मतदानकर्मियों को मतदान केंद्रों तक भेजा जाएगा। पश्चिम सिंहभूम के चाईबासा क्षेत्र में मतदानकर्मियों को ट्रेन से भेजने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए तीन कोच रेलवे मुहैया कराएगा। संभवतः झारखंड पहला राज्य होगा जहां पोलिंग पार्टी मतदान कराने ट्रेन में सफर करके जाते दिखेंगे। इसके अलावा साहिबगंज और पलामू के कुछ मतदान केंद्रों तक नाव से निर्वाचनकर्मियों को भेजने की तैयारी है। सारंडा, बूढ़ापहाड़ और पारसनाथ क्षेत्र में हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी चुनाव कराने जाएंगे। चुनाव आयोग ने इसके लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था कर ली है। राज्य में होने वाले चार चरणों में लोकसभा चुनाव को लेकर संवेदनशील इलाके में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**वो हाथ हमेशा पवित्र होते है जो प्रार्थना से ज्यादा दूसरो की सेवा के लिए उठते है : अनुराग**



# उत्तर प्रदेश में त्रिकोणीय मुकाबला

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को लेकर मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। त्रिकोणीय मुकाबले में एक तरफ एनडीए की ह्यसेनाह्ल जीत की हुंकार भर रही है तो दूसरी ओर राहुल गांधी के अगुवाई में ह्यइंडीह्ल गठबंधन ताल ठोक रहा है। दोनों गठबंधनों में बस फर्क इतना है कि जहां एनडीए की ओर से मोदी पुनः प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं, वहीं इंडी गठबंधन ने कौन होगा पीएम पर पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन लगता यही है कि यदि इंडी गठबंधन के लिये सत्ता की राह बनी तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। खैर, अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं है। कौन होगा अगल प्रधानमंत्री ? यह सात चरणों के मतदान के बाद 04 जून को पता चलेगा, जब वोटों की काउंटिंग होगी। इसी लिये फिलहाल तो सात चरणों के चक्रव्यूह को भेदने के लिये ही सभी पार्टियो मैदान में ताल ठोंक रही हैं। 19 और 26 अप्रैल को प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का मतदान होगा। इन दोनों चरणो में पश्चिमी यूपी की 16 सीटों पर वोटिंग होगी। प्रथम चरण और दूसरे चरण के मतदान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्रमशः आठ-आठ सीटों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। 07 मई को भी तीसरे चरण में दस सीटों पर मतदान होगा इसमें भी दस में से पश्चिमी यूपी की चार सीटें शामिल होंगी। इसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवें, 25 मई को छठे और 01 जून को सातवें चरण का मतदान होना होगा। शुरू के तीन चरणों में जो राजनैतिक जंग पश्चिमी यूपी से शुरू होगी वह चौथे और पांचवे चरण में रूहेलखंड, अवध की सीटों पर तो छठे और सातवें चरण में पूर्वांचल में पहुंच कर समाप्त हो जायेगी। चार जून को नतीजे आयेंगे। 2024 लोकसभा चुनावों की शुरूआत पश्चिमी यूपी की आठ लोकसभा सीटों पर से होगा। पहले चरण में चुनाव के लिए आठ सीटों में से, भाजपा ने 2014 के चुनावों में सभी सीटें जीती थीं। 2014 में पार्टी ने अकेले प्रदेश भर में 71 सीटें जीतीं थीं। जबकि एनडीए गठबंधन के पास कुल 73 सीटें थीं। 2019 के चुनाव में इन सीटों पर सपा-रालोद और बसपा गठबंधन के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी का प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 में से केवल तीन सीटें जीतीं। ऐसे में सपा और बसपा को पूर्वांचल में कई सीटें मिलीं, जबकि बीजेपी को पूरे प्रदेश में सिर्फ 62 सीटें मिलीं थीं। 2024 का चुनाव संग्राम भी फिर पश्चिम यूपी से शुरू होगा। शुरूआत में पश्चिमी यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है। यह चुनाव क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति रालोद नेता जयंत चौधरी की स्थिति भी तय करेगा। केंद्रीय मंत्री संजय बालियान की हैट्रिक कोशिशों की परीक्षा होगी। यह चुनाव तय करेगा कि बीजेपी नेता वरुण गांधी का राजनीतिक भविष्य क्या होगा। यह चुनाव यह भी तय करेगा कि नखतौर विधायक ओम कुमार संसद में जा सकेंगे या नहीं। यह क्षेत्र किसान और जाट नेता अजीत सिंह के प्रभाव वाला माना जाता है। चाहे आप जीतें या हारें, जीतने वाला पक्ष हमेशा सोचता है कि उसका पलड़ा भारी है। अजीत को अपनी बदनामी की भारी राजनीतिक कीमत भी चुकानी पड़ी। यह चुनाव अजीत सिंह के बिना होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से जयंत चौधरी को अजीत का उत्तराधिकारी बनाने की कोशिशें अंत तक जारी रहीं। आखिरकार पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की सत्ताधारी पार्टी की चाल सफल रही। पिछले चुनाव में जयंत जाट दलित मुस्लिम गठबंधन छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। यह चुनाव तय करेगा कि जयंत का फैसला कितना सही है।

> **पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है। यह चुनाव क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति रालोद नेता जयंत चौधरी की स्थिति भी तय करेगा।**

'होली' महापर्व पर विशेष

# सामाजिक समरसता का एक अनूठा महापर्व 'होली'


विजय केसरी

***आज*** की बदली परिस्थिति में 'होली' की महता बहुत ही बढ़ गई है। होली देशवासियों को एकता और अखंडता की सीख होली देती है। सामाजिक समरसता का एक अनूठा महापर्व होली है। होली पर्व पर हम सभी देशवासी मतभेदों को भुलाकर गले मिलते हैं। यह पर्व अब वैश्विक रूप अख्तियार कर लिया है। मथुरा और वृंदावन की होली देखने के लिए काफी संख्या में पश्चिमी पर्यटक भारत आते हैं। इस पर्व की खासियत यह है कि सभी धर्म, विचार और पंथ के लोग एक साथ मिलजुल कर बड़े ही आधार के साथ मनाते हैं। होली पर्व का नाम जेहन में आते ही एक सुंदर सी मुस्कान चेहरे पर उभर आती है और मन - मस्तिष्क में खुशियां छा जाती है। हमारे देश में ऐसे कितने पर्व हैं, लेकिन होली की बात ही कुछ निराली है। होली मस्ती से भरा त्यौहार होता है। इस पर्व में लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं। एक दूसरे के साथ हंसी-मजाक मजाक करते हैं। लोग एक दूसरे से बड़े आदर के साथ गले मिलते हैं। छोटे, बड़े का पैर छूकर आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। पति - पत्नी एक दूसरे को रंग लगाकर स्वर्ग के समान आनंद का अनुभव करते हैं। पिता अपने पुत्र के माथे पर अबीर लगा कर लंबी उम्र का आशीर्वाद देते हैं। बहुएं अपनी सास के पैर पर अबीर लगाकर सदा सुहागिन होने का आशीर्वाद प्राप्त करती है। होली पर्व घर के माहौल को बिल्कुल ही खुशनुमा बना देता है। घर में चाहे कितनी परेशानियां क्यों ना हो? होली उन परेशानियों को कम से कम एक-दो - दिनों के लिए पीछे कर देती है। होली आनंद का पर्व है। होली एक दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान करती है। हममें से कुछ लोग रोजी - रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों में चले जाते हैं। कुछ लोग तो विदेश भी चले जाते हैं। लेकिन सबकी तमन्ना होती है कि होली में अपने गांव - घर की ओर लौटें। इनमें कई लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। लेकिन कई लोग अपने गांव - घर नहीं लौट पाते हैं। जो होली पर्व पर घर लौट पाते हैं। अपनों से मिलकर होली खेलते हैं। वे साथ मिलकर खाते हैं। अपनों को गुलाल लगाते हैं। उनके इस आनंद की अनुभूति को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। होली पर्व अपने - पराये का भेद मिटा देती है। आप खुद से अनुभव कर सकते हैं , जब होली पर आपके कोई रिश्तेदार पिछले कई वर्षों से साथ नहीं होली मना पाए हैं। अगर होली में वे, आपके साथ होते हैं, तब दोनों जन कितना आनंदित होते हैं। होली पर्व के संबंध में कई तरह की बातें प्रचलित है। होली पर्व की शुरूआत भारतवर्ष में कब से शुरू हुई ? कहना बड़ा मुश्किल है । यह एक शोध का विषय है। होली पर्व से जुड़ी कई किस्से - कहानियां भगवान कृष्ण - माता राधा से प्रचलित है। राधा - कृष्ण की होली विश्व भर में प्रसिद्ध है। द्वापर युग में राधा - कृष्ण की होली से जुड़े गीत आज भी मथुरा वृंदावन सहित देश के विभिन्न राज्यों में गाए जाते हैं। राधा - कृष्ण की होली आज भी लोगों के बीच मशहूर है। राधा - कृष्ण एक दूसरे को गुलाल लगाते थे। एक दूसरे के साथ अठखेलियां करते थे। राधा - कृष्ण के साथ पूरे मथुरा वृंदावन के लोग एक रंग में रंग जाया करते थे । यह मथुरा वृंदावन के निवासियों का राधा कृष्ण के प्रति अटूट प्रेम का रंग था। आज भी मथुरा वृंदावन की होली सबसे नामी होली है। फूल से बने रंगों से होली खेलने की परंपरा यहीं से शुरू हुई थी । आज भी मथुरा में लोग फूलों की होली खेलते नजर आते हैं। मथुरा में काफी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आकर मथुरा की होली शामिल होते हैं और संग - संग होली खेलते हैं। देश में मुंबई महानगरी की होली भी बहुत मशहूर है। फिल्म इंडस्ट्री के नायक - नायिकाएं और अन्य कलाकार एक जगह जमा होकर शानदार तरीके से होली खेलते नजर आते हैं । इस तरह देश के विभिन्न प्रदेशों में होली बनाने का रिवाज है। होली मनाने के तरीके अलग-अलग होते जरूर हैं, लेकिन सब में एक दूसरे को रंग लगाने की परंपरा होती है। त्रेता युग में भी होली खेलने की परंपरा रही थी। अर्थात भारत में होली खेलने की परंपरा हजारों साल पुरानी है, जो आज भी अनवरत जारी है। होली के एक दिन पूर्व अगजा जलाने की परंपरा हमारे देश में प्रचलितत है। लोग चौक - चौराहे पर लकड़िया एक जगह एकत्रित करते हैं। स्त्रियां उसमें गोबर से बने ऊपले को रखती हैं। संध्या में घर में बने पकवान को एकत्रित लकड़ियों पर चढ़ाते हैं। लकड़ियों के बीच होलीका की प्रतिमा को रखते हैं। होलिका के गोद पर भक्त प्रल्हाद लेटे हुए रहते हैं । एकत्रित लकड़ियों की विधि विधान से पूजा की जाती है। तत्पश्चात होलीका दहन किया जाता है। होलिका दहन से पूर्व भक्त प्रल्हाद की प्रतिमा को हटा दी जाती है। इस पूजा विधान के प्रति लोगों की यह आस्था है कि होलिका असत्य के प्रतीक है। भक्त प्रल्हाद सत्य के प्रतीक है। इसलिए असत्य की प्रतीक होलीका अग्नि में जल कर समाप्त हो जाती है। सत्य के प्रतीक भक्त प्रल्हाद भगवान श्री के चरणों में समर्पित हो जाते हैं। लोगों की यह भी कामना होती है कि बीता वर्ष अच्छा या खराब जैसा रहा ,बीत गया। अब उसे याद करने की जरूरत नहीं। आने वाला कल मंगलमय हो। अगजा से निकलती अग्नि को लोग बड़े ही श्रद्धा के साथ प्रणाम करते हैं। लोग यह कामना करते हैं कि सबके घर में सुख, समृद्धि और शांति की स्थापना हो । लोग प्रज्वलित अग्नि से थोड़ा अग्नि अपने घर ले जाकर चूल्हा में स्थापित करते हैं। इस प्रथा के पीछे लोगों में यह आस्था है कि इस अग्नि से बने भोजन खाकर घर के सभी लोग रोग मुक्त हों और स्वस्थ रहें। शहर और गांवों में आज भी यह परंपरा है। अगजा में लोग ऋतु के नए फल भी समर्पित करते हैं। इस समय तक चना और गेहूं की कटाई हो जाती है। इसलिए अधिकांश लोग गेहूं और चना अगजा में समर्पित करते हैं । लोग रात भर अगजा के समीप जागकर गीत - भजन गाते नाचते नजर आते हैं। होली पर्व हम सबों को सांप्रदायिक सौहार्द्र की भी सीख देता है। लोग होली पर्व पर जात - पात, छोटे - बड़े के भेद को भूलकर एक दूसरे के घरों में जाते हैं। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हैं। होली पर्व पर आपसी दुश्मनी को भुलाकर लोग एक दूसरे से दोस्ती की नई शुरूआत करते हैं । भारत जैसे विशाल देश में जहां विभिन्न धर्म, पंथ, विचार के लोग रहते हैं। यहां होली पर्व की प्रासंगिकता बहुत ही बढ़ जाती है । होली पर्व पर कई जगहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है । ऐसे देखा जाए तो फाल्गुन मास पड़ते ही होली मिलन समारोह का आयोजन विभिन्न जगहों में होने शुरू हो जाते हैं। होली मिलन समारोह में समाज के सभी धर्म और विचारों के लोग सम्मिलित होते हैं । समारोह में लोग अपने अपने उद्बोधन से समाज को एक करने की सीख देते हैं। होली पर कई जगहों पर बड़े ही व्यापक स्तर पर काव्य गोष्ठियों आयोजित की जाती है। जिसमें देश के बड़े बड़े कवियों को आमंत्रित किया जाता है। इस अवसर पर कवि गण होली पर एक से एककविताएं प्रस्तुत करते है। लोग मंत्रमुग्ध होकर इन गोष्ठियों में कविताओं का आनंद लेते हैं। कई जगहों पर महामूर्ख सम्मेलन का भी आयोजन किया जाता है । जिसमें समाज के किसी एक विद्वत जन को महामूर्ख की उपाधि दी जाती है । इसके पीछे उद्देश्य यह कि मूर्ख भी समाज के मजबूत आधार स्तंभ है। उन्हें भी नजरअंदाज करना उचित नहीं। उन्हें भी समाज के मुख्यधारा में लाने की जरूरत है। अगर समाज के ज्ञानवान और श्रेष्ठ लोगों को यह घमंड हो गया है कि वे बहुत बड़े ज्ञानी हो गए हैं, तो यह महामूर्ख सम्मेलन उन्हें महामूर्ख अलंकार से अलंकृत कर उनके अहम को तोड़ने की भी सीख प्रदान करता है। होली सच्चे अर्थों में अनूठा महापर्व है। **(कथाकार / स्तंभकार)**
**पंच मंदिर चौक, हजारीबाग - 825 301,**

## काव्य कोना

### होली, वसंतोत्सव के समापन पर वसंतोत्सव

कभी हम खुशी के दहलीज पर
कभी खुशी हमारी दहलीज पर
समेटने और बटोरने का खेल
दहलीज से दहलीज का खेल चलता रहा
खुशियाँ बिखेरने का मौका नहीं आया
उम्र की इस दहलीज से उस दहलीज बढ़ते रहे
खुशियाँ दिखी, महसूस करते-करते, बिखेरना रह गया।
वसंत में प्रकृति ने बिखेरा अपना रंग
प्रकृति केअल्हादित रंग से अल्हादित दृष्टि
लगे रहे समेटने बिटोरने में खुशी , हाय फिर भी
पार करने लगे उम्र की दहलीज
मुठ्ठी में सिमटे रंग में उल्लास कैसा?
फैलने बिखरने पर खुशी का रंग आया
वसंत में आनंदित वसुधा का संदेश
खुशी का अंदाज बिखेरने का, सिमटे कैसे!
कभी हम खुशी की दहलीज पर
कभी खुशी हमारे दहलीज पर।

**- नाग मणि**

## आपकी बात

### कुर्सी धारियों से भगवान बचाये होली में


गोपाल सिंह







जिस दौर से देश गुजर रहा हैं - 2
ऐसे कुर्सी धारियों से भगवान बचाए होली में, रक्षक ही जब भक्षक बन जाए -2
हिरणकश्यप से होलिका को,
बचाए भगवान होली में,
बचा लो , ऐ साहित्यकारों,
बचा लो , ऐ पत्रकारों,
निरीह जनता को , इस होली में ।
याद करो अपनी विरासत को ,
दिनकर , प्रेमचंद ,जयशंकर को ,
उन्हीं की लेखनी ने हमे आजादी दिलाई 2
1948 की होली में,
एक बार फिर जागो -2,
बचा लो निरीह जनता को -2 ,
बचा लो हमको होली में।
घर घर में खुशियाँ मनाएँ,
नाचें , गाएँ , धूम मचाएँ।
बड़ी ही शोभती है - यह गुलाल ,
गोरे गोरे गालों में,
हम सब हो खुशहाल होली में -2।
**(पूर्व चेयरमैन, कोल इंडिया)**

साहित्य


# कविता भावना का संगीत और शब्दों का सौंदर्य है


ललित गर्ग

***कविताएं*** प्राचीन काल से न ही सिर्फ मानव मन को बल्कि समाज के विभिन्न मुद्दों, संवेदनाओं एवं भावों को कलात्मक ढंग से कहने का एक ठोस तरीका रही हैं। विश्व-साहित्य में कविताओं का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। भारत में ऋषि-मुनियों ने काव्य व छंदों में कितनी ही बातें कहीं हैं, कितना साहित्य चौपाई और दोहे में संजोया गया है, स्वतंत्रता-संग्राम में राष्ट्र-कवियों का योगदान अपूर्व रहा है। सन 1999 में पेरिस में हुए यूनेस्को के 30वें अधिवेशन में तय किया गया कि हर साल 21 मार्च को विश्व कविता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। ऐसा अभिव्यक्ति, सृजन व कला के इस माध्यम को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। काव्य अभिव्यक्ति के माध्यम से भाषाई विविधता का समर्थन करने और लुप्तप्राय भाषाओं को सुनने के अवसर को बढ़ाने के उद्देश्य से दुनियाभर में कविता के पढ़ने, लिखने, प्रकाशन और शिक्षण को बढ़ावा देने की अपेक्षा है और इसके लिये मूल यूनेस्को घोषणा में कहा भी गया है, 'राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कविता आंदोलनों को नई मान्यता और प्रोत्साहन देना वर्तमान की जरूरत है। इसी क्रम में यूनेस्को का मानना है कि कविताएं के माध्यम से आंचलिक भाषाओं को भी बचाया जा सकता है। कविता दिवस मानव सभ्यता के भीतर मौजूद भाषाओं की विविधता का उत्सव है। कविताओं ने सदा से ही अपने समय की गवाही दी है, मानव मन के राग गाए हैं और लोगों को जोड़ने का काम किया है। कितने ही आंदोलनों से लेकर पर्वों तक कविताएं ही एक स्वर के रूप में बाहर आती हैं। कविताएं ज्ञान का आदि और अंत है, यह उतनी ही अमर है जितना मानव का हृदय। कविताएं तमाम मानवीय ज्ञान, विचारों, भावों, अनुभूतियों एवं भाषा की खुशबूदार कलियां हैं। कविता का उद्देश्य सौन्दर्यभाव को जागृत करना है। जिस सौन्दर्य को हम अपने आस-पास विद्यमान होते हुए भी अनुभव नहीं कर पाते उसे कविता के माध्यम से अनुभव करने लगते हैं। क्योंकि कविता श्रोता को एक सौन्दर्य बोधक दृष्टि प्रदान करती है और वे भाव-सौन्दर्य, शब्द सौन्दर्य तथा ध्वनि सौन्दर्य सभी की अनुभूति करने लगते हैं।

> **भारत में ऋषि-मुनियों ने काव्य व छंदों में कितनी ही बातें कहीं हैं, कितना साहित्य चौपाई और दोहे में संजोया गया है, स्वतंत्रता-संग्राम में राष्ट्र-कवियों का योगदान अपूर्व रहा है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# होली के रंगों से आंखों को बचाएं


डॉ. महिन्दर सिंह बासु

***होली*** खेलते हुए आंखों में रंग चला जाना आम बात है। लेकिन इसके प्रति लापरवाही उम्र भर आपकी आँखों को खराब कर सकती है और आप इसका भारी खामियाजा भर सकते हैं क्योंकि इससे आंखों की रोशनी जा सकती है। होली खेलते समय ज्यादातर लोग अपनी त्वचा और बालों को लेकर काफी सतर्कता बरतते हैं लेकिन अपनी आंखों के प्रति लापरवाही कर बैठते हैं। होली खेलते समय अगर खराब केमिकल / रंग आपकी आँखों के अन्दर चला जाये तो यह आपकी आंखों की पुतलियों को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे ग्लूकोमा, आंखों में सूखापन और नजर कमजोर हो सकती है। होली पर अगर आंखों में खराब केमिकल/ रंग चला जाए तो तत्काल कुछ उपाय करने से आँखों को होने बाले नुकसान से बचाया जा सकता है। होली पर अक्सर लोगों की आंखों में खराब केमिकल, गुलाल या रंग चला जाता है जिससे जलन होने लगती है और आंखों में पानी आने लगता है। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी आंखों को तुरंत हाथों, रूमाल या टिश्यू से रगड़ने लगते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इससे कॉर्निया में घर्षण हो सकता है और आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। आंख साफ करने के लिए इसके प्रयोग से बचें। आंखों को रंगड़ने की वजह से रंग आंखों के अंदर तक फैल सकता है जिससे आंखें लाल हो सकती हैं। इससे आंखों में सूजन या संक्रमण की समस्या भी हो सकती । जितना संभव हो अपनी आंखों को रंगों से बचाकर रखना है। अगर आंखों में रंग चला जाय तो कॉटन के कपड़े की मदद से आंखों को साफ करें। आंखों की अच्छी और पूरी तरह से सफाई के लिए एक स्टेराइल आई वॉश सॉल्यूशन का उपयोग करें। आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत राहत के लिए सादे पानी से आंखों को धो लेना चाहिए लेकिन ध्यान रखें कि पानी को आंखों में छिड़कने से पहले जरूरी है कि आप अपने हाथों को अच्छी तरह धो लें क्योंकि गन्दे हाथों से आँखों को धोने से हाथों की गन्दगी आँखों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। आंखों को धोने के लिए हल्का ठंडा पानी का उपयोग कर सकते हैं। अगर हल्का ठंडा पानी उपलब्ध न हो तो सादे पानी का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। साफ हाथों की मदद से आंखों को धोने से रंग आसानी से निकल जाता है। इसके लिए आप हथेली पर साफ ताजा पानी भारिये और इसमें आँखों को डुबो दीजिये और धीरे-धीरे पलकें झपकने का प्रयास कीजिये। इस प्रक्रिया को पांच-सात बार करने से आँखों में फैला रंग बाहर आ जायेगा। लेकिन आंखों पर पानी के छींटे मारने से बचें। इसके अलावा आपको गर्म पानी के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए। आंखों को धोने के बाद भी अगर आंखों में हल्की जलन हो रही है तो इससे राहत पाने के लिए गुलाब जल की एक या दो बूंद आंखों में डाल सकते हैं।

## बोधि वृक्ष

# कोलकाता कालीघाट का मंदिर

यह मंदिर कोलकाता के सबर्ण रॉय चौधरी नामक धनी व्यापारी के सहयोग से पूरा हुआ। इसके अलावा 15वीं और 17वीं शताब्दी की कुछ रचनाओं में भी इस मंदिर का जिक्र मिलता है। कालीघाट मंदिर में गुप्त वंश के कुछ सिक्के मिलने के बाद यह पता चलता है कि गुप्त काल के दौरान भी इस मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना बना हुआ था। कोलकाता के कालीघाट मंदिर के बारे में सबसे खास बात यह है कि पहले यह मंदिर हुगली (जिसे भागीरथी भी कहा जाता था) के किनारे स्थित था। लेकिन समय के साथ भागीरथी, मंदिर से दूर होती चली गई। अब यह मंदिर आदिगंगा नाम की नहर के किनारे पर स्थित है, जो अंततः हुगली नदी से जाकर मिलती है। **मंदिर के विषय में अन्य जानकारियाँ**




मोनोशा ताल, जोर बांग्ला, नट मंदिर, हरकथ ताल और राधा कृष्ण मंदिर भी कालीघाट मंदिर का ही हिस्सा हैं। मंदिर परिसर में ही कुंडुपुकुर स्थित है, जो एक जलकुंड है। माता सती का दाहिना अँगूठा इसी कुंड में से मिला था। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित माँ काली की प्रतिमा अद्भुत और अद्वितीय है। इस प्रतिमा का निर्माण दो संतों आत्माराम ब्रह्मचारी और ब्रह्मानंद गिरी ने किया था। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# बेडरूम के वातावरण को शुद्ध करें

**बेडरुम में हवा की गुणवत्ता को कैसे बेहतर बनायें?**
बेडरूम वह स्थान है जहां हम अपना अधिकांश समय बिताते हैं। लेकिन यह जगह भी सुरक्षित नहीं है और हमारी दैनिक गतिविधियों से रुम में काफी प्रदूषण हो सकता है। लेकिन प्रदूषक तत्वों को एयर प्योरिफायर द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। डायसन का एयर प्योरिफायर बेडरूम के अंदर हवा की गुणवत्ता में सुधार करता है और नींद भी अच्छी आती है। **(समाप्त)**



**अब आप भी कर सकते हैं अंतरिक्ष में डिनर, चुकानी होगी इतनी कीमत**
स्पेस टूरिज्म कंपनी रस्त्री श्क्द्ब ने एक अनोखा ऑफर निकाला है। जिसके तहत व्यक्ति स्पेस में जाकर डिनर कर सकता है। ये ट्रिप एक खास तरह के स्पेस बलून में आयोजित हो जाएगी। ये प्रेशराइज्ड बलून होगा जिससे कि इतनी ज्यादा ऊंचाई पर पैसेंजर्स को हवा संबंधी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। अगर आप भी अपनी जिंदगी में कुछ रोमांचक और हटकर करना चाहते हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। दरअसल, धरती से 98 हजार फीट ऊपर आकाश में झूलते हुए डिनर करना वाकई रोमांचक हो सकता है। अगर आप भी स्पेश की सैर को लेकर रोमांचित हो उठते हैं तो आपका ये सपना अगले साल पूरा भी हो सकता है। बता दें कि, स्पेस टूरिज्म कंपनी Space VIP ने एक अनोखा ऑफर निकाला है। जिसके तहत व्यक्ति स्पेस में जाकर डिनर कर सकता है। ये ट्रिप एक खास तरह के स्पेस बलून में आयोजित हो जाएगी। ये प्रेशराइज्ड बलून होगा जिससे कि इतनी ज्यादा ऊंचाई पर पैसेंजर्स को हवा संबंधी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### त्रिपुरा की डंबूर झील में चार मछुआरों की मौत की आशंका



**अगरतला।** त्रिपुरा के धलाई जिले में नार्वेस्टर हवाओं के कारण डंबूर झील में उनके अस्थाई मचान के ढह जाने से कम से कम चार मछुआरों के मरने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक एक शव बरामद किया जा चुका है। धलाई जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि मछुआरे अक्सर विशाल डंबूर झील में मछली पकड़ने के लिए अस्थायी 'मंचों' पर रहते हैं। अधिकारी ने बताया, शनिवार की देर रात, नॉर्वेस्टर हवा और बारिश के कारण अस्थायी मंच ढह गया और चार मछुआरे झील के गहरे पानी में गिर गए। राज्य आपदा प्रबंधन कर्मियों ने एक शव बरामद किया है।

### लखनऊ में सरकारी कार ने जवान को टक्कर मारी, ड्राइवर गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के हजरतगंज इलाके में एक तेज रफ्तार सरकारी कार ने प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवान को टक्कर मार दी। हादसे में जवान की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। घटना शनिवार रात की है। ड्राइवर कथित तौर पर नशे में था। लोगों ने ड्राइवर को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। तेज रफ्तार एंबेसेडर कार कैसरबाग की ओर से आ रही थी। कार जब हलवासिया पुलिस चौकी के पास पहुंची तो ड्राइवर ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। इस दौरान कार ने पहले बाइक सवार डालीगंज निवासी ईशान और उसकी मां वंदना को टक्कर मारी, फिर पैदल जा रहे पीआरडी जवान दिनेश कुमार को टक्कर मार दी।

### दिल्ली के मुखर्जी नगर में युवक ने लड़की को चाकू मारा, वीडियो वायरल



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मुखर्जी नगर इलाके में एक लड़की को चाकू मारने के आरोप में 22 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को कहा, लड़की को मामूली चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर है। यह घटना 22 मार्च को हुई। इसका सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में अमन नाम के आरोपी को लड़की के पास आते और उसे चाकू मारते हुए देखा जा सकता है। जब दो लोग उसे रोकने की कोशिश करते हैं, तो अमन मौके से भागने से पहले उन पर भी हमला करने का प्रयास करता है। पुलिस के मुताबिक लड़की इसी इलाके की लाइब्रेरी में पढ़ने आती थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपी ने पुलिस को बताया कि लड़की ने एक बार उसका मजाक उड़ाया था, जिससे वह क्रोधित हो गया और उसने सब्जी की गाड़ी से चाकू उठा कर उस पर हमला कर दिया।

# लेह में जवानों के साथ होली मनाने के बाद राजनाथ ने कहा, लद्दाख भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी



**एजेंसी। नई दिल्ली ।**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लद्दाख क्षेत्र को देश के शौर्य और पराक्रम की राजधानी करार दिया। राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह में जवानों के साथ होली खेली। इस दौरान उन्हों कहा, "जैसे दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई वित्तीय राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है, ऐसे ही लद्दाख भारत की शौर्य और पराक्रम की राजधानी है।" राजनाथ सिंह के साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली भी थे। सीमा पर तैयार रहने वाले जवानों के कारण ही देश प्रगति कर रहा है और खुशहाल जीवन जी रहा है। हर एक नागरिक को सशस्त्र बलों पर गर्व है। वे अपने परिवारों से बहुत दूर रहते हैं ताकि हम होली और अन्य त्योहार अपने परिवारों के साथ शांति से मना सकें। राष्ट्र हमेशा हमारे सैनिकों का ऋणी रहेगा।

# आईएसआईएस में शामिल होने जा रहा आईआईटी का छात्र धराया



**एजेंसी। गुवाहाटी।**
आईआईटी-गुवाहाटी के एक छात्र को शनिवार रात असम के कामरूप जिले के हाजो के पास हिरासत में लिया गया, उसने कथित तौर पर आईएसआईएस के प्रति निष्ठा की शपथ ली थी और वह आतंकवादी संगठन में शामिल होने जा रहा था। यह जानकारी पुलिस ने दी। असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, आईएसआईएस के प्रति निष्ठा जताने वाले आईआईटी-गुवाहाटी के छात्र को यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसटीएफ) कल्याण कुमार पाठक ने कहा, ईमेल प्राप्त होने के बाद हमने सामग्री की प्रामाणिकता की पुष्टि की और जांच शुरू की... छात्र ने ईमेल लिखा और कहा कि वह आईएसआईएस में शामिल होने की राह पर था।

## मध्य प्रदेश की 6 सीटों पर अब भी उलझी है कांग्रेस



**एजेंसी। भोपाल।**
मध्य प्रदेश में कांग्रेस लोकसभा की छह सीटों पर उम्मीदवार तय नहीं कर पा रही है। अब तक पार्टी 22 सीटों के लिए ही उम्मीदवारों के नाम का फैसला कर पाई है। राज्य में लोकसभा की कुल 29 सीटें हैं, इनमें से एक सीट खजुराहो समाजवादी पार्टी के खाते में गई है, जबकि 28 सीटों पर कांग्रेस को उम्मीदवार तय करने हैं। पार्टी की ओर से दो सूची जारी की गई हैं। पहली सूची में 10 उम्मीदवारों के नाम थे, वहीं दूसरी सूची में 12 उम्मीदवारों के। इस तरह 22 संसदीय क्षेत्र के लिए पार्टी उम्मीदवार तय कर चुकी है। अब छह सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का फैसला होना है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों की मानें तो पार्टी गुना संसदीय सीट पर भाजपा के उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को घेरना चाहती है। इसलिए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव को मैदान में उतारने की कवायद चल रही है। वहीं पार्टी के राज्य के कुछ बड़े नेता सिंधिया के खिलाफ किसी बड़े चेहरे को मौका देने के पक्ष में नहीं है। इसकी वजह बताई जा रही है कि इन नेताओं को इस बात की आशंका है कि अगर अरुण यादव जैसे युवा और पहचान वाले नेता को मैदान में उतारा गया तो हारने के बावजूद उसकी राजनीतिक हैसियत बढ़ जाएगी। इसी तरह पार्टी में ग्वालियर, मुरैना, दमोह, खंडवा और विदिशा को लेकर पेंच फंसा हुआ है।

# लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 45 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की

## मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राजगढ़ से लड़ेंगे चुनाव



**एजेंसी। नई दिल्ली ।**
कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार शाम को अपने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की, जिसमें 45 उम्मीदवार शामिल हैं। पार्टी के दिग्गज नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से मैदान में उतारा गया है, जबकि कांग्रेस उपाध्यक्ष इमरान मसूद को यूपी के सहारनपुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम को तमिलनाडु के शिवगंगा से मैदान में उतारा गया है, जबकि हाल ही में पार्टी में शामिल हुए दानिश अली को यूपी के अमरोहा से टिकट दिया गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर को तमिलनाडु के विरुधुनगर से मैदान में उतारा गया है, जबकि यूपीए-2 सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे कांतिलाल भूरिया को मध्य प्रदेश के रतलाम (एसटी) से उम्मीदवार बनाया गया है।

कांग्रेस की चौथी सूची में जिन अन्य नामों का जिक्र है, उनमें अखिलेश प्रताप सिंह (देवरिया, यूपी), पिया रॉय चौधरी (कूच बिहार, पश्चिम बंगाल), कवासी लखमा (छत्तीसगढ़), रमन भल्ला (जम्मू), संजय शर्मा (होशंगाबाद, एमपी) शामिल हैं। अंगोमचा बिमोल अकोइजाम (आंतरिक मणिपुर) और लालबियाकजामा (मिजोरम) सहित अन्य हैं। पार्टी ने अभी तक यूपी के रायबरेली से अपने उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं किया है, यह सीट 2004 से कांग्रेस की दिग्गज नेता सोनिया गांधी के पास रही है। वह अब राज्यसभा के लिए चुनी गई हैं। इसलिए इस सीट के लिए पार्टी को किसी नए उम्मीदवार की घोषणा करनी है।

### बंगाल में अब वामदलों के साथ भी कांग्रेस की नहीं जमी

**कोलकाता।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ लगभग सभी पार्टियों की तकरार नई बात नहीं है। बंगाल में तमाम तल्खियों के बावजूद वाम दलों के साथ कांग्रेस का तालमेल बेहतर रहा था लेकिन अब वह भी टूटने के आसार हैं। इसकी वजह है कि कूचबिहार लोकसभा सीट पर जहां पहले से ही वाम मोर्चा ने उम्मीदवार उतारे थे, वहां भी कांग्रेस ने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। शनिवार रात कांग्रेस की ओर से जिन 46 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान पूरे देश के लिए किया गया है, उनमें कूचबिहार लोकसभा सीट से प्रिया राय चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके पहले वाम दलों की ओर से जो पहली सूची जारी की गई थी उसी में कूचबिहार लोकसभा सीट से फॉरवर्ड ब्लॉक के नीतिश चंद्र राय को उम्मीदवार बनाया गया था।

### बसपा ने जारी की 16 उम्मीदवारों की सूची

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने रविवार को 16 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने इस लिस्ट को जारी किया। बसपा ने सहारनपुर से माजिद अली को टिकट दिया है। वहीं बसपा की तरफ से अमरोहा सीट से मुजाहिद हुसैन को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। बसपा ने इस सूची में सात मुस्लिम प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। इन सात नामों में सहारनपुर से माजिद अली, अमरोहा सीट से मुजाहिद हुसैन, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी, रामपुर से जीशान खान, सम्भल से शौलत अली, आंवला से आबिद अली, पीलीभीत से अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कैराना से श्रीपाल सिंह, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेन्द्र सिंह, नगीना (एससी) से सुरेन्द्र पाल सिंह, मेरठ से देवव्रत त्यागी, बागपत से प्रवीण बंसल, गौतमबुद्ध नगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, बुलन्दशहर (एससी) से गिरीश चंद्र जाटव, और शाहजहांपुर (एससी) से डा. दोदराम वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

### कांग्रेस ने मप्र की 12 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**भोपाल ।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश की 12 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। भोपाल से अरुण श्रीवास्तव को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, रतलाम लोकसभा सीट से कांतिलाल भूरिया को टिकट दिया गया है। कांग्रेस अब तक मप्र की 29 सीटों में 22 पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है जबकि सात सीटों को अभी होल्ड पर रखा है।

## मृत बच्चों के पिता ने की आत्महत्या की कोशिश

**बदायूं ।** बदायूं में मृतक नाबालिग बच्चों के पिता विनोद कुमार ने रविवार को आत्मदाह की कोशिश की। 19 मार्च को नाई (हज्जाम) साजिद ने विनोद कुमार के दो नाबालिग बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। आत्महत्या की कोशिश कर रहे विनोद कुमार को पुलिस ने समय रहते बचा लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विनोद कुमार ने कहा कि वह परेशान हैं क्योंकि पुलिस उनके बेटों की हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा, "मुझे आरोपी के एनकाउंटर या दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी से कोई मतलब नहीं है। मैं बस यह जानना चाहता हूं कि मेरे बच्चों को क्यों मारा गया।" पुलिस विनोद कुमार को समझाने की कोशिश कर रही है।

## मोबाइल चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट 4 बच्चों की मौत



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में स्थित एक मकान में मोबाइल चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से ब्लास्ट हो गया जिससे मकान में आग लग गई। आग में झुलस कर चार बच्चों की मौत हो गई और उनके माता-पिता गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कॉलोनी में जोनी नामक व्यक्ति के घर में शनिवार की रात मोबाइल फोन चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिसमें जोनी, उसकी पत्नी बबीता और चार बच्चे सारिका (10), निहारिका (8), संस्कार उर्फ गोलू (6) और कालू (4) गंभीर रूप से झुलस गए।

## समस्तीपुर में पागल कुत्ते ने 15 बच्चों को काटा, हालत गंभीर



**एजेंसी। पटना।**
बिहार के समस्तीपुर जिले के मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के डीह माधोपुर गांव में एक पागल कुत्ते ने 15 बच्चों को काटकर घायल कर दिया। तीन बच्चों को गंभीर हालत में मोहनपुर अस्पताल से सदर अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते बच्चों को सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया। घटना शनिवार रात की है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि एक कुत्ते ने राह चलते दर्जन भर से अधिक बच्चों को काट लिया। जिससे गांव के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सभी बच्चों को लेकर परिजन मोहनपुर अस्पताल पहुंचे। जहां उनकी स्थित को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए तीन बच्चे को पटना रेफर कर दिया गया। इस संबंध में सदर अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि कुत्ते काटने के बाद अब तक पांच बच्चे अस्पताल लाए गए हैं। घाव ऐसे हैं कि टांकें लगाना मुश्किल है। सभी को एंटी रेबीज सीरम देना है, लेकिन यहां उपलब्ध नहीं है। इस कारण तीन बच्चों को डीएमसीएच भेजा जा रहा है। जबकि एक बच्ची की नाक को कुत्ते ने इतनी बुरी तरह काटा कि उसे प्लास्टिक सर्जरी के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया।

## दिल्ली के भोरगढ़ की फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**नई दिल्ली।** दिल्ली के भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि दोपहर 12:02 बजे भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में पीएमसी कार्यालय के पास एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने कहा, कुल 25 फायर टेंडरों को घटनास्थल पर भेजा गया है। अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।" आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग की टीम प्रयासरत है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विपक्ष की रैली 31 को



**एजेंसी। नई दिल्ली ।**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व अन्य विपक्षी दल दिल्ली में 31 मार्च को रैली करेंगे। इस रैली में इंडिया गठबंधन के सभी दल शामिल होंगे। रविवार को कांग्रेस, लेफ्ट और आम आदमी पार्टी ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और लेफ्ट नेताओं ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अपना विरोध जताया। गोपाल राय ने कहा कि 31 मार्च की रैली रामलीला मैदान में आयोजित की जाएगी। इसके लिए पुलिस व प्रशासन से अनुमति ली जाएगी। यह रैली रविवार 31 मार्च सुबह 10 बजे बुलाई गई है। गोपाल राय ने कहा कि जिस कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है उसमें आज तक कोई मनी ट्रेल सीबीआई या ईडी नहीं ढूंढ पाई है। राय ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के खाते सीज कर दिए गए। आज कांग्रेस पार्टी चुनाव प्रचार के लिए अपने ही खातों के पैसों का इस्तेमाल नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इतनी पुरानी पार्टी का खाता सीज हो सकता है तो इनको चंदा देने वाले व्यापारियों का खाता भी सीज किया जा सकता है। लोगों की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि हम देश में लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में अपने गठबंधन के सभी साथियों के साथ मजबूती से खड़े हैं। लवली ने कहा कि चुनाव में सभी को समान अवसर नहीं मिल रहे। चुनाव जीतने के लिए चुने हुए मुख्यमंत्रियों, चाहे वह हेमंत सोरेन हों या अरविंद केजरीवाल, उनको गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने सत्ता पक्ष से प्रश्न करते हुए कहा कि आप किस तरह का लोकतंत्र देश में स्थापित करना चाहते हैं। लवली ने कहा कि 31 तारीख को होने वाली रैली में गठबंधन के सभी शीर्ष नेता होंगे। यह रैली कोई राजनीतिक रैली नहीं होगी, बल्कि यह देश में लोकतंत्र को बचाने का एक कदम है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकताओं के अलावा सभी सामाजिक संगठनों, आरडब्लूए व सिविल सोसाइटी के लोगों से इस रैली में पहुंचने का अनुरोध किया। वहीं लेफ्ट ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया है।

# देश में आज ही के दिन लगा था लॉकडाउन, सड़कें दिखी थीं वीरान

## कोविड 19 :: डब्ल्यूएचओ ने 11 मार्च 2020 को इसे वैश्विक महामारी घोषित किया था




**एजेंसी। मुंबई ।**
देश में आज लॉकडाउन की चौथी वर्षगांठ है। देश में चार साल पहले आज ही के दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस (कोविड-19) के बढ़ते प्रसार को रोकने के लिए 'लॉकडाउन' का ऐलान किया था। चीन के वुहान से शुरू कोरोना वायरस ने देखते ही देखते पूरी दुनिया को अपनी आगोश में ले लिया था। कोविड-19 वायरस के घातक प्रसार के संभावित नतीजों को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 11 मार्च 2020 को आधिकारिक तौर पर इसे वैश्विक महामारी घोषित किया था। इस वायरस ने दुनिया के लोगों और देशों को एक-दूसरे से अलग-थलग कर दिया गया था।

इसके दो हफ्ते बाद, 24 मार्च 2020 को पीएम नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय में सबसे पहले, पूरे देश में लॉकडाउन का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद लोग अपने घरों में ही कैद हो गए। अपने गांवों को छोड़कर रोजी रोटी के लिए दूसरे शहर गए लोगों ने पैदल ही अपने घरों को रूख कर दिया था। कई महीनों तक देश में लोगों की जिंदगी घरों में ही कैद हो गई थी और सकड़ों व बाजारों में सन्नाटा पसर गया था। भारत में कुल 4, 50, 33, 332 मामले दर्ज किए गए और 5, 33, 537 लोगों की मौत हुई है। 11, 17, 27, 592 मामलों और सर्वाधिक 12, 18, 464 मौतों के साथ अमेरिका दुनिया में सबसे आगे है, जो भारत की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। दुनिया में कुल मिलाकर अब तक 70,43,18, 936 संक्रमण हुए और 70, 07, 114 लोगों की मौत हुई है।

जब दुनिया कोविड-19 महामारी के प्रभाव से जूझ रही थी तब सऊदी अरब के मक्का और मदीना की वार्षिक हज यात्रा भी बंद कर दी गई थी। वहीं मुंबई में प्रतिष्ठित मोहम्मद अली रोड का रमजान स्ट्रीट फूड बाजार लगभग 250 साल पुराने इतिहास में पहली बार पूरे महीने बंद रहा। महामारी के कारण देश और दुनिया की हवाई यात्रा को भी बंद कर दिया गया था। इसके अलावा खरीदारी गतिविधि की जगह बड़े पैमाने पर ऑनलाइन शॉपिंग, दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमित दी गई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृष :** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**मिथुन :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**कर्क :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंह :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कन्या :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।





# नेशनल एयरोबिक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/जम्मू**
जम्मू में आयोजित नेशनल एयरोबिक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड टीम की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीत कर प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस एयरोबिक जिमनास्टिक चैंपियनशिप का आयोजन 22 मार्च से जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कर रहा है।

ज्ञात हो झारखंड जिम्नास्टिक संघ की टीमें लगातार तीन वर्षों से इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं और विगत वर्षों में चौथे एवं पांचवें स्थान पर रहीं थी। अपनी पिछली उपलब्धियों को पीछे छोड़ते हुए झारखंड की टीम ने जूनियर ऐरो डांस इवेंट में तृतीय स्थान तथा सीनियर पी-टाइट्स में भी तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों ने अन्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड की 23 सदस्यों की टीम ने भाग लिया है।



झारखंड की टीम में अमित गोप, राजवीर केरकेट्टा, सूरज केसरी, करण कुमार, राहुल टोप्पो, साहिल कच्छप, रोहित मुंडा, प्रिया यादव, नयन कच्छप, टोनू गोपाल, अनुराग कुमार, प्रिया कुमारी, सपना कुमारी, सृष्टि कुमारी राय, दशमी कुमारी, नेहा कुमारी, मुस्कान कुमारी, कंडा कुमारी, रुद्र कुमार, उज्ज्वल कुमार पंडित, रितु कुमारी, एवं प्रशिक्षक सह कप्तान पुरुष -विकास गोप तथा प्रशिक्षक सह कप्तान, महिला -श्रुति शामिल हैं। झारखंड टीम की इस दोहरी सफलता पर निदेशक, झारखंड कला एवं संस्कृति,खेल और युवा मामले सुशांत गौरव, झारखंड ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष, शेखर बोस, महासचिव मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दूबे, जिला खेल पदाधिकारी, शिवेंद्र कुमार सिंह तथा झारखंड जिम्नास्टिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रंजन कुमार, उपाध्यक्ष, आशीष झा, आलोक मिश्रा, तुलिका श्रीवास्तव, शशिकांत पांडेय, सचिव निशिकांत पाठक, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, संयुक्त सचिव सरोज यादव, कोषाध्यक्ष गोविन्द झा, प्रशासनिक सचिव डॉ दीपक कुमार साहु तथा झारखंड जिम्नास्टिक संघ के सभी संबद्ध जिला के पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी है।

# राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 रन से हराया



**एजेंसी। जयपुर**
इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के चौथे मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 रन से हरा दिया। जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओर में 6 विकेट खोकर 173 रन ही बना सकी।

194 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और 11 रन के कुल स्कोर पर टीम के तीन विकेट गिर गए। क्विंटन डिकॉक 4 रन, देवदत्त पडिक्कल 0 और आयुष बडोनी मात्र 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान केएल राहुल ने दीपक हुड्डा के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने टीम के टोटल को 50 रन के पार पहुंचाया। टीम का चौथा विकेट 60 रन पर गिरा। दीपक हुड्डा 26 रन बनाकर आउट हुए। दीपक के आउट होने के बाद निकोलस पूरन आए। उन्होंने राहुल के साथ मिलकर पारी को तेजी से आगे बढ़ाया।

इस बीच कप्तान राहुल ने आईपीएल करियर का 34वां अर्धशतक जड़ दिया। हालांकि, राहुल अपने अर्धशतक को और बड़ा नहीं कर सके और 44 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 58 रन बनाकर आउट हो गए। टीम का छठा विकेट 154 के स्कोर पर गिरा। मार्कस स्टोइनिस मात्र 3 रन बनाकर पवेलियन की ओर चलते बने। आखिरी ओवरों में पूरन ने टीम को जिताने की भरपूर कोशिश की लेकिन टीम 20 रन से पीछे रह गई। पूरन 41 गेंदों में 64 रन बनाकर नाबाद रहे।

राजस्थान रॉयल्स की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट लिए, जबकि नांद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, संदीप शर्मा और रविचन्द्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया।

इससे पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 193 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान संजू सैमसन ने बनाए। सैमसन ने 52 गेंदों में 6 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 82 रन की पारी खेली। कप्तान के अलावा रियान पराग ने 29 गेंद में 3 छक्कों और एक चौके की मदद से 43 रन बनाए। इनके अलावा यशस्वी जायसवाल ने 24 रन, ध्रुव जुरेल ने 20 रन, जोस बटलर ने 11 रन का योगदान दिया।

लखनऊ की ओर से नवीन उल हक ने दो विकेट लिए, जबकि मोहसिन खान और रवि बिश्नोई को एक-एक विकेट मिला।

## दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे को आईपीएल का पहला ही मैच हारने का मलाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के सहायक कोच प्रवीण आमरे का कहना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में उनकी टीम की शुरूआत जीत से साथ न होने का मलाल है। उन्होंने कहा कि हर टीम किसी भी टूर्नामेंट की शुरूआत जीत के साथ करना चाहती है। आईपीएल 2024 के दूसरे मैच में शनिवार को पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हरा दिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 174 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब किंग्स ने 19.2 ओवर में छह विकेट पर 177 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पहले ही मैच में मिली हार पर डीसी के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने एक बयान में कहा कि वैसी शुरूआत नहीं हुई, जो हम चाहते थे। हालांकि, खेल से काफी सकारात्मक चीजें भी मिलीं, बल्लेबाजी में हमारा इरादा अच्छा था। हम अच्छी स्थिति में थे, फिर बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से हमें परेशानी हुई लेकिन हमने वापसी की। हम अभिषेक पोरेल के बारे में भी सकारात्मक बातें देख सकते हैं। वह आया और उसने 300 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उसने हमें 170 से अधिक के स्कोर तक पहुंचाया।

## क्रिकेटर सरफराज खान के पिता को गिफ्ट की महिंद्रा थार

आनंद महिंद्रा ने पूरा किया वादा

**नई दिल्ली।** महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा अक्सर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वालों को तोहफे में कारें देते रहते हैं। सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ गुजरात के राजकोट से टेस्ट डेब्यू किया था। मैच में सरफराज ने अर्धशतक बनाकर काफी सुर्खियां बटोरीं थी और अनिल कुंबले ने उन्हें टेस्ट कैप दी तो पिता नौशाद भावुक हो गए थे। उस दौरान आनंद महिंद्रा ने पोस्ट शेयर कर कहा था कि वह सरफराज के पिता नौशाद खान को एक महिंद्रा थार गिफ्ट करेंगे। अब आनंद महिंद्रा ने क्रिकेटर के पिता को थार गिफ्ट कर दी है। थार की डिलीवरी लेते हुए नौशाद खान की तस्वीरें भी सामने आईं है, जिसमें वह अपने दोनों बेटों के साथ नजर आ रहे हैं। इस आईपीएल में सरफराज अनसोल्ड रहे और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के जरिए आईपीएल में एंट्री करने वाले सरफराज 2015 से 2018 तक आरसीबी का हिस्सा रहे। उन्होंने 2019 से 2021 तक पंजाब किंग्स के लिए खेला और 2022 और 2023 में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रह चुके हैं। हालांकि इस आईपीएल में वो खेलते नजर नहीं आ रहे हैं।

## खबरें व्यापार जगत की

### एलन मस्क ने सोचा था ओपन8एआई फेल हो जाएगी : सैम ऑल्टमैन

**सैन फ्रांसिस्को।** ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन का कहना है कि टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने सोचा था कि चैटजीपीटी-मेकर कंपनी फेल हो जाएगी। इसलिए उन्होंने अलग होने का फैसला किया। पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक इंटरव्यू में सैम ऑल्टमैन ने कहा, ₹एलन मस्क ने सोचा कि ओपनएआई असफल (फेल) होने वाली है। वह इसे बदलने के लिए पूर्ण नियंत्रण चाहते थे। हम उस दिशा में आगे बढ़ते रहना चाहते थे जो अब ओपनएआई बन गई है। वह यह भी चाहते थे कि टेस्ला एक एजीआई प्रयास बनाने में सक्षम हो।" सैम ऑल्टमैन ने आगे बताया, "कई बार वह ओपनएआई को एक लाभकारी कंपनी बनाना चाहते थे, जिसका कंट्रोल उनके पास हो या इसका टेस्ला के साथ विलय हो सके। हम ऐसा नहीं करना चाहते थे और उन्होंने जाने का फैसला किया, जो ठीक है। सैम ऑल्टमैन ने सुझाव दिया कि कंपनी अभी भी अपने मूल उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी लोगों को मुफ्त में शक्तिशाली तकनीक दे रही है। उन्होंने आगे बताया, "हम अपने फ्री वर्जन पर विज्ञापन नहीं चलाते। हम इसे अन्य तरीकों से मुद्रीकृत नहीं करते हैं। हम बस इतना कहते हैं कि यह हमारे मिशन का हिस्सा है। हम लोगों के हाथों में अधिक से अधिक शक्तिशाली उपकरण मुफ़्त में देना चाहते हैं और उन्हें उनका उपयोग कराना चाहते हैं।" हाल ही में, एलन मस्क ने ओपनएआई और ऑल्टमैन पर मुकदमा दायर किया था। एलन मस्क ने आरोप लगाया था कि उन्होंने एआई के आसपास अपने मूल संविदात्मक समझौतों का उल्लंघन किया है। इसके बाद ओपनएआई ने मस्क के मुकदमे पर पलटवार करते हुए कहा था, "जब कंपनी ने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए लाभकारी संरचना पर चर्चा की, तो एलन मस्क चाहते थे कि हम टेस्ला के साथ विलय करें या वह पूरा कंट्रोल चाहते थे।"

### मिड और स्मॉल कैप शेयरों में हाई वैलुएशन को लेकर बनी हुई है चिंता




**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि वैश्विक रूप से से मिले-जुले संकेतों के बीच निवेशकों के सेंटीमेंट्स कमजोर बने हुए हैं। यह प्रमुख केंद्रीय बैंकों के महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों को लेकर अनिश्चितताओं से प्रभावित है। 17 साल बाद बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दरों में वृद्धि की और ईसीबी ने अपनी दरों को बरकरार रखा। इससे बाजार में सेंटीमेंट्स कमजोर हुए हैं। हालांकि, अमेरिकी फेड के इस बात के संकेत देने से कि ब्याज दरों में कटौती हो सकती है, बाजार में तेजी आई। पिछले सप्ताह मिड और स्मॉल-कैप में लिवाली हुई, इसका वजह है डीआईआई और एफआईआई ने इसमें अच्छी खरीददारी की। खर्च बढ़ने से आईटी सेक्टर को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। नायर ने कहा, निवेशक रियल्टी सेक्टर की ओर आकर्षित हुए, जो सप्ताह के टॉप परफॉर्मर के रूप में उभरा। आगे बाजार में कुछ उछाल जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि, मिड और स्मॉल-कैप शेयरों में हाई वैलुएशन को लेकर चिंता बनी हुई है और मध्यम अवधि में लार्ज कैप के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रिटेल रिसर्च प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अगले हफ्ते में कम ट्रेडिंग डे होने होने और डेरिवेटिव की मासिक समाप्ति के कारण, कुछ अस्थिरता देखने को मिल सकती है, जबकि निफ्टी के उच्च स्तर पर मजबूत होने की संभावना है। साथ ही, अमेरिकी जीडीपी और अन्य प्रमुख आर्थिक डेटा पर निवेशकों की नजर रहेगी।

## सबजूनियर नेशनल : हरियाणा के मुक्केबाजों ने 19 पदक पक्के किए



**एजेंसी। नई दिल्ली**
ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीसरी सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा के 19 मुक्केबाजों ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया और पदक पक्के किए। हरियाणा की लड़कियां 10 पदक हासिल करने में सफल रहीं, जबकि लड़कों ने 9 श्रेणियों में सेमीफाइनल में जगह बनाकर कम से कम कांस्य पदक पक्के कर लिए। भूमि (35 किग्रा) और निश्चल शर्मा (37 किग्रा) ने लड़कियों के वर्ग में हरियाणा के लिए दिन की शुरूआत जीत के साथ की। भूमि ने दिल्ली की अपेक्षा को एक मुकाबले में हराया, जो रेफरी द्वारा तीसरे राउंड में मुकाबला (आरएससी) रोकने के साथ समाप्त हुआ, जबकि निश्चल को अपनी रोमांचक 3-2 की जीत के दौरान तमिलनाडु की एस सारा के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी। दीक्षा (40 किग्रा), दीया (61 किग्रा), सुखरीत (64 किग्रा) और मंशी मलिक (67+ किग्रा) ने सर्वसम्मत 5-0 के फैसले से समान जीत हासिल की। राखी (43 किग्रा) और नव्या (55 किग्रा) ने आरएससी निर्णयों के साथ अपने-अपने मुकाबले जीते। राखी का मुकाबला मिजोरम की मालसावमदाउंगकिमी से था जबकि नव्या का मुकाबला आंध्र प्रदेश की नागा नव्या से था। खुशिका (49 किग्रा) और नैतिक (52 किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंचने वाले हरियाणा की अन्य मुक्केबाज थीं। लड़कों के वर्ग में अपनी जीत की लय जारी रखते हुए उदय सिंह (37 किग्रा) ने मिजोरम के जेरी वर्टे पर 5-0 से आसान जीत हासिल की।

## धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करना खास : रचिन रवींद्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आईपीएल 2024 में चेन्नई के लिए खेल रहे न्यूजीलैंड के युवा ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को लगता है कि एमएस धोनी जैसे किसी व्यक्ति के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करना बहुत खास है। भारत में आयोजित विश्व कप 2023 में उनके शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद, कीवी ऑलराउंडर को पिछले दिसंबर में आयोजित मिनी नीलामी में चेन्नई ने 1.8 करोड़ रुपये में अनुबंधित किया था।

एमएस जैसे किसी व्यक्ति के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने में सक्षम होना खास है। मुझे लगता है कि हम सभी जानते हैं कि उन्होंने क्या हासिल किया है, न केवल चेन्नई के लिए बल्कि भारत के लिए भी, वह सराहनीय है।



रवींद्र ने कहा, एमएस के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह शांत और जमीन से जुड़े हुए हैं इससे पता चलता है कि वह किस प्रकार का व्यक्ति है और वह एक महान आदर्श है, क्योंकि आप क्रिकेट के मैदान पर चाहे जो भी हासिल करें, आप अपना अधिकांश समय मैदान से दूर बिताते हैं। इसलिए, उन्होंने इस पर बहुत अच्छी तरह से काम किया है और वह ड्रेसिंग रूम में एक महान लीडर हैं। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टूर्नामेंट के ओपनर में पांच बार के चैंपियन सीएसके के लिए अपना आईपीएल डेब्यू किया, जहां उन्होंने 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी टीम को ठोस शुरूआत दिलाने के लिए सिर्फ 15 गेंदों पर 37 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए 20 टी20 में, रवींद्र ने 16.46 की औसत और 133.75 की स्ट्राइक रेट से 214 रन बनाए हैं।

## स्वीयाटेक, रिबाकिना जीतीं, सबालेंका, जाबौर दूसरे दौर में बाहर



**एजेंसी। फ्लोरिडा**
अपने करियर के 100वें डब्ल्यूटीए 1000 मैच में वर्ल्ड नंबर-1 पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने मियामी ओपन के दूसरे दौर में इटली की कैमिला जियोर्गी को 6-1, 6-1 से हरा दिया। पोलिश खिलाड़ी अपने पहले 100 डब्ल्यूटीए-1000 मैचों में 81-19 आंकड़े तक पहुंच गई, और मारिया शारापोवा से बराबरी पर रही और केवल सेरेना विलियम्स (87-13) से पीछे हैं। स्वीयाटेक, जिन्हें पहले दौर में बाई मिली थी, उन्होंने 2021 सिनसिनाटी के बाद से किसी भी टूर्नामेंट में अपना पहला मैच नहीं हारा है। अब उनका मुकाबला लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिनके साथ खेले गए पिछले तीन मैचों में उनका कुल स्कोर 2-1 है। 2024 सीजन में यह उनकी तीसरी भिड़ंत होगी। 19 वर्षीय चेक ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीन-सेटर में जीत हासिल की, लेकिन इगा ने इंडियन वेल्स में जीत हासिल की। डब्ल्यूटीए के अनुसार, अगर स्वीयाटेक इस सप्ताह खिताब तक पहुंच जाती है, तो वह दो बार सनशाइन डबल (एक ही वर्ष में इंडियन वेल्स और मियामी जीतना) हासिल करने वाली दूसरी महिला बन जाएंगी। स्टेफी ग्राफ वर्तमान में 1994 और 1996 में दो बार उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र महिला हैं। स्वीयाटेक को 2022 में अपना पहला सनशाइन डबल मिला। इस बीच, नंबर 4 वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना ने अमेरिकी क्वालीफायर टेलर टाउनसेंड को 6-3, 6-7(3-7), 6-4 से हराकर राउंड 16 में प्रवेश किया। पिछले साल यहां फाइनलिस्ट रिबाकिना का अगला मुकाबला नंबर 17 वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी वांग ज़िन्यू पर 6-4, 7-6(7-5) से जीत के साथ आगे बढ़ी।

## कोलिंस ओबुया ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** केन्या के ऑलराउंडर कोलिंस ओबुया, जिन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2003 में केन्या के अभियान में अहम भूमिका निभाई थी, ने अपने 23 साल पुराने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर को अलविदा कह दिया है। ओबुया, जिन्होंने 2001 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था, अफ्रीकी खेलों के तीसरे स्थान के प्लेऑफ में युगांडा के खिलाफ अपनी टीम की 106 रन की हार के बाद सेवानिवृत्त हुए। 42 वर्षीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में पांच पारियों में 184 रन के साथ केन्या के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी था। आईसीसी के हवाले से ओबुया ने कहा, मैंने 23 साल बाद खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है। केन्या के लिए खेलना एक बड़ा सम्मान है। मैं अपने सभी साथी और अपने परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूं, जो हमेशा मेरे साथ रहे। यह मेरे लिए एक शानदार करियर रहा है, इतने लंबे समय तक खेलने में सक्षम होना बहुत खास है। मुझे अपने करियर पर बहुत गर्व है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं घर पर अपनी कोचिंग पर ध्यान केंद्रित करूं और क्रिकेट के लिए जो भी अच्छा कर सकता हूं वह करूं।" 2044 वनडे रन के साथ, ओबुया केन्या के उन चार खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने वनडे दर्जा छिनने से पहले प्रारूप में 2000 से अधिक रन बनाए हैं। उनके 1794 टी20 रन किसी भी केन्या बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक हैं। उन्होंने 60 अंतर्राष्ट्रीय विकेट भी लिए। लेग-स्पिनिंग ऑलराउंडर की सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी 2011 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 98 रन थी, जो दुर्भाग्य से हार के कारण समाप्त हुई। केन्या के 2011 विश्व कप अभियान के बाद, ओबुया को जिमी कमांडे की जगह टीम का कप्तान बनाया गया। टीम के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2014 के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद उन्होंने दो साल बाद 2013 में इस्तीफा दे दिया। 2003 क्रिकेट विश्व कप में ओबुया के 5-24 ने अफ्रीकी पक्ष को अधिक मजबूत श्रीलंका टीम से लड़ने में मदद की।

# मुंबई रणजी खिलाड़ियों को अब मिलेगा दोगुना वेतन

- यह बढ़ोतरी 2024-25 सीजन से लागू होगी
- सुनील गावस्कर ने भी प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों के वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की मांग की थी



**एजेंसी। मुंबई**
मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने हाल ही में 42वीं बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाले सीनियर पुरुष खिलाड़ियों के लिए 100 फीसदी वेतन बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब वह भी बीसीसीआई के बराबर हर खिलाड़ी को प्रत्येक दिन की मैच फीस देगी। यह बढ़ोतरी 2024-25 सीजन से लागू होगी। इस घोषणा के बाद खिलाड़ियों की आमदनी एक सीजन में दोगुनी हो सकती है। बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक 40 से ऊपर प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले क्रिकेटरों को एक दिन के खेल के लिए 60,000 रुपए मिलते हैं। वहीं 21-40 मैच खेलने वालों के लिए यह आंकड़ा 50,000 रुपए है। 20 से कम मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को एक दिन के 40,000 रुपये मिलते हैं। उदाहरण के तौर पर सलामी बल्लेबाज भूपेन ललवानी ने मुंबई के लिए इस सीजन सभी 10 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और उन्हें मैच फीस के रूप में 17 लाख 20 हजार रुपये मिलेंगे। वहीं इस नियम के लागू होने के बाद अगले सीजन यह आंकड़ा उनके लिए 34.4 लाख रुपये हो सकता है।

इस महीने की शुरूआत में एमसीए ने रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम के लिए 5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की थी। यह बीसीसीआई की पुरस्कार राशि से भी ज्यादा था। एमसीए के इस कदम से उन खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा, जिनके पास आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट नहीं है। एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले ने यह घोषणा करते हुए कहा, जो खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी खेलते हैं, उनकी आमदनी अच्छी होनी चाहिए। मुंबई में रणजी ट्रॉफी और लाल गेंद क्रिकेट का अपना ही महत्व है। मुंबई के पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर ने भी प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों के वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की मांग की थी। उन्होंने बीसीसीआई से घरेलू मैच फीस को कम से कम दोगुना या तिगुना करने का अनुरोध किया था। उनका मानना था कि इससे रणजी ट्रॉफी खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या बढ़ेगी।

## एक नजर

### होली पर्व को लेकर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

**मेदिनीनगर।** होली को रंगों का त्योहार माना जाता है. ऐसे में होली के त्यौहार को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट मोड में है. आपको बता दे कि इन दिनों एक तरफ जहां रमजान का पाक महीना चल रहा है तो वहीं दूसरी तरफ आज होली पर्व का त्यौहार है।ऐसे में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट मोड में है।इसी क्रम में रविवार को सदर सीओ और शहर थाना प्रभारी के नेतृत्व में शहर थाना परिसर से भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती में फलैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारी व जवानों ने शहर के हर गली मोहल्ले में घूम कर लोगों से होली का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मानने की अपील की है। साथ ही जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च के दौरान आम लोगों से अपील की गई की होली पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए. साथ ही सख्त लहजो में यह कहा गया की होली के दौरान उपद्रवियों और सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है और पर्व के दौरान खलल डालने वाले को बक्शा नही जायेगा। मौके पर टिओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, ट्रैफिक पर भारी समाल अहमद, पुलिस के जवान बंटी सिंह, अनिल कुमार सहित भारी संख्या में आईआरबी के जवान शामिल थे।

### अवैध बालू व शराब के धंधे को ले पहले भी हुई थी गोलीबारी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना के सेमरटांड में अवैध बालू और महुआ शराब के धंधे को लेकर दो गुटों में आपसी रंजिश रहती है। पहला गुट राजा भुईया तथा दूसरा गुट रामा चौधरी, श्यामा चौधरी का है। पहले भी राजा भुईयां गुट द्वारा 20 20 में रामा चौधरी को गोली मारी गई थी तथा 2022 में श्याम चौधरी को गोली मारी गई थी। हालांकि दोनों बच गए थे । इसके बाद इधर कुछ दिनों से दोनों पक्षों में समझौता की भी बात चल रही थी। इसी बीच रविवार की सुबह राजेश और सुजीत की हत्या कर दी गई । थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि राजेश साव के खिलाफ चैनपुर थाना में पांच अपराधिक मामला दर्ज है जबकि सुजीत भुईयां के खिलाफ चैनपुर थाना में तीन अपराधिक मामला दर्ज है।
मृतक राजेश साव की मां कौशल्या देवी नें बताया कि रामा चौधरी और श्यामा चौधरी के द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इसकी शिकायत चैनपुर थाना में भी की गई थी। मृतक की मां नें पुलिस पर पक्षपात का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि श्यामा चौधरी की गोलीकांड में ग्यारह लोगों को आरोपी बनाया गया था। जिसमें राजेश और सुजीत की हत्या कर दी गई तथा अन्य आरोपियों की भी हत्या की आशंका है।
कौशल्या देवी ने राम चौधरी,श्याम चौधरी,करू राम, देवा साहू एवं राजा सिंह पर हत्या का आरोप लगाया है। कहा है कि पांचो ने मिलकर उनके बेटे एवं उसके दोस्त की हत्या की है।

### दिशोम बाहा पर्व में उमड़े संताल आदिवासी

**जमशेदपुर।** दिशोम जाहेरथान करनडीह में रविवार को दिशोम बाहा की धूम रही। संताल आदिवासियों का जनसैलाब जमशेदपुर में पूजा-अर्चना को लेकर उमड़ पड़ा। पारंपरिक बाहा गीत से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। शहर से सटे करीब 65-70 गांव व कोल्हान के कोने-कोने से संताल आदिवासियों का जनसैलाब इस दिशोम बाहा में इष्टदेवों की पूजा-अर्चना करने पहुंचा। दिशोम बाहा पर्व में करनडीह जाहेरथान में इतनी भीड़ जुटी कि टाटा-हाता मुख्य सड़क को पांच-छह घंटे के लिए बंद करना पड़ा।

### रांची में होलिका दहन की धूम

**रांची।** झारखंड की राजधानी में रविवार को होलिका दहन धूमधाम से मनाया गया। इसके लिए सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी गयी थी। कई जगहों पर लकड़ी के ढेर रखे गये थे। दिन में होलिका दहनवाले स्थान की साफ-सफाई कर वहां लकड़ी के ढेर को सजाया गया और रात में पूजा-अर्चना कर इसे प्रज्जवलित किया गया। इसके बाद लोगों ने भगवान से नया साल अच्छे से बीते, इसके लिए कामना कर होलिका में पुआ, पकवान और चना का झंगरी, गेहूं की बाली सहित अन्य कुछ अर्पित कर यह फसल अच्छे से घर आये इसकी कामना की।

# कांग्रेस के तथ्यहीन आरोप भाजपा को बदनाम करने की साजिश : सांसद

## घोटालेबाज कांग्रेस के नेता कहते हैं कि ट्रेन से आने-जाने का पैसा नहीं है : अमित

### कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** कांग्रेस 'घोटालेबाज' पार्टी है जो अपने घोटाला पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा और आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें करती है, लेकिन न्यायालय में अपने बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है। आयकर विभाग ने डिफॉल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ के प्रयोग पर ही रोक लगाई है, न कि बैंक अकाउंट को फ्रीज किया है। आयकर मामले में कांग्रेस के द्वारा अपने खाते को फ्रीज' होने की तुलना 'लोकतंत्र की हत्या' से करना, देश का अपमान है। उक्त बातें पलामू के सांसद वीडी राम एवं भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कही। दोनों रविवार को शहर के नावाटोली में स्थित भाजपा के संसदीय चुनाव के लिए स्थापित प्रधान कार्यालय में संयुक्त रूप से पात्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि किसी भी संस्थान या व्यक्ति को तथ्यों के साथ अपील में जाना चाहिए, लेकिन कांग्रेस तथ्यहीन आरोपों से अपनी कमियों को छुपाना और जनता को गुमराह कर सरकार और भाजपा को बदनाम करने की साजिस कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1 लाख 80 हजार करोड़ का कोयला, 1 लाख 76 हजार करोड़ का 2जी स्पेक्ट्रम, 3600 करोड़ का हेलीकाप्टर, 70 हजार करोड़ का कॉमनवैल्थ गेम्स और 5 हजार करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाला किया।राहुल गांधी स्वयं चार्टर्ड प्लेन में घूम रहे हैं, मगर कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने-जाने का भी पैसा नहीं है।

जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि सारे प्रावधानों की जानकारी होने के बावजूद भी कांग्रेस ने 14 लाख नगद चंदा लिया, 105 करोड़ का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र 2.5 करोड़ ही जमा कराया। कांग्रेस ने उस समय कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं किया कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है, क्योंकि कांग्रेस इस बात से सहमत थी कि 105 करोड़ रुपए का आयकर वैध है।कांग्रेस ने आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उन्हें हर जगह मुंहकी खानी पड़ी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई बैंक खाते संचालित हैं और कांग्रेस के पास एक से अधिक पैन कार्ड भी हैं, एक से अधिक पैन कार्ड होना स्वयं कांग्रेस के संविधान के विरुद्ध है।

### पलामू टाइगर रिजर्व के कैमरा ट्रैप में बाघ की तस्वीर कैद हुई



**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के एक कैमरा ट्रैप में एक बाघ की तस्वीर कैद हुई है। लेकिन यहां यह कहना बहुत उचित होगा कि यह बाघ की तस्वीर किसी नई बाघ की नहीं है। बल्कि पहले से ही इस टाइगर रिजर्व में जो बाघ रह रहे हैं।उन्हीं की तस्वीर है। यह आवश्यक नहीं है कि हर कैमरा ट्रैप जो लगा है उसमें बाघ की तस्वीर आ ही जाए कभी कभार यह तस्वीर आती हैं। पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में घूमने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। कि अब उन्हें बाघ भी देखने को मिलेगा । कैमरे में बाघ की जो तस्वीर कैद हुई है वह रात के वक्त की है। जिस इलाके में यह बाघ की तस्वीर कैद हुई है उस इलाके में पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने निगरानी को बढ़ा दी है।

## राजदिरिया मध्य विद्यालय में विराट होली मिलन समारोह



**नावा बाजार (पलामू )।** होली आपसी मिल्लत व भाईचारे का त्यौहार है। त्योहार में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर साल भर की आपसी मतभेदों को भुलाकर नए साल कि शुरूआत अच्छे वातावरण में बिताने का अवसर प्रदान मिलता है। अपने जीवन की हर बुराई को होलिका दहन के दिन ही जलाकर अपने बेहतर भविष्य की परिकल्पना करने का त्यौहार है इस त्यौहार में बच्चे बूढ़े सभी जाति संप्रदाय के लोग रंग उत्सव में भिगोकर एक दूसरे का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं राजदरिया मध्य विद्यालय के प्रांगण में हिंदुओं की परंपरागत होली त्यौहार के साथ यहां गंगा जमुना की तरजीह है मिसल साबित हो रही है यहां हिंदू मुसलमान दोनों समुदाय के लोग एक साथ होली के त्यौहार में बैठकर आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार का आनंद ले रहे हैं यह क्षेत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि है उक्त बातें मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य विश्रामपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर ईश्वर चंद्र सागर उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने नावा बाजार प्रखंड के सोहदाग खुर्द पंचायत अंतर्गत राजदिरिया मध्य विद्यालय परिसर में होली महापर्व के अवसर पर राजदिरिया एवं मल्लाह टोली नवयुवक संकीर्तन मंडली के तत्वाधान में विराट होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को बतौर रूप से कहा। इस होली मिलन समारोह में क्षेत्र के विभिन्न कलाकार ब्यास दिलीप साहनी आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## अपराधियों ने चाकू से गला रेत कर दी दो युवकों की हत्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर सेमर ताड़ निवासी देवनंदन साव के पुत्र राकेश कुमार गुप्ता उम्र 25 वर्ष और पच्चु भुइयां के पुत्र सुजीत कुमार उम्र 30 वर्ष को अज्ञात अपराधियों ने रविवार की सुबह गला रेत कर हत्या कर दी है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर चैनपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वही दुसरी घटना शहर थाना क्षेत्र के नावाटोली में हुआ।वही घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोदार और चैनपुर थाना प्रभारी सोनू चौधरी सदर अस्पताल पहुंच कर मृतक के परिजनों से घटना से संबंधित मामले के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 7 बजे राकेश कुमार और सुजीत कुमार घर के पास नदी में सौच करने गए थे।इसी बीच पहले से घात लगा कर बैठे अपराधियों ने दोनो के उपर हमला कर दिया।हमला में राकेश कुमार को पहले अपराधियों ने गला रेत कर हत्या कर दी।

## तेतराई गोलीकांड में घायल मुखिया से मिले विधायक डॉ मेहता

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी।** पांकी प्रखंड के तेतराई मुख्य बाजार में शुक्रवार की शाम हुई गोली कांड में घायल मुखिया राजेंद्र पांडे के तेतराई स्थित उनके आवास पर रविवार की शाम पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता पहुंचे, इस दौरान विधायक ने उनका हाल-चाल जाना व घटना की जानकारी प्राप्त की, उन्होंने पांकी थाना प्रभारी से इस मामले का तत्काल उद्वेदन करने व दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि जब क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं है तो जनता का क्या हाल होगा, इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि लगातार जनता के बीच एवं जनता की सेवा में दिन-रात लगे रहते हैं ऐसे में यदि उन पर हमला हो रहा है तो यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे एवं पुलिस की चौकसी बड़े ताकि इस तरह की अपराधी घटनाओं पर अंकुश लगे।

मौके पर डंडार पंचायत के मुखिया प्रद्युमन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, पकरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनती वर्मा, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, रवि सिंह, कुंदन सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## द कराटे एकेडमी में बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन




रेड़मा, पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स करते डू फेडरेशन के सचिव क्योशी राशिद अनवर अंसारी ने पलामू जिला कराटे संघ के तमाम खिलाड़ियों का बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट लिए। मौके पर राशिद अनवर अंसारी ने कहा की कराटे में जो खिलाड़ी जितना तप्ता है वह उतना आगे बढ़ता है । कराटे सिर्फ आत्मरक्षा के लिए ही नहीं स्पोर्ट्स के दुनिया में अपना मुकाम बनाने के लिए भी जाना जाता है। आज के समय में कराटे फिजिकल फिटनेस, स्पोर्ट्स और सेल्फ डिफेंस की वजह पूरी दुनिया में लोकप्रिय है। बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट के पश्चात सिहान सुमित वर्मन ने पलामू के तमाम कराटे खिलाड़ियों को अबीर गुलाल लगाते हुए कहा की होली त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत की निशानी है।

## बिरजा गांव करेगा अपने मताधिकार का प्रयोग

**नवीन मेल संवाददाता। ऊंटारी रोड**



खबर का असर

देश में हो रहे सबसे बड़े चुनाव पर्व में कुछ दिनों पहले ऊंटारी रोड प्रखंड के जोगा पंचायत के बिरजा गांव से खबर आई कि सैंकड़ों ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से मताधिकार का प्रयोग नही करने का निर्णय लिया है। उनका कहना था कि राजनीतिक षड्यंत्र से 1960 से बिरजा मध्य विद्यालय में बने बूथ को 2009 में मध्य विद्यालय कूल्ही में कर दिया गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू के निर्देश में निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक कल दिनांक 24 मार्च दिन रविवार को बैठक की गई। जिसमें लोकतंत्र में मतदान की अतिमहत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। ग्रामीणों द्वारा बूथ परिवर्तन का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता पलामू श्री कुंदन कुमार द्वारा कहा गया कि अभी तुरंत तो संभव नही है इस आम निर्वाचन में मतदान पुराने बूथ में ही करना होगा परंतु ग्रामीणों के द्वारा सुझाए गए प्रस्ताव को उचित माध्यम से नियमानुसार उपयुक्त कार्रवाई करने का प्रयास किया जायेगा। ग्रामीणों ने आधार कार्ड एवम मतदाता पहचान पत्र में गांव के नाम में अंतर की भी चर्चा की जिसमें सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विश्रामपुर श्री चंद्र देव प्रसाद के द्वारा बुधवार को कैंप लगा कर त्रुटि को सही करने की बात कही गई। ऊंटारी रोड प्रखंड का चिन्हित वल्नरेबल बूथ मध्य विद्यालय में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 186 है। बताते चलें कि वल्नेरेबल बूथ ऐसे बूथ को कहा जाता है जहां सामान्य मतदान किसी खास वर्ग या व्यक्ति के द्वारा प्रभावित होता है। ऐसे सभी वर्ग एवम व्यक्ति को चिन्हित करते हुए उपयुक्त कार्यवाई किया जाना होता ताकि सामान्य मतदान बहाल किया जा सके। बैठक में प्रशिक्षु आईपीएस सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री राकेश सिंह ने कहा कि इस लोकतंत्र को स्थापित करने का सबसे मजबूत आधार आपका अपना मताधिकार है,आपको हर हाल में इसका प्रयोग करना ही चाहिए। ऊंटारी रोड बीडीओ सुश्री आशा साहू ने बिरजा के सभी ग्रामीणों से अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए सौ फीसदी मतदान का आग्रह किया। सभी पदाधिकारियों के साथ बूथ अवेयरनेस ग्रुप के बैठक में आपसी बात चीत के बाद ग्रामीणों ने कहा कि वो निश्चित रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मौके पर बीएलओ,बीएलओ पर्यवेक्षक,सेक्टर पदाधिकारी, जोगा पंचायत की मुखिया भी बूथ अवेयरनेस ग्रुप के बैठक में उपस्थित थी।

## हुसैनाबाद में होली और चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

**हुसैनाबाद।** होली और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर रविवार को पुलिस प्रशासन का फ्लैग मार्च निकाला गया।इसमें हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय से निकाले गए फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने की। फ्लैग मार्च के दौरान शहर के छतरपुर रोड, नहर मोड़ ,जपला मुख्य बाजार, जेपी चौक, दंगवार रोड,जपला हैदरनगर रोड समेत क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान एसडीओ, एसडीपीओ ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव और होली जैसे पर्व को लेकर फ़्लैग मार्च निकाला गया।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू में स्वास्थ्य सुविधा की जा रही चुस्त दुरुस्त

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव को ले कर पलामू जिले में स्वास्थ्य चिकित्सा चुस्त दुरुस्त किया जा रहा है। शनिवार को झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार के द्वारा एक गहन समीक्षा बैठक की गई थी। इस बैठक में श्री के रवि कुमार ने मेडिकल प्लान के बारे में जानकारी प्राप्त कि। कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार जो पलामू के अपर समाहर्ता है ने प्रेस को बताया के पलामू प्रशासन ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पलामू जिला के मेडिकल प्लान से अवगत कराया गया। पलामू जिले में 10 समुदाय स्वास्थ्य केंद्र है और जिला मुख्यालय डाल्टनगंज में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भी है। पूरे पलामू जिला में 79 डॉक्टर है और मेडिकल पैरा कर्मियों की संख्या 1195 है। इस 1195 पैरामेडिकल में एएनएम, जीएनएम फार्मासिस्ट, एलटी, उल्डड , एमपीडब्ल्यू इत्यादि स्वस्थ कर्मी हैं। श्री के रवि कुमार ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि यहां के प्रत्येक मतदान केंद्र पर कम से कम एक स्वास्थ्य कर्मी हो जिसे दवा और दवा खिलाने के बारे में एक मोटी जानकारी हो।

पलामू जिला में मतदान केंद्रों की संख्या 1796 है।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हर एक बूथ पर एक डॉक्टर की तैनाती भी होनी चाहिए। अब प्रश्न यह है कि पलामू जिले में कुल मिलाकर 79 ही डॉक्टर से और मेडिकल पैरा कर्मी 1195 ऐसी स्थिति में किसी भी समुदाय स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल को डॉक्टर या पैरा कर्मी से खाली नहीं रखा जा सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है के पलामू जिले में 17 आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पताल है। यह 17 अस्पताल प्राइवेट अस्पताल है जो आयुष्मान भारत योजना के पैनल पर है। सूत्रों की माने तो संभावता इन 17 पैनल अस्पताल जो आयुष्मान भारत योजना से जुड़े हैं उनके डॉक्टर या पैरा कर्मी की सुविधा ली जा सकती है। अभी निर्णय नहीं हो पाया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है के मतदान कर्मियों को मेडिकल किट हर हाल में मुहैया कराया जाए।

पलामू में मतदान 13 मई को है और चतरा लोकसभा के लिए मतदान 20 मई को है । इन दोनों तिथियां में मौसम और गर्मी का क्या हाल होगा ये अभी से कहना मुश्किल है। लेकिन पिछले 3 सालों का अगर विवरण देखा जाए तो पलामू मई के महीना में पूरा तपता है।

## पेज एक के शेष

### हेमंत सोरेन ने ...

उनकी याचिका स्वीकार नहीं की और खारिज कर दी। इस कारण वह सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हो सके और अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को नहीं उठा सके। सुप्रीम कोर्ट से उन्होंने हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है।

### आरपीएफ ने 24 किलो गांजा ...

आधार पर उसके सामानों की जांच की गई तो गांजा बरामद किया गया। इसके बाद रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार डीडी किट से जांच किया गया जो पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद एएसआई रवि शेखर ने गांजा जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

### लातेहार में 44 लाख रुपये के...

अफीम, गांजा और डोडा बरामद हुआ। इसकी कीमत खुले बाजार में लगभग 44 लाख 22 हजार रुपये आंकी जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं, जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। पत्रकार वार्ता में बालूमाथ डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम, लातेहार डीएसपी अरविंद कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। छापेमारी दल में बालूमाथ डीएसपी, बालूमाथ थाना के थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय, पुअनि बिकास कुमार, पुअनि होसेन डांग, सअनि रामजी ठाकुर, सअनि संजय चौधरी, सअनि चंद्रशेखर दुबे आदि शामिल थे।

### मैं यह चुनाव 5 लाख से ...

राजमार्ग मंत्री के रूप में वह जो भी काम कर सके, उसका श्रेय मतदाताओं को जाता है जिन्होंने उन्हें चुना। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में मैंने नागपुर में 1 लाख करोड़ रुपये के विकास कार्य किए हैं। यह एक न्यूजरील है। असली फिल्म अभी शुरू होनी बाकी है। मैं आपसे वादा करता हूं कि मैं नागपुर को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों में ले जाऊंगा। गडकरी ने कहा कि उनकी राजनीतिक विरासत पर भाजपा कार्यकताओं का अधिकार है। उन्होंने कहा, मेरा कोई भी बेटा राजनीति में नहीं है। मैंने अपने बेटों से कहा कि अगर वे राजनीति में आना चाहते हैं, तो पहले दीवारों पर पोस्टर चिपकाएं और जमीनी स्तर पर काम करें। मेरी राजनीतिक विरासत पर भाजपा कार्यकर्ताओं का हक है।

### लोस चुनाव : दिल्ली की राजनीति में...

शिल्पा नेहा तिर्की लोहरदगा संसदीय सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं। वहीं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद हजारीबाग, दीपिका पांडेय गोड्डा और पूर्णिमा नीरज सिंह धनबाद संसदीय सीट से दावा कर रही हैं। इन महिला विधायकों की दावेदारी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब देखना यह है कि कांग्रेस या फिर गठबंधन की ओर से ये महिला विधायक टिकट लेने में सफल हो पाती हैं या पार्टी नेतृत्व का विश्वास हासिल करने के लिए और मेहनत करने की जरूरत है। चतरा से विपक्षी गठबंधन ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। लेकिन मंत्री सत्यानंद भोक्ता राजद की ओर से अपनी दावेदारी पेश कर चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। इस सीट पर 2019 की चुनाव में भाजपा की टिकट से सुनील सिंह चुनाव जीते थे। लेकिन अभी तक भाजपा ने किसी नाम की घोषणा नहीं की है। जबकि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा की सक्रीय राजनीति से अलग रहने की घोषणा के बाद उनके जगह पर भाजपा ने सदर विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग संसदीय सीट से उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर विपक्षी गठबंधन की ओर से मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल और बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के नाम की चर्चा है। लोहरदगा सीट से भाजपा इसबार समीर उरांव को मैदान में उतारा है। जबकि गठबंधन ने प्रत्याशी की घोषणा अभी तक नहीं की है। लोहरदगा सीट से मांडर की कांग्रेस विधायक नेहा शिल्पी तिर्की ने चुनाव लड़ने का दावा किया है। बहरहाल इंडी गठबंधन की ओर से प्रत्याशियों की नाम पर जल्द ही अंतिम फैसला होने वाला है। अब देखना यह है कि झारखंड राजनीति में सक्रीय भूमिका निभानेवाले इन दावेदारों में से किनके सितारे बुलंद होंगे।

### भाजपा ने 111 लोकसभा ...

पूर्वी चंपारण से राधा मोहन सिंह, महराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सारण से राजीव प्रताप रूडी, उजियारपुर से नित्यानंद राय, बेगूसराय से गिरिराज सिंह, आरा से आरके सिंह, नवादा से विवेक ठाकुर, गुजरात के जूनागढ़ से राजेशभाई चुडासमा एवं वडोदरा से हेमंग योगेशचंद्र जोशी, हरियाणा के हिसार से रणजीत चौटाला, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से राजीव भारद्वाज, झारखंड के दुमका से सीता सोरेन, कर्नाटक के बेलगाम से जगदीश शेट्टार, केरल के वायनाड से के. सुरेंद्रन, राजस्थान के जयपुर से मंजू शर्मा और सिक्किम से दिनेश चंद्र नेपाल सहित तेलंगाना और पश्चिम बंगाल से भी उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। इसके साथ ही भाजपा ने सिक्किम में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी अपने 14 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है।




## एक नजर

### पूर्व वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** पूर्व वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और पार्टी महामंत्री विनोद तावड़े की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने के बाद भदौरिया ने कहा कि उन्होंने 40 सालों तक वायुसेना में काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल से जुड़े उनके कैरियर के 8 साल सबसे बेहतरीन रहे हैं। इस दौरान उन्होंने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की देश की सुरक्षा और क्षमता को बढ़ाने में किए गए कामों से आज सेना में नया आत्मविश्वास आया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि विकसित और सुरक्षित भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही संभव है।

### इंडोनेशिया में 5.7 तीव्रता का आया भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में रविवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की तरफ से ये जानकारी आई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार सुबह एंडे से 85 किमी दक्षिण पूर्व में आए भूकंप का केंद्र 9.44 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 122.15 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। इसकी गहराई 49.5 किमी थी। एजेंसी ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है। इंडोनेशिया एक द्वीपसमूह देश है, यहां ज्वालामुखी और भूकंप की एक टेक्टॉनिक बेल्ट, प्रशांत रिंग ऑफ फायर के साथ स्थित है, जिसके चलते भूकंप का खतरा रहता है।

### बंगाल में ईडी हमला मामले में सीबीआई ने एक और को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में 5 जनवरी को ईडी और सीएपीएफ पर हुए हमले के एक और आरोपी सैफुद्दीन मोल्ला को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। संदेशखाली में एक स्थानीय किराने की दुकान के मालिक मोल्ला को निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां का करीबी माना जाता है। शाहजहां हमले के पीछे कथित मास्टरमाइंड है। सूत्रों ने कहा कि शाहजहां और अन्य आरोपियों से पूछताछ के बाद सीबीआई को पता चला कि सैफुद्दीन मोल्ला ने 5 जनवरी को ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमला करने वाली भीड़ को इकट्ठा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# सीजेआई का वीडियो वायरल कर किया गया ट्रोल

**सीजेआई ने कहा : अदालत में वकील या वादी सीमा पार करते हैं, तो इसका उत्तर यह नहीं कि अवमानना की शक्ति का उपयोग किया जाए, बल्कि यह समझना जरूरी है कि उन्होंने यह सीमा क्यों पार की**

**कहा गया, इतने अहंकारी हैं कि अदालत में एक महत्त्वपूर्ण बहस के बीच में उठ गए**

**जबकि लंबी सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने महज बैठने की स्थिति बदली थी**



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को इलेक्शन बॉन्ड पर लंबी सुनवाई के दौरान कमर दर्द से राहत पाने के लिए कुर्सी पर बैठने की स्थिति बदलने पर ट्रोल होना पड़ा। सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग से लिया गया उनका वीडियो वायरल करके कुछ लोगों ने उनकी छवि बिगाड़ने वाली टिप्पणी की और ट्रोल किया गया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उसका जिक्र बंगलुरू में आयोजित कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ के सम्मेलन में किया। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के पास काफी काम होता है और परिवार तथा अपनी देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाने के कारण उन्हें उपयुक्त रूप से काम करने में मशक्कत करनी पड़ सकती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, तनाव का प्रबंधन करना और कामकाज एवं जीवन के बीच संतुलन बनाने की क्षमता पूरी तरह से न्याय प्रदान करने से जुड़ी हुई है। दूसरों के घाव भरने से पहले आपको अपने घाव भरना सीखना चाहिए। यह बात न्यायाधीशों पर भी लागू होती है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के इस 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद, अपने एक हालिया व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि एक अहम सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग के आधार पर हाल में उनकी आलोचना की गई। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, महज चार-पांच दिन पहले जब मैं एक मामले की सुनवाई कर रहा था, मेरी पीठ में थोड़ा दर्द हो रहा था, इसलिए मैंने बस इतना किया था कि अपनी कोहनियां अदालत में अपनी कुर्सी पर रख दीं और मैंने कुर्सी पर अपनी मुद्रा बदल ली। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई टिप्पणियां की गई, जिनमें आरोप लगाया गया कि प्रधान न्यायाधीश इतने अहंकारी हैं कि वह अदालत में एक महत्त्वपूर्ण बहस के बीच में उठ गए।

प्रधान न्यायाधीश ने उल्लेख किया, उन्होंने आपको यह नहीं बताया कि मैंने जो कुछ किया वह केवल कुर्सी पर मुद्रा बदलने के लिए था। 24 वर्षों से न्यायिक कार्य करना थोड़ा श्रमसाध्य हो सकता है, जो मैंने किया है। उन्होंने कहा, मैं अदालत से बाहर नहीं गया। मैंने केवल अपनी मुद्रा बदली, लेकिन मुझे काफी दुर्व्यवहार, ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा लेकिन मेरा मानना है कि हमारे कंधे काफी चौड़े हैं और हमारे काम को लेकर आम लोगों का हम पर पूरा विश्वास है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के समान ही तालुक अदालतों में (न्यायाधीशों को) सुरक्षा नहीं मिलने के संदर्भ में, उन्होंने एक घटना को याद किया, जिसमें एक युवा दीवानी न्यायाधीश को बार के एक सदस्य ने धमकी दी थी कि अगर उन्होंने उसके साथ ठीक से व्यवहार नहीं किया तो वह उनका तबादला करवा देगा। कामकाज और जीवन के बीच संतुलन तथा तनाव प्रबंधन इस दो दिवसीय सम्मेलन के विषयों में से एक था। इस बारे में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण है, खासकर जिला न्यायाधीशों के लिए। उन्होंने कहा कि अदालतों में आने वाले कई लोग अपने साथ हुए अन्याय को लेकर तनाव में रहते हैं।

उन्होंने कहा, प्रधान न्यायाधीश के रूप में, मैंने बहुत से वकीलों और वादियों को देखा है, जब वे अदालत में हमसे बात करते समय अपनी सीमा पार कर जाते हैं। जब ये वादी सीमा पार करते हैं तो इसका उत्तर यह नहीं है कि अदालत की अवमानना की शक्ति का उपयोग किया जाए, बल्कि यह समझना जरूरी होता है कि उन्होंने यह सीमा क्यों पार की।

**जदयू ने लोस चुनाव के लिए बिहार में 16 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की**

# दो सांसदों का कटा टिकट

**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव के लिए जदयू ने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी कार्यालय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सहमति से वरिष्ठ नेता वशिष्ट नारायण सिंह ने रविवार को 16 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। इसमें पांच अति पिछड़े, छह पिछड़े, तीन सवर्ण, एक दलित और एक मुस्लिम प्रत्याशी हैं। इसके साथ पार्टी ने अपने दो वर्तमान सांसदों का टिकट काट दिया है। सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू और सिवान से कविता सिंह बेटिकट कर दी गयी हैं।

### भाजपा के सहमति से तय किये गये उम्मीदवार

राष्ट्रीय महासचिव संजय झा ने बताया कि भाजपा से बातचीत कर जदयू ने उम्मीदवारों की सूची जारी की है। भाजपा भी आज उम्मीदवारों के नाम जारी करेगी। दोनों पार्टियों ने आपस में बातकर पूरी सूची तैयार की है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि एनडीए एकजुट है। सीटों के बंटवारे से लेकर उम्मीदवारों के चयन में कहीं कोई विवाद नहीं हुआ। दूसरी ओर, महागठबंधन में सिर फुटव्वल की स्थिति है। कोई सिंबल लेकर भाग रहा है तो कोई सीट बंटवारे के लिए गिड़गिड़ा रहा है। इससे साफ है कि एनडीए बिहार में 40 की 40 सीट जीतने वाली है।



**किसे कहां से मिला टिकट**

- वाल्मिकीनगर- सुनील कुमार
- शिवहर-लवली आनंद
- सीतामढ़ी-देवेश चंद्र ठाकुर
- झंझारपुर-रामप्रीत मंडल
- सुपौल-दिलेश्वर कामत
- कटिहार-दुलालचंद
- पूर्णिया-संतोष कुशवाहा
- मधेपुरा-दिनेश चंद्र यादव
- गोपालगंज-आलोक कुमार सुमन
- सिवान-विजयलक्ष्मी कुशवाहा
- भागलपुर-अजय कुमार मंडल
- बांका-गिरधारी यादव
- मुंगेर-राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह
- नालंदा-कौशलेंद्र कुमार
- जहानाबाद-चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी
- किशनगंज-मुजाहिद आलम उर्फ मास्टर मुजाहिद

### भारत के साथ व्यापारिक संबंधों की दोबारा बहाली पर विचार कर रहा है पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को दोबारा बहाल करने का संकेत दिया गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों की बहाली पर गंभीरता से विचार करने की इच्छा व्यक्त की। परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन के बाद लंदन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि भारत के साथ व्यापार गतिविधियों को फिर से शुरू करने को लेकर पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय उत्सुक है। भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से बहाल करने पर पाकिस्तान गंभीरता से विचार करेगा। डार ने कहा कि हम सभी हितधारकों के साथ बैठेंगे और देखेंगे कि आर्थिक गतिविधियों और व्यापार को लेकर क्या किया जा सकता है। मालूम हो कि भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को रद्द करने के बाद पाकिस्तान की तरफ से व्यापारिक संबंधों को एकतरफा रोकने का फैसला किया था।

# लोस के मैदान में यूपी के 7 विधायकों की अग्नि परीक्षा

**एजेंसी। लखनऊ**

आगामी लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश के सात विधायकों की अग्नि परीक्षा होगी। इन सभी विधायकों को उनके संबंधित दलों ने लोकसभा का टिकट दिया है। इनमें सबसे ज्यादा समाजवादी पार्टी से हैं। सपा ने पांच विधायकों को मैदान में उतारा है जबकि एक-एक प्रत्याशी विधायक भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल से हैं। सपा ने अपने वरिष्ठतम नेता शिवपाल यादव को बदायूं से टिकट दिया है। वह इटावा में जसवंतनगर से विधायक हैं। बदायूं पार्टी के लिए सुरक्षित सीट मानी जाती है। यहां चार लाख यादव और साढ़े तीन लाख मुस्लिम मतदाता हैं जो पारंपरिक तौर पर सपा का वोट बैंक रहे हैं। बदायूँ में मौजूदा सांसद भाजपा की संघमित्रा मौर्य हैं, जो स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी हैं। उनकी उम्मीदवारी अभी तक अनिश्चित है। इसका मुख्य कारण उनके पिता की बदलती राजनीतिक वफादारी और सनातन धर्म के खिलाफ उनके बयान हैं। संभल में सपा ने जियाउर्रहमान बर्क को मैदान में उतारा है, जो मुरादाबाद से सपा विधायक हैं। संभल से मौजूदा सांसद सपा के शफीकुर-रहमान बर्क थे जिनका हाल ही में निधन हो गया। जियाउर-रहमान उनके पोते हैं। समाजवादी पार्टी ने अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। वर्मा वर्तमान में इसी नाम के विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वह बसपा के पूर्व सांसद रितेश पांडे को चुनौती देंगे जो अब इस निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं। फैजाबाद में मिल्कीपुर से सपा विधायक अवधेश प्रसाद पार्टी के उम्मीदवार हैं। वह भाजपा के लल्लू सिंह को चुनौती देंगे जो लोकसभा में तीसरे कार्यकाल की तलाश में हैं। सपा ने अपने वरिष्ठ विधायक रविदास मेहरोत्रा को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के खिलाफ लखनऊ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए चुना है।

## सुकमा : डोडीतुमनार-गोंडपल्ली में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**एजेंसी। सुकमा**

जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र अंर्तगत डोडीतुमनार व गोंडपल्ली के बीच पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। मारे गए नक्सली की पहचान आवलम पोदिया के रूप में की गई है। मुठभेड़ में मारा गया नक्सली बीजापुर जिले के गंगालूर एरिया कमेटी का सदस्य है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने मौके से एक हथियार व नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। बीजापुर एसपी अजय यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सभी जवान अभियान से आज रविवार सुबह सुरक्षित कैंप वापस लौटे हैं। अग्रिम कार्यवाही किया की जा रही है। पुलिस से मिली लानकारी के अनुसार जिला सुकमा/बीजापुर/दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में डीआरजी, बस्तर फाईटर्स, कोबरा एवं एसटीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान हेतु रवाना हुये थे। अभियान के दौरान शनिवार को प्रातः 08:30 बजे थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डोडीतुमनार व गोन्दपल्ली के मध्य जंगल पहाड़ी में डीआरजी, बस्तर फाईटर्स एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान 1 पुरूष नक्सली का शव 1 हथियार के साथ बरामद किया गया है।

### वीरप्पन की बेटी तमिलनाडु के कृष्णागिरि से लोस चुनाव लड़ेंगी



**चेन्नई।** मारे गए चंदन तस्कर और डाकू वीरप्पन की बेटी विद्या रानी ने शनिवार को कहा कि वह तमिलनाडु के कृष्णागिरि निर्वाचन क्षेत्र से आगामी लोस चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कुछ दिन पहले भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। विद्या रानी ने एक बयान में कहा कि वह नाम तमिलर काची के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि उनके पिता लोगों की सेवा करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इसके लिए जो तरीका चुना वह उचित नहीं था। उन्होंने कहा कि वह लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आई हैं। विद्या रानी पेशे से वकील हैं।

# इंडिया गठबंधन की 31 मार्च को रामलीला मैदान में महारैली

**केन्द्र सरकार इस तरह की रैली नहीं होने देने के लिए कटिबद्ध**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तार कराये जाने के विरोध में इंडिया गठबंधन 31 मार्च को रामलीला मैदान में महारैली आयोजित करेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस व आम आदमी पार्टी ने पहली संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। इस दौरान आम आदमी पार्टी नेता व मंत्री गोपाल राय ने कहा कि मोदी सरकार विपक्ष को खत्म करने की तैयारी कर रही है। इसलिए इंडिया गठबंधन देश को बचाने के लिए 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करेगा। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि विपक्ष को समान मौके नहीं दिए जा रहे, कांग्रेस के खातों पर रोक हैं, मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च की महारैली 'राजनीतिक' नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र को बचाने, केंद्र के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान है। इस दौरान यह भी चर्चा है कि केन्द्र सरकार दिल्ली के रामलीला मैदान में 31 मार्च को इंडिया गठबंधन नहीं होने देने का हर प्रयत्न करेगी। दिल्ली पुलिस जो कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है, उसके मार्फत लोगों रामलीला मैदान जाने से रोका जाएगा। वहां जाने नहीं दिया जाएगा । चार लोगों को एक जगह इकट्ठा नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए कहा जाएगा कि किसान आंदोलन के समय से ही दिल्ली में धारा 144 लागू है।



### महुआ ने पत्र लिखकर चुनाव आयोग से की सीबीआई की शिकायत



**कोलकाता।** घूस लेकर संसद में सवाल पूछने की वजह से बर्खास्त की गईं तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा को अब सीबीआई की छापेमारी रास नहीं आ रही है। कृष्णानगर से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार मोइत्रा ने रविवार को चुनाव आयोग को पत्र लिख इसकी शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई उनके चुनाव प्रचार अभियान को रोकने और उनकी छवि बिगाड़ने के लिए है।

# भारत में टीबी वैक्सीन का क्लिनिकल ट्रायल शुरू

**एजेंसी। हैदराबाद**

भारत में स्पेनिश ट्यूबरक्लोसिस वैक्सीन एमटीबीवीएसी का क्लिनिकल ट्रायल शुरू हो गया है। इंसानों से टीबी के वायरस को अलग कर उन्हें कमजोर कर टीके में इस्तेमाल करने वाला यह पहला ट्रायल है जो भारत बायोटेक द्वारा एक स्पेनिश बायोफार्मास्युटिकल कंपनी बायोफैब्री के साथ मिलकर किया जा रहा है। कंपनियों ने रविवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि एमटीबीवीएसी की सुरक्षा और दक्षता का मूल्यांकन करने के लिए परीक्षण 2025 में शुरू होगा। बायोफैब्री के सीईओ एस्टेबन रोड्रिग्ज ने कहा, तीन दशकों से अधिक के शोध के बाद, देश में युवकों और नाबालिग में ट्रायल करने के लिए यह एक बड़ा कदम है, जहां दुनिया के 28 प्रतिशत टीबी के मामले सामने आते हैं। फिलहाल टीबी के खिलाफ लड़ाई में केवल एक टीका बीसीजी (बैसिलस कैलमेट और गुएरिन) है। यह 100 वर्ष से अधिक पुराना है और फेफड़े से संबंधित टीबी की बीमारी पर यह बहुत ज्यादा असरदार नहीं है। इसलिए इस नए टीके की जरूरत है, जो ग्लोबल वैक्सिनोलॉजी में एक मील का पत्थर साबित होगा और इसे सार्वजनिक-निजी, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का एक उदाहरण बताया गया है।



भारत बायोटेक के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा एला ने कहा, "भारत में क्लिनिकल ट्रायल के साथ ट्यूबरक्लोसिस के खिलाफ अधिक असरदार टीके की हमारी खोज को आज एक बड़ा बढ़ावा मिला है। युवाओं में बीमारी को रोकने के लिए टीबी के टीके विकसित करने का हमने लक्ष्य रखा और आज एक बड़ा कदम उठाया है। टीबी के टीकों का आविष्कार करने के इस प्रयास में हम बायोफैब्री, डॉ. एस्टेबन रोड्रिग्ज और डॉ. कार्लोस मार्टिन के साथ साझेदार बनकर अच्छा महसूस कर रहे हैं।"

फेज 2 डोज खोजने का ट्रायल पूरा होने के बाद, साल 2023 में नवजात शिशुओं में एक डबल-ब्लाइंड, कंट्रोल्ड फेज 3 क्लिनिकल ट्रायल शुरू हो गया है, जिसमें टीके की तुलना मौजूदा बीसीजी वैक्सीन से की जाएगी। दक्षिण अफ्रीका के 7,000 नवजात शिशुओं, मेडागास्कर के 60 और सेनेगल के 60 नवजात शिशुओं को टीका लगाया जाएगा। आज तक, 1,900 से अधिक शिशुओं को टीका लगाया गया है। कोरोनावायरस महामारी के दौरान लगाए गए प्रतिबंधों के कारण संक्रमण में बढ़ोतरी हुई और इलाज में कमी आई। इस वजह से एक साल में टीबी से होने वाली मौतें 16 लाख से अधिक हो गईं। एचआईवी असंक्रमित युवाओं में डोज बढ़ोतरी, ट्रायल पूरा करने के बाद, एचआईवी संक्रमित युवाओं में फेज दो का शोध 2024 में शुरू हो गया है, जिससे यह तय किया जा सके कि एमटीबीवीएसी इस आबादी में सुरक्षित है या नहीं। दक्षिण अफ्रीका में 16 स्थानों पर चल रहे इस परीक्षण में 276 वयस्कों का टीकाकरण शामिल है, जो एमटीबीवीएसी के टीकाकरण वाले एचआईवी-नकारात्मक और एचआईवी-पॉजिटिव वयस्कों और किशोरों में सुरक्षा और प्रतिरक्षात्मकता का मूल्यांकन कर रहा है।

### जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में दो आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने रविवार को कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। सेना ने कहा कि सुरक्षा बलों ने जिले के लुखभवन और लारकीपोरा इलाकों में रात को ऑपरेशन चलाया, इस दौरान दोनों को गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए हथियारों और गोला-बारूद में एक पिस्तौल, हथगोला, आईईडी और अन्य सामग्री शामिल हैं। सेना ने कहा, "आगे की जांच जारी है।" गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादी किस आतंकी संगठन से जुड़े हुए हैं, ये जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# लुइसियाना में बाइडेन ट्रंप ने जीती प्राइमरी

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लुइसियाना में अपनी-अपनी डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन प्राइमरी जीत ली है। बाइडेन और ट्रंप ने अपनी-अपनी पार्टी के 2024 के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए पर्याप्त प्रतिनिधि सुरक्षित कर लिए हैं। मिसौरी में भी शनिवार को डेमोक्रेटिक प्राइमरी हुई, लेकिन नतीजे अगले सप्ताह जारी किए जाएंगे। 19 मार्च को बाइडेन और ट्रंप ने ओहायो, फ्लोरिडा, इलिनोइस, कैनसस और एरिजोना राज्यों में अपनी-अपनी पार्टी की प्राइमरीज जीतीं। कई हफ़्तों के अभियान, स्पीच और वोटिंग के बाद, अमेरिकियों को एक ऐसी



वास्तविकता का सामना करना पड़ रहा है जिससे उन्होंने बचने की कोशिश की थी। 1956 के बाद पहली बार राष्ट्रपति पद का मुकाबला एक बार फिर पिछली बार की तरह होगा जब ट्रंप और बाइडेन आमने सामने थे। एक सर्वे के मुताबिक, दो-तिहाई अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उन्हीं दो उम्मीदवारों को देखकर ऊब गए हैं और किसी नए व्यक्ति को चाहते हैं। सर्वे से यह भी पता चला कि केवल एक चौथाई अमेरिकी ही टू-पार्टी सिस्टम से संतुष्ट हैं।